@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
सोमवार, 18 अगस्त 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 278 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

### राहुल गांधी के आरोप और चुनाव आयोग के जवाब...

## तथ्यों और तर्कों के साथ ईसी ने दिखाया आईना

**'चुनाव आयोग चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा'**

**एजेंसी**

**मथुरा।** चुनाव आयोग ने रविवार को नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राहुल गांधी का नाम लिए बिना चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- PPT प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं है। वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगे। 7 दिन में हलफनामा नहीं मिला तो आरोपों को निराधार समझा जाएगा। एक पार्टी के साथ साठगांठ के आरोपों पर CEC ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं।

**● प्रेजेंटेशन में दिखाया डेटा हमारा नहीं, वोट चोरी के आरोपों पर हलफनामा दें या देश से माफी मांगें**



अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है।

CEC ने कहा- कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है। राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस दौरान कहा जब चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रख कर भारत के मतदाताओं को निशाना बना कर राजनीति की जा रही हो, तो आज चुनाव आयोग सबको स्पष्ट करना चाहता है कि चुनाव आयोग निडरता के साथ सभी गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा सहित सभी वर्गों और धर्मों के मतदाताओं के साथ बिना किसी भेदभाव के चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

## सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की घोषणा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद प्रत्याशी होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। राज्यपाल के तौर पर उनके पास लंबा प्रशासनिक अनुभव रहा है।

**भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बयानः** एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे एनडीए साथियों के साथ भी गहन रूप से चर्चा हुई। इसके बाद आज मुझे बताते हुए ये खुशी हो रही है और



आपको ये खुशखबरी देना चाहते हैं कि संसदीय बोर्ड की बैठक में जिसका नेतृत्व पीएम मोदी ने किया। इस दौरान सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और कई नामों पर मंथन किया गया, सुझाव भी मांगे गए और इसके बाद फिर तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में हमारे महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे।

### बंगाल में 22 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी नई मेट्रो रूटों का करेंगे उद्घाटन

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 22 अगस्त को पश्चिम बंगाल में नई मेट्रो रूटों का उद्घाटन करेंगे। इनमें नोआपाड़ा से जयहिंद तक नवनिर्मित येलो लाइन, हेमंत मुखर्जी से बेलियाघाटा तक ऑरेंज लाइन और सियालदह से एस्प्लेनेड तक ग्रीन लाइन-1 और 2 शामिल हैं। इसके अलावा कई नई मेट्रो ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। संबंधित विभागों में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। जारी पत्र में लिखा है, केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में रेल सेवाओं और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्तमान में, राज्य में लगभग 83765 करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं।

## महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र के कई जिलों में भारी बारिश से नदियां उफान पर

*प्रशासन अलर्ट पर*

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से रविवार को कई नदियां उफान पर बह रही हैं। इससे निचले इलाकों में बसे लोगों को डर सताने लगा है। हालांकि इन जिलों में जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और ऐसे इलाकों में बसे लोगों को स्थानांतरित होने की अपील की जा रही है। राज्य आपदा परिचालन केंद्र ने रविवार को बताया कि रत्नागिरी जिले में पिछले दो दिनों से बारिश जारी है।

चिपलून में भारी बारिश जारी है और शहर में कुछ जगहों पर सड?ों पर बारिश का पानी जमा हो गया है। वर्तमान में वशिष्ठी नदी का जल स्तर बढ?र 4.52 मीटर तक पहुंच गया है। चेतावनी स्तर 5 मीटर है। कोलकेवाड़ी बांध का जलस्तर 133.85 मीटर तक पहुंच गया है। कोलकेवाड़ी बांध में पानी कम करना आवश्यक है, इसलिए एक मशीन चालू की जा रही है। इस बीच, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है



कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान दें। रत्नागिरी जिले में पिछले 24 घंटों में औसतन 83.33 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसमें से खेड़ तहसील में सबसे अधिक 178.71 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि चिपलून और दापोली में 125 मिमी और मंदनगढ़ में 116 मिमी बारिश दर्ज की गई। उत्तरी रत्नागिरी में बारिश का सिलसिला जारी है।खेड़ में जगबुड़ी नदी खतरे के निशान (7 मीटर) को पार कर गई है और इसका जलस्तर वर्तमान में 7.20 मीटर तक पहुँच गया है। इसके कारण खेड़ शहर के मच्छी बाजार क्षेत्र में पानी घुस गया है। जगबुड़ी नदी के किनारे रहने वाले निवासियों और बाज़ार के व्यापारियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## जमू-कश्मीर के कठुआ में 3 जगह बादल फटा

**▶▶ 7 लोगों की मौत, कई घायल**

**एजेंसी**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। आज कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। आज सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है।

**हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही**



### जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना

वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 17-19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है।

**वोटर अधिकार यात्रा**

## बिहार में वोट चोरी का सपना पूरा नहीं होने देंगे : राहुल

**एजेंसी**

**सासाराम, बिहार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी महाराष्ट्र तथा कर्नाटक की तरह वोट चोरी की साजिश हो रही है लेकिन अब वह जनता को जगाने के लिए सड़क पर आ गए हैं और इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा। श्री गांधी ने बिहार के सासाराम में रविवार को वोटर अधिकार यात्रा शुरु करने से पहले आयोजित विशाल जन समारोह संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार में वोटों की चोरी करने की साजिश है और इसके लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) का काम चुनाव आयोग के साथ मिलकर शुरू किया जा चुका है। उनका कहना था कि इस यात्रा से जनता को जागृत कर वह भाजपा के षड्यंत्र पर पानी फेरने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान को मिटाने की कोशिश की जा रही है इसीलिए जब भी चुनाव होते हैं तो भाजपा का षड्यंत्र शुरू हो जाता है। चुनाव अगर विपक्ष जीत रहा है तो इसे रोकने का षड्यंत्र शुरु हो जाता है। चुनाव के सारे अनुमान और चुनाव पूर्व सर्वेक्षण भाजपा के खिलाफ आते हैं लेकिन चुनाव परिणाम अचानक भाजपा की जीत का आता है।

श्री गांधी ने साजिश का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा को कम वोट मिले लेकिन छह माह बाद विधानसभा में एक करोड़ नये वोट जुड़ते हैं और सारे के सारे नए वोट भाजपा को मिल जाते



हैं। इलेक्शन कमीशन से कहा कि वीडियोग्राफी दिखाओ तो उन्होंने मना कर दिया गया। कर्नाटक में हमने एक विधानसभा के वोट की तुलना की तो एक लाख से ज्यादा फर्जी वोट मिले हैं। उन्होंने कहा बिहार की जनता का वोट चोरी नहीं होने देंगे क्योंकि गरीबों के पास सिर्फ वोट है। वोट चोरी चुनाव आयोग करवा रहा है। पहले पता नहीं चलता था कि वोट चोरी हो रही है लेकिन मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका पर्दाफाश किया है।

## संविधान के झंडाबरदार ही देते रहे बाबा साहब की भावनाओं को दगा : मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का नाम लिये बिना उस पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा



कि संविधान के झंडाबरदार बनने वाले कुछ लोगों ने किस तरह से संविधान को कुचला है उसे सुनकर लोग सन्न रह जायेंगे जबकि उनकी सरकार पिछली सरकारों की गलतियों को सुधारने में लगी है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी के भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर संविधान की अवेहलना करने के आरोपों का उनका नाम लिये बिना करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और संविधान की बात करने वाले लोगों ने ही बाबा साहब की भावनाओं को दगा दिया। उन्होंने कहा, ये लोग जो सर पर संविधान रखकर नाचते हैं ना, वो संविधान को कैसे कुचलते थे, वे बाबा साहब की भावनाओं को कैसे दगा देते थे थे, मैं आज वो सच्चाई आपको बताने जा रहा हूं। मैं कहता हूं आप यह सुनकर सन्न रह जाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि दिल्ली में सफाईकर्मियों के लिए ऐसे कानून बना रखे थे कि यदि कोई सफाईकर्मी एक दिन काम पर नहीं आता था तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इन कानूनों को समाप्त कर दिया है।

**● पीएम मोदी ने दिल्ली को दी 11,000 करोड़ की हाईवे परियोजनाओं की सौगात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपए की राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया है। रविवार को प्रधानमंत्री ने दिल्ली के रोहिणी से यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) के दिल्ली सेक्शन और द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को बक्करवाला गांव टोल प्लाजा इलाके में रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। इसके बाद, पीएम नरेंद्र




मोदी ने राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-2 (यूईआर-2) राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, यात्रा समय में कमी और दिल्ली के साथ इसके आसपास के क्षेत्रों में यातायात में कमी लाना है।

**▶▶ पीएम नरेंद्र मोदी ने हरियाणा को दी सड़कों समेत 2,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा को 2,000 करोड़ की लागत वाली दो महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर उन्हें जनता को समर्पित किया। इन परियोजनाओं में अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 के तहत सोनीपत और बहादुरगढ़ के लिए दो नए 4-लेन संपर्क मार्गों का निर्माण शामिल है, जिससे एनसीआर की कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह दिन हरियाणा के विकास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाली ?11,000 करोड़ की 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिनमें से दो परियोजनाओं से हरियाणा को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि इन परियोजनाओं से सोनीपत, बहादुरगढ़, गुरुग्राम और मानेसर की दिल्ली एयरपोर्ट तक सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी, जिससे न केवल निर्यात, आयात और निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इन पहलों से प्रदेश में निवेश, रोजगार और औद्योगिक विकास की नई दिशा मिलेगी और हरियाणा का योगदान राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में और अधिक सशक्त होगा।

## इलाज के लिए सुविधा और पैसे की कोई कमी नहीं : योगी

**रीजेंसी हॉस्पिटल का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया लोकार्पण**

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम प?ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी। सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण



समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं। यूपी सरकार ने सा? पांच करो? लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके आलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करो? रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं और अगर कुछ सुविधाएं मिलती भी थीं तो 'पिक एण्ड चूज' के माध्यम से चेहरा देखकर मिलती थीं।

सीएम योगी ने कहा कि जनता के साथ जो हर समय खड़ी हो वही सरकार है। सरकार का लक्ष्य हो कि जनता को बिना भेदभाव के सभी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इलाज हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष से भी पैसा मिलता है।

## कठुआ बाढ़ मामले में शाह ने उपराज्यपाल और मुयमंत्री से बात की, मदद का आश्वासन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात कर कठुआ जिले में बादल फटने की घटना के बारे में जानकारी ली है।श्री शाह ने रविवार को कहा कि संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार, जम्मू - कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा,÷ कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफ की टीमें भी



घटनास्थल पर पहुँच गई हैं। मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। हम जम्मू-कश्मीर के अपने बहनों और भाइयों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उल्लेखनीय है कि कठुआ में रविवार सुबह बादल फटने के कारण कई लोगों के हताहत होने की खबर है जम्मू कश्मीर में पिछले तीन-चार दिनों में बादल फटने की यह दूसरी घटना है इससे पहले किश्तवाड़ जिले में भी बादल फटने से कई लोगों की मौत हो गई थी और अनेक घायल हो गए थे।

# चोरी पकड़ी गई तो चुनाव आयोग सियासी दलों पर ही दोष मढ़ रहा

## -आप नेता ने किया पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है, इस पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए कह दिया कि जब चोरी पकड़ी गई तो सियासी दलों पर दोष मढ़ने लगे हैं।

दरअसल रविवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, कि वह बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, गरीब-अमीर, महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाताओं के साथ मजबूती से खड़ा था, है और आगे भी खड़ा रहेगा। आयोग ने कहा उसके लिए सभी बराबर है, फिर चाहे विपक्ष में कोई हो या सत्ता पक्ष में। इसी के साथ चुनाव आयोग ने वोट चोरी मामले पर सख्त रुख दिखाया है। इस पर आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा, कि चुनाव आयोग अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अब राजनीतिक दलों पर दोष मढ़ रहा है। आयोग की चोरी पकड़ी गई है और अब वह शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। आप नेता ढांडा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत अब जगजाहिर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पिछली वोटर लिस्ट की खामियों को जब राजनीतिक दलों ने उजागर किया, तो चुनाव आयोग ने उल्टा यह जिम्मेदारी दलों पर डाल दी। आप नेता ने कहा, कि चुनाव आयोग का काम निष्पक्ष चुनाव कराना और वोटर लिस्ट को शुद्ध करना है, लेकिन वह इसमें पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है।

दिल्ली चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, कि वोट चोरी करके बीजेपी ने चुनाव जीता। हमने बार-बार शिकायत की कि फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं और असली वोट काटे जा रहे हैं, लेकिन आयोग ने कोई सुनवाई नहीं की। इससे साफ है कि बीजेपी और चुनाव आयोग की मिलीभगत ने लोकतंत्र को कमजोर किया है।

अनुराग ढांडा ने प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों पर भी सवाल उठाए और कहा कि जनता ने समर्थन नहीं दिया, इसलिए बीजेपी ने वोट चोरी का सहारा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी शिक्षकों और एमसीडी कर्मचारियों को रैलियों में भीड़ जुटाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। इस विवाद के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि आयोग




लगातार यह दोहराता रहा है कि उसका काम केवल पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव कराना है।

# 200 अवॉर्ड्स जीतने वाली मशहूर अदाकारा ने दुनिया को कहा अलविदा

**मुंबई(एजेंसी)।** मराठी फिल्मों और टेलीविज़न की दिग्गज अदाकारा ज्योति चंदेकर अब हमारे बीच नहीं रहीं। 69 साल की उम्र में उन्होंने पुणे के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। अपने अभिनय के लिए उन्हें अब तक 200 से ज्यादा अवॉर्ड्स मिल चुके थे, जो यह दर्शाता है कि वे सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि अभिनय की एक जीवंत पाठशाला थीं। हर भूमिका को वे इस तरह निभाती थीं जैसे वो उनका अपना ही जीवन हो। टीवी सीरियल 'थरल तार मैग' में निभाया गया उनका किरदार 'पूर्णा आजी' इतना लोकप्रिय हुआ कि वे मराठी दर्शकों के दिलों में बस गईं। उनकी संवाद अदायगी, भाव-भंगिमा और किरदार में गहराई ने उन्हें एक घरेलू नाम बना दिया। लोग उन्हें परदे पर देखकर अपनी ही दादी या मां जैसा महसूस करने लगे थे। बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर से मराठी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। फैंस, साथी कलाकार और चैनल्स सभी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। ज्योति चंदेकर का अभिनय सफर बहुत ही कम उम्र में शुरू हुआ था। जब वे सिर्फ 12 साल की थीं, तभी से उन्होंने थिएटर करना शुरू कर दिया था। मंच से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे मराठी सिनेमा और टेलीविज़न की दुनिया तक पहुंचा और उन्होंने हर माध्यम में अपनी कला की छाप छोड़ी। कई मराठी फिल्मों में बेहद प्रभावशाली भूमिकाएं निभाईं। 'पौलाट', 'ढोलकी', 'सलाम', 'संजपर्व', 'आई गुरु', 'आई ढोलकी' और 'टीचा उम्बर्था' जैसी फिल्मों में उनका अभिनय आज भी दर्शकों की स्मृति में जीवंत है। उन्होंने मां, सास और बुजुर्ग महिलाओं जैसे किरदारों को ऐसा अपनापन दिया, जिससे हर पीढ़ी के लोग जुड़ गए। ज्योति चंदेकर के निधन से उनके चाहने वालों और मराठी इंडस्ट्री में एक खालीपन आ गया है। सोशल मीडिया पर लोग उनकी तस्वीरें और वीडियो शेयर कर उन्हें नम आंखों से याद कर रहे हैं। स्टार प्रवाह चैनल ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उनके जाने से मराठी कला-जगत ने एक अनमोल रत्न खो दिया है।



# जिन्ना के नाम पर भड़के ओवैसी बोले- जो वफादार थे, वे भारत में ठहर गए...



हैदराबाद (एजेंसी)। एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल में बंटवारे के लिए कांग्रेस और जिन्ना को जिम्मेदार ठहराया गया तो इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। इस पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आखिर बंटवारे के लिए किसी विशेष वर्ग को कैसे जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। मॉड्यूल में कहा गया है कि बंटवारे के लिए प्रमुख तीन कारण जिम्मेदार थे। पहले थे जिन्ना, जो कि मुस्लिमों के लिए अलग देश की मांग कर रहे थे। दूसरी थी कांग्रेस जिसने जिन्ना की मांग को स्वीकार किया और तीसरा माउंटबेटन जिन्होंने इसे अमली जामा पहना दिया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, एनसीईआरटी को अगर बंटवारे के बारे में पढ़ाना ही है तो शम्सुल इस्लाम की मुस्लिम अगेंस्ट पार्टीशन किताब सिलेबस में शामिल की जानी चाहिए। इसी तरह झूठ को फैलने से रोका जा सकता है। ओवैसी ने कहा कि बंटवारे के लिए आखिर मुसलमान कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं? जो लोग भाग गए वे तो भाग ही गए और जो वफादार थे, वे ठहर गए।

# भाजपा को हराने हिंदू-मुस्लिम एकजुट हों : प्रशांत किशोर

## -जन सुराज पार्टी के संस्थापक हिंदू-मुस्लिम गठबंधन पर कर रहे विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ एक हिंदू-मुस्लिम गठबंधन बनाने का संकेत दिया है। उन्होंने पार्टी से जुड़े मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक के बाद कहा, कि उनकी कोशिश महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा में विश्वास रखने वाले हिंदू और मुसलमानों के बीच एक वैचारिक गठबंधन बनाने की है।



बैठक में पीके ने कहा, कि सभी हिंदू भाजपा का समर्थन नहीं करते। यह कहना भी गलत होगा कि अधिकांश हिंदू भाजपा के साथ हैं। यदि गांधी और आंबेडकर की विचारधारा में आस्था रखने वाले हिंदू और मुसलमान एकजुट हों, तो भाजपा को आसानी से हराया जा सकता है। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि उनकी पार्टी 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा चुनाव में 40 मुस्लिम प्रत्याशी उतारेगी। इस फैसले से राजद-कांग्रेस-वाम गठबंधन में नाराजगी है, क्योंकि ये दल पारंपरिक रूप से अल्पसंख्यक वोटों पर निर्भर रहे हैं। यहां बताते चलें कि प्रशांत किशोर राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव अभियानों के सफल प्रबंधन के लिए जाने जाते रहे हैं। लेकिन अब वे खुद की पार्टी जन सुराज के जरिए बिहार की राजनीति में सीधा दांव लगाने की तैयारी में हैं।

# यूट्यूबर एल्विश यादव के घर फायरिंग की भाऊ गैंग ने ली जिम्मेदारी

## कहा- एल्विश ने सट्टे का प्रमोशन कर बहुत से घर किए बर्बाद

**पटना (एजेंसी)।** गुरुग्राम,(ईएमएस)। यूट्यूबर एल्विश यादव के घर फायरिंग करने वाली गैंग अब खुद सामने आ गई है, जिसने एल्विश के घर गोलियां चलवाईं। गुरुग्राम स्थित एल्विश के घर पर गोलियां चलवाने की जिम्मेदारी हिमांशु भाऊ गैंग ने ली है। अमेरिका में मौजूद हिमांशु भाऊ गैंग ने बताया है कि उसके लोगों ने ही फायरिंग की। बता दें यह वही हिमांशु भाऊ गैंग है, जिसने एल्विश के दोस्त राहुल फाजिलपुरिया के ऊपर फायरिंग करवाई थी और उसके फाइनेंसर की हत्या की जिम्मेदारी भी ली थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार सुबह करीब 5.30 बजे यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम के सेक्टर 56 में स्थित उनके घर पर फायरिंग हुई, जब तीन अज्ञात लोग बाइक पर आए और 20 से 25 राउंड गोलियां चलाईं। जब यह फायरिंग हुई, उस समय एल्विश घर पर नहीं थे। उनके मम्मी-पापा और केयर टेकर घर पर थे।

रिपोर्ट के मुताबिक अब इस फायरिंग की जिम्मेदारी अमेरिका में छिपे हिमांशु भाऊ गैंग ने ली है। गैंग ने अपने पोस्ट की शुरुआत जय भोले और राम-राम भाई से की है। पोस्ट में लिखा है कि एल्विश यादव के घर जो गोली चली है, वह गैंग ने नीरज फरीदपुर और भाऊ रितोलिया से चलवाई है। गैंग ने गोली चलाकर एल्विश को अपना परिचय दिया है। गैंग का कहना है कि एल्विश ने सट्टे का प्रमोशन करके बहुत घर बर्बाद किए हैं। इसलिए उनके घर पर फायरिंग की गई है। इसके साथ ही गैंग ने अन्य सोशल मीडिया दिग्गजों को चेतावनी दी है कि जो भी सट्टे का प्रमोशन करेगा, उस पर भी गोली चल सकती है।

बता दें जब फायरिंग हुई तब एल्विश यादव घर पर नहीं थे। वह हरियाणा से बाहर किसी काम के सिलसिले में गए हैं। इस घटना में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है। भाऊ गैंग के फायरिंग की जिम्मेदारी लिए जाने पर एल्विश यादव के पिता ने कहा कि मुझे अभी इस बारे में पता नहीं है। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने फायरिंग घर के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर की। एल्विश यादव का परिवार दूसरे और तीसरे फ्लोर पर रहता है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने घर का मुआयना किया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

बता दें एल्विश यादव से पहले बॉलीवुड सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर भी गुरुग्राम में ताबड़तोड़ फायरिंग का मामला सामने आया था। एल्विश और फाजिलपुरिया दोनों दोस्त हैं। हमला बादशाहपुर थाने के अंतर्गत एसपीआर रोड पर हुआ था। बताया जा रहा है कि फायरिंग में वह सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे थे। करीब एक महीने के भीतर इस तरह की दूसरी घटना ने गुरुग्राम में लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।



एल्विश यादव अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। बीते साल उन पर सांप के जहर की अवैध सप्लाई और रेव पार्टियों में इसके इस्तेमाल से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया था। इस मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। उन पर आरोप था कि एल्विश कुछ निजी पार्टियों में प्रतिबंधित जहरीले पदार्थों का इंतजाम करते थे, जिनमें सांप का जहर शामिल था। एल्विश ने इन सभी आरोपों को गलत और बेबुनियाद बताया था। यह मामला अभी भी कोर्ट में चल रहा है और जांच एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं।

# आरएसएस की तालिबान से तुलना करने पर भड़की बीजेपी, कांग्रेस पर बोला हमला

## -कांग्रेस राष्ट्रवादी संगठन को गालियां देती है और आतंकी संगठनों में भाईचारा दिखता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता बीके हरीप्रसाद के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना तालिबान से कर दी जिससे सियासत गरमा गई। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला और मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस पर हमला बोला और कांग्रेस नेता के बयान को राष्ट्रवाद और सनातन धर्म का अपमान बताया।



पूनावाला ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस नेता बीके हरीप्रसाद कहते हैं कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन नहीं है, वह बीजेपी का दुश्मन है। हरीप्रसाद आरएसएस को तालिबान बताते हैं।

पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी राष्ट्रवादी संगठन को गालियां देती है, उनका अपमान करती है, जबकि उसे पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों में भाईचारा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सेना में सड़क का गुंडा, सर्जिकल स्ट्राइक में खून की दलाली, सिंदूर में तमाशा और राष्ट्रवादी संगठनों में तालिबान दिखाई देता है। उन्होंने आगे कहा कि हरीप्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान ने कोई गलत काम नहीं किया है, हम उसके दोस्त हैं, वह बीजेपी का दुश्मन है। यह कांग्रेस की मानसिकता और प्रवृत्ति को दर्शाता है। पूनावाला ने सवाल उठाया कि यदि आरएसएस तालिबान है, तो पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी उसके मुख्यालय क्यों गए थे, महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण ने उसकी प्रशंसा क्यों की थी और 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस को क्यों बुलाया गया था?

वहीं, बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरीप्रसाद द्वारा आरएसएस की तुलना तालिबान से करना गिरी हुई मानसिकता को दर्शाता है। इससे साफ झलकता है कि कांग्रेस का तालिबान के प्रति कितना लगाव है। सिरसा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का आतंकियों के प्रति झुकाव कोई नई बात नहीं है। जब-जब आतंकियों का खात्मा होता है, कांग्रेस आंसू बहाती है क्योंकि उसकी राजनीति वोट बैंक पर आधारित है। विशेष वर्ग के वोट पाने के लिए कांग्रेस हमास, आईएसआईएस और तालिबान जैसे आतंकी संगठनों को भी भगवान का रूप देने से नहीं हिचकिचाती।

# देश में अघोषित आपातकाल चल रहा, हम वोट के अधिकार को बचाने लड़ रहे: लालू

**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने सासाराम से शुरू होने वाली वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि हम लोगों के वोट के अधिकारों को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और वहीं बीजेपी और चुनाव आयोग एसआईआर के जरिए लोगों को वोट के अधिकार से वंचित करने का षडयंत्र रच रहे हैं। हम उसे सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने दावा किया कि देश की वर्तमान स्थिति आपातकाल से भी बदतर है। देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है।



उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के तमाम नेता यात्रा में शामिल हो रहे हैं। हम ये लड़ाई लड़ रहे हैं और जीतेंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, इसकी रक्षा के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों, विशेषकर एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को बचाने का दायित्व निभाने के लिए है।

तेजस्वी ने दावा किया कि बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने और मतदाता सूची में गड़बड़ी के जरिए वोटिंग अधिकार छीनने का प्रयास कर रही है। बिहार लोकतंत्र की जननी है, यहां से लोकतंत्र को खत्म नहीं होने दिया जाएगा और वोट की डकैती को रोका जाएगा। कुछ लोगों को जीवित होते हुए भी मतदाता सूची में मृत घोषित किया जा रहा है, जो वोटिंग अधिकारों पर हमला है। तेजस्वी के मुताबिक बीजेपी की तानाशाही को बिहार की जनता समझ चुकी है और हमारी यात्रा को जनता का प्यार व समर्थन मिलेगा।

चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता पर तेजस्वी ने कहा कि वार्ता के बाद जवाब दिया जाएगा, लेकिन आयोग को सुप्रीम कोर्ट से पहले ही करारा जवाब मिल चुका है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे तानाशाही कर सकते हैं और किसी को भी जेल भेज सकते हैं, लेकिन जेल जाने से हम नहीं डरते हैं।

# हिमाचल में बारिश से भारी तबाही का दौर जारी, अब तक 257 लोगों की हो चुकी हैं मौतें

**मंडी (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश से भारी तबाही का दौर जारी है, बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है और मृतकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। शनिवार सुबह तक हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) ने बताया कि राज्य भर में 374 सड़कें, 524 बिजली ट्रांसफार्मर और 145 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हो गई हैं। एक विज्ञप्ति के मुताबिक प्राधिकरण ने बताया कि दो राष्ट्रीय राजमार्ग, एनएच-305 और एनएच-05, अवरुद्ध मार्गों में शामिल हैं, जहां भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण, विशेष रूप से मंडी, कुल्लू और किन्नौर जिलों से संपर्क बाधित हो रहा है। पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि लगातार बारिश और भूस्खलन से प्रगति धीमी हो रही है।



बता दें इस मानसून में 20 जून से अब तक कुल 257 लोगों की मौत हो चुकी है। एचपीएसडीएमए ने कहा कि इनमें से 133 लोगों की जान भूस्खलन, बाढ़ और मकान ढहने के कारण हुई है, जबकि 124 लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई। मंडी जिले में सबसे ज्यादा व्यवधान की सूचना मिली, जहां 203 सड़कें अवरुद्ध हैं और 458 ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे हैं, इसके बाद कुल्लू है, जहां 79 सड़कें बंद हैं, जिसमें एक बड़े भूस्खलन के कारण झेड़ में एनएच-305 भी शामिल है। चंबा (24), कांगड़ा (41), और मंडी (44) में जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

किन्नौर में भारी बारिश के बाद एनएच-05 समेत छह सड़कें अवरुद्ध हो गईं, जबकि कुल्लू और लाहौल-स्पीति में अचानक बाढ़ और एचटी लाइन की खराबी से व्यापक व्यवधान की सूचना मिली। अधिकारियों ने आगाह किया कि आने वाले दिनों में रुक-रुक कर होने वाली बारिश से स्थिति और खराब हो सकती है और लोगों से यात्रा करने से बचने की अपील की गई है।

# दलित अधिकारी को नहीं मिली कुर्सी-टेबल, जमीन पर चटाई बिछा कर रहे काम

ग्वालियर (एजेंसी)। आजाद भारत में बराबरी और संवैधानिक अधिकारों की बातें अक्सर की जाती हैं, लेकिन ग्वालियर से आई एक तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के सहायक महाप्रबंधक सतीश डोंगरे पिछले एक साल से अपने ही दफ्तर में जमीन पर चटाई बिछाकर बैठते हैं और सरकारी काम-काज निपटाने को मजबूर हैं। इसका मुख्य कारण उन्हें अब तक टेबल-कुर्सी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आरोप है कि यह सब जातिगत भेदभाव की वजह से हो रहा है। उक्त सहायक अधिकारी भी अपमान का घूंट पीने और काम करने की बात कहते हैं। वैसे आपको बतलाते चलें कि विकास निगम का यह दफ्तर किराए के भवन में चल रहा है। यहां बाकी अधिकारियों को बकायदा चैंबर और फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन सहायक महाप्रबंधक अधिकारी डोंगरे रोजाना चटाई बिछाकर जमीन पर बैठते हैं और विभागीय फाइलों का काम निपटाते हैं। इस मामले में मीडिया से बात करते हुए डोंगरे ने दर्द बयां किया, उन्होंने कहा, कि संबंधितों से मैंने कई बार कुर्सी और टेबल की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक साल से लगातार अपमान झेल रहा हूं। इस मामले पर निगम के अतिरिक्त महाप्रबंधक अच्छेलाल अहिरवार का कहना था, कि भोपाल मुख्यालय को डिमांड भेजी गई है। जब फंड आएगा तभी फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार के बयानों के बाद आम इंसान के मस्तिष्क में सवाल उठ रहा कि आखिर क्योंकर एक साल गुजर जाने के बाद भी टेबल-कुर्सी की व्यवस्था नहीं हो सकी, जबकि करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट्स पर फौरन खर्च हो जाता है।

# महाराष्ट्र में दही हांडी उत्सव में हुए हादसों में दो की मौत, 200 से ज्यादा घायल

मुंबई (एजेंसी)। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। मथुरा और वृंदावन से लेकर देश के कोने-कोने में मंदिरों को सजाया गया और रात 12 बजे श्रीकृष्ण की आरती के साथ उनका जन्मोत्सव मनाया। महाराष्ट्र में जन्माष्टमी पर हुए दही हांडी उत्सव के दौरान अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। महाराष्ट्र के मानखुर्द जगमोहन शिवकिरण चौधरी दही हांडी बांधते समय पहली मंजिल से गिर गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना में 14 साल के नाबालिग लड़के की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात तक 210 व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली, जिनमें से 68 का इलाज चल रहा है और 142 को डिस्चार्ज कर दिया गया है। सेंट्रल मुंबई के अस्पतालों में 91 घायल दर्ज किए गए, जिनमें से 60 का इलाज जारी है और 31 को छुट्टी दे दी गई। पूर्वी उपनगरों में 45 और पश्चिमी उपनगरों में 74 लोग घायल हुए हैं। अस्पतालों से मिली जानकारी के मुताबिक घायल लोगों का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। बता दें हर साल जन्माष्टमी पर मुंबई में जगह-जगह पर दही हांडी उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें भारी संख्या में गोविंदा भाग लेते हैं।

# कठुआ में तबाही के बाद बचाव और राहत कार्यों की एलजी ने गृहमंत्री को दी जानकारी

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने कठुआ जिले में भूस्खलन में कई लोगों की मौतों पर रविवार को दुख जताते हुए कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी दे दी गई है। एलजी सिन्हा ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। यह त्रासदी दिल दहला देने वाली है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलजी सिन्हा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन के बचाव एवं राहत अभियानों की जानकारी दी है। बता दें रविवार तड़के कठुआ जिले में बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और सहायता प्रयासों में समन्वय करने का निर्देश दिया है और मौके पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को भी कहा है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# डिलीवरी बॉय ने बजाई बार-बार बेल, नाराज शख्स ने एयर गन से कर दिया फायर

मुंबई (एजेंसी)। लोअर परेल इलाके से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक 35 वर्षीय शख्स ने दवाइयां पहुंचाने आए डिलीवरी बॉय पर गुस्से में एयर गन से फायरिंग कर दी। वजह सिर्फ इतनी थी कि डिलीवरी बॉय ऑर्डर रिसीव न होने पर बार-बार डोरबेल बजा रहा था। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी सौरभ अविनाश कुमार सिंह, निवासी प्रकाश कॉटन बिल्डिंग, शंकरराव नारम पथ, लोअर परेल, ने फोन पर दवाइयां मंगवाई थीं। जब डिलीवरी बॉय ऑर्डर लेकर पहुंचा तो आरोपी बाहर नहीं आया। इस पर डिलीवरी बॉय ने कई बार बेल बजाई। इससे गुस्साए आरोपी ने अपनी एयर गन से हवा में फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए थाने ले गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह बार-बार बेल बजाने से चिढ़ गया था और गुस्से में गोली चला दी। इसी के साथ ही पुलिस ने बताया कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। फिलहाल मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

# बिहार में पड़ोसी ने 4 साल के मासूम का चाकू से काट दिया प्राइवेट पार्ट

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां चार वर्षीय एक बच्चे के पड़ोसी ने उसका गुप्तांग काट दिया। फिलहाल बच्चे का पीएमसीएच में इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना शहर के गौरीचक इलाके में हुई और बच्चे की हालत गंभीर है। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (सदर-2) ने कहा, पीड़ित के परिवार के सदस्यों ने शिकायत दर्ज कराई है कि यह घटना एक मामूली मुद्दे के कारण हुई। लड़के को पटना मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पु?लिस अ?धिकारी के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी दंपति फरार है और उनकी तलाश जारी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बच्चा पिछले 5 महीने से अपने नानी के यहां रह रहा था। वहीं 14 अगस्त को बच्चा स्कूल से आने के बाद दरवाजे के पास खेल रहा था। इसी बीच पड़ोस का गुड्डू उसे बहला फुसलाकर साथ लेकर चला गया। बच्चे के मुताबिक, पहले उसने गर्दन पर चाकू भिड़ाया। फिर गर्दन छोड़कर नीचे का प्राइवेट पार्ट काट दिया। वहीं लहूलुहान स्थिति में बच्चा जब नानी के घर आया तो परिजनों ने उसे इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया। घटना को अंजाम देने के बाद से आरोपी फरार है। अभियुक्त गुड्डू और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# पुजारी ने आश्रम में किया महिला से दुष्कर्म, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

ढेंकनाल (एजेंसी)। ओडिशा पुलिस ने ढेंकनाल जिले के एक आश्रम के मुख्य पुजारी को महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना माताकरगोला आश्रम की है। पीड़िता उसी आश्रम में ही रहती थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 अगस्त को जब वह आश्रम परिसर के कमरे में सो रही थी तभी मुख्य पुजारी वहां आया और उससे जबरन दुष्कर्म किया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया। ढेंकनाल जिले के अतिरिक्त एसपी सूर्यमणि प्रधान ने बताया कि मुख्य पुजारी को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया।

## सरकारी दस्तावेजों को गायब कर रही भाजपा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में शनिवार को मूसलाधार बारिश देखने को मिली। जिसके चलते कई इलाकों में भारी जलभराव हुआ। जिसे लेकर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। दिल्ली आप अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार नालों के डिसिल्टिंग (गाद निकालने) से जुड़ी जानकारी और दस्तावेज को नष्ट कर रही है। डिसिल्टिंग में भाजपा सरकार और उनके अधिकारियों ने करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा, कल रक्षाबंधन पर भी लोगों को जलभराव का शिकार होना पड़ा, कई लोगों की जलभराव की वजह से मौत हुई है। ढाई साल के बच्चे की खुले हुए सीवर में डूबने से मौत हो गई। डिसिल्टिंग कराने में भाजपा सरकार और उनके अधिकारियों ने भयंकर भ्रष्टाचार किया है। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद इनके अधिकारियों ने पिछले साल भी डिसिल्टिंग की थर्ड पार्टी ऑडिट नहीं कराई और ना इस साल कराई है। उन्होंने कहा, मैंने आरटीआई लगाकर पूछा कि मुख्य सचिव के जो मैंने पत्र लिखकर डिसिल्टिंग की थर्ड पार्टी ऑडिट रिपोर्ट मांगी थी, उसका क्या हुआ? मेरी आरटीआई के जवाब में मुख्य सचिव के ऑफिस ने बताया कि हमें ऐसा कोई पत्र मिला ही नहीं है। इसका मतलब है कि दिल्ली की भाजपा सरकार आधिकारिक दस्तावेजों को गायब कर रही है। वहीं, सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया पर लिखा, लगता है अब दिल्ली सरकार नालों के डिसिल्टिंग से जुड़ी जानकारी और दस्तावेज को नष्ट कर रही है। आरटीआई के जवाब में सीएस ऑफिस ने कहा है कि उनको मेरे द्वारा भेजी गई डिसिल्टिंग और थर्ड पार्टी ऑडिट की शिकायत मिली ही नहीं। जिस पत्र की कॉपी मीडिया और सोशल मीडिया के पास है वो पत्र मुख्य सचिव को मिला ही नहीं? ये तो सीधा कानूनी अपराध है। आप नेता ने कहा, दिल्ली में जलभराव कल हुआ था, कल लोगों की मौत हुई और प्रवेश वर्मा आज सड़कों पर जलभराव ढूंढने निकले हैं। प्रवेश वर्मा को आज उन लोगों के घरों पर जाना चाहिए, जिनकी कल मौत हो गई।

# जानलेवा बनी थार की रफ्तार, बाइक सवार को रौंदते हुए ट्रक से टकराई

कौमी पत्रिका



नई दिल्ली। मोती नगर में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार थार गाड़ी एक बाइक सवार को रौंदते हुए ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 40 साल के बेचन लाल की मौके पर मौत हो गई। वह ठेकेदारी करता था। वहीं घटना के बाद चालक थार को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने से मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक बजे पुलिस को मोती नगर में घटेल रोड में सड़क हादसे की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही मोती नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां बाइक और थार गाड़ी क्षतिग्रस्त हालत में मिली। गाड़ी में शराब की बोतलें थीं। जांच के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि घायल बाइक सवार को पास के अस्पताल में ले जाया गया है जहां पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने बाइक सवार बेचन लाल को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच शुरू की। जांच में पता चला है कि थार पश्चिम दिल्ली में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर पुलिस ने छानबीन की। फुटेज में पता चला कि घटना के समय प्रेम नगर निवासी बेचन लाल बाइक पर बैठकर किसी से फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान सफेद थार तेज रफ्तार में आई, उस समय ट्रैफिक था। अचानक थार ने नियंत्रण खो दिया और बाइक को टक्कर मारते हुए खड़े ट्रक से टकरा गई। आसपास के लोग रुककर देखने लगे। लोगों ने देखा कि बाइक ट्रक के नीचे फंसी है और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। चालक थार को छोड़कर भाग गया। पुलिस थार के नंबर और कैमरों की फुटेज की मदद से आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। मृतक के रिश्तेदार शिव कुमार ने बताया कि बेचन लाल 15 साल के बेटे के साथ प्रेम नगर में रहता था। उसकी पत्नी और तीन बेटियां उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में रहती हैं। 19 साल की बड़ी बेटी की शादी तय हो चुकी थी। दो अन्य बेटियां पढ़ाई कर रही हैं। शिव कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात बेचन लाल अस्पताल में किसी से मिलने गया था। हादसा अस्पताल के गेट के पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बेचन लाल बाइक सहित ट्रक से टकरा गया। शिव कुमार ने बताया कि बेचन लाल के घर नहीं लौटने पर बेटे और रिश्तेदारों ने उनकी तलाश शुरू की। शनिवार सुबह करीब 5 बजे पुलिस का फोन आया और मोती नगर थाने बुलाया गया, जहां उन्हें घटना की जानकारी दी गई। बेचन लाल पूरे परिवार में एक मात्र कमाने वाले सदस्य थे। वह प्लास्टर ऑफ पेरिस का ठेका लेकर काम करता था।

## 56 वर्षीय महिला के गर्भाशय से निकाला 18.5 किलोग्राम का ट्यूमर

नई दिल्ली। दिल्ली के नामी निजी अस्पताल में 56 वर्षीय महिला के गर्भाशय से सफलतापूर्वक 18.5 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला गया। इस ट्यूमर के कारण महिला को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ट्यूमर के कारण आसपास के अंगों पर दबाव पड़ रहा था। इससे महिला को चलने-फिरने में भी मुश्किल थी। महिला को फाइब्रॉइड (गर्भाशय में होने वाली गैर-कैंसरकारी गांठे) की समस्या था। महिला की सर्जरी अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग प्रमुख डॉ. दिनेश कंसल के नेतृत्व में की गई। डॉ. दिनेश कंसल ने कहा कि मरीज के गर्भाशय में बहुत बड़ा ट्यूमर था। इस कारण गर्भाशय बढ़कर आंतों, ब्लैडर व यूरेटर जैसे आसपास के अन्य अंगों को दबाने लगा था। इंटर्नल एनाटॉमी गंभीर रूप से प्रभावित हो गई थी। महत्वपूर्ण अंग फाइब्रॉइड से चिपके हुए थे। पहले हुई सर्जरी के कारण मरीज के शरीर के अंदर कुछ घाव भी थे। जिससे यह सर्जरी और भी जटिल हो गई थी। यह ऑपरेशन कई घंटों तक चला। ऑपरेशन के बाद चौथे दिन महिला को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की डॉ. सुप्रिया महिपाल ने कहा कि इस मामले में सिर्फ तकनीकी कौशल की नहीं बल्कि लगातार स्थिति के अनुरूप निर्णय लेने की भी जरूरत थी।

# नरवाना में 206 करोड़ रुपये से अधिक की 19 परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

नई दिल्ली/चंडीगढ़, 17 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज नरवाना विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए 206.32 करोड़ रुपये से अधिक की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया । इनमें 37.25 करोड़ रुपये की लागत वाली 7 परियोजनाओं का उद्घाटन और 169.07 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है, जिनका उद्देश्य क्षेत्र में सड़क संपर्क, स्वास्थ्य सेवाओं, जलापूर्ति और बिजली के बुनियादी ढाँचे को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री ने जिन प्रमुख कार्यों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया उसमे 1.82 करोड़ रुपये की लागत से धरौदी से नरवाना-इस्माइलपुर लिंक रोड का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 1.43 करोड़ रुपये की लागत से डबलैन से सच्चा खेड़ा तक संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 25 करोड़ रुपये की लागत से जींद जिले में नरवाना-समैण मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, 3.73 करोड़ रुपये की लागत से इस्माइलपुर में नरवाना माइनर से पेयजल पाइपलाइन और जलघर का सुधारीकरण, 3.50 करोड़ रुपये की लागत से बिडराना में नहर आधारित जलघरों का निर्माण, 1.21 करोड़ रुपये की लागत से सुलहेड़ा गाँव में फिरनी का निर्माण और 55.50 लाख रुपये की लागत से नरवाना के भाणा बरहमन में उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी ढाँचे और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कई प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इनमें 1.97 करोड़ रुपये की लागत से खानपुर से इस्माइलपुर तक संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा 1.77 करोड़ रुपये की लागत से कर्मगढ़ से लोन तक एक नए संपर्क मार्ग का निर्माण शामिल है। उन्होंने नरवाना विधानसभा क्षेत्र में 16.44 करोड़ रुपये की लागत से 42.62 किलोमीटर लंबी 15 सड़कों की विशेष मरम्मत और 9.55 करोड़ रुपये की लागत से नरवाना में एक अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क विश्राम गृह के निर्माण का शिल्यान्यास भी किया । इसके अलावा, उन्होंने 4.56 करोड़ रुपये की लागत से गांव कालवां में दो बूस्टिंग स्टेशनों के निर्माण, 4.97 करोड़ रुपये की लागत से धरोड़ी में जलापूर्ति योजना के संवर्धन एवं नवीनीकरण तथा 2.53 करोड़ रुपये की लागत से गढ़ी में वितरण प्रणाली सहित स्वतंत्र नहर-आधारित जल कार्यों के निर्माण की भी आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने 10.11 करोड़ रुपये की लागत से बेलरखा में जलापूर्ति योजना के नवीनीकरण एवं उन्नयन तथा वितरण पाइपलाइन बिछाने, 8.02 करोड़ रुपये की लागत से बदनपुर में 33 केवी सब-स्टेशन के निर्माण, 67.07 करोड़ रुपये की लागत से उझाना गाँव में जलापूर्ति में वृद्धि और सीवरेज योजना तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (एक उझाना में 17.47 करोड़ रुपये) और दूसरा दनौदा में 24.60 करोड़ रुपये) के निर्माण की आधारशिला रखी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी , डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण मिड्ढा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, विधायक देवेंद्र अत्री, रणधीर पनिहार भी मौजूद रहे।

### ऊर्जा क्षेत्र को अधिक सक्षम और पारदर्शी बनाने के लिए प्रतिबद्ध

नई दिल्ली। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने आयोग के 27वें स्थापना दिवस पर राज्य के सभी बिजली उपभोक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हरियाणा ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों और उपभोक्ता-हितैषी नीतियों के जरिए पूरे देश में विशेष पहचान बनाई है। हरियाणा देश के उन अग्रणी राज्यों में से एक रहा है, जिन्होंने बिजली सुधार अधिनियम लागू किया था। श्री शर्मा ने कहा कि उड़ीसा के बाद हरियाणा दूसरा राज्य था जिसने बिजली बोर्डों का पुनर्गठन कर वितरण, प्रसारण और उत्पादन क्षेत्रों को अलग-अलग किया तथा उनके नियमन हेतु आयोग का गठन किया।

# तिहाड़ में उगाही रैकेट चलाने के आरोप में नौ अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट को बुधवार को सूचित किया गया कि तिहाड़ जेल के नौ अधिकारियों को जेल के अंदर कैदियों के साथ मिलकर कथित तौर पर उगाही रैकेट चलाने के आरोप में निलंबित और स्थानांतरित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया। सुनवाई को 28 अक्टूबर के लिए निर्धारित किया। आरोप सामने आने के बाद, दिल्ली सरकार ने कहा कि उसने नौ जेल अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है, जिन्हें संबंधित नियमों के तहत निलंबित और स्थानांतरित किया गया है। खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह तिहाड़, मंडोली और रोहिणी सहित दिल्ली की सभी जेलों में अपना परामर्श पत्र प्रसारित करें। यह मामला पूर्व कैदी की ओर से दायर याचिका से संबंधित है, जिसमें तिहाड़ जेल के अंदर उगाही और कैदियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का आरोप लगाया गया था। खंडपीठ ने पहले सीबीआई को इन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट में कैदियों और जेल अधिकारियों की अवैध और भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्तता का संकेत मिला। 11 अगस्त को, खंडपीठ ने आरोपों को चौंकाने वाला बताते हुए सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से गंभीर विचार की आवश्यकता है। 2 मई को, दिल्ली सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव को तथ्य-खोज जांच करने और तिहाड़ में प्रशासनिक और पर्यवेक्षी चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का था। जांच रिपोर्ट में कैदियों और जेल अधिकारियों की अवैध और भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्तता का संकेत मिला। 11 अगस्त को, खंडपीठ ने आरोपों को चौंकाने वाला बताते हुए सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और कहा कि इस मामले में सरकार की ओर पता लगाने का निर्देश दिया गया था। 11 अगस्त को सरकार के वकील ने खंडपीठ को सूचित किया कि विभाग को जांच पूरी करने के लिए और समय चाहिए। याचिका में जेल अधिकारियों और कैदियों की ओर से अनियमितताओं, अवैध गतिविधियों, कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। याचिका में दावा किया गया कि जेल परिसर के अंदर कुछ सुविधाएं हासिल करने के लिए जेल के अंदर और बाहर के कुछ व्यक्तियों ने जेल अधिकारियों के साथ मिलकर उगाही की। खंडपीठ ने सीबीआई वकील को निर्देश दिया कि जांच न केवल जेल अधिकारियों के आचरण पर, बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों पर, जिसमें कुछ कैदियों के रिश्तेदार और याचिकाकर्ता स्वयं शामिल हैं, केंद्रित हो।

## दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, पुलिस निष्पक्षता के साथ कर रही है जांच

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मनीषा हमारी बेटी है, हमारे परिवार की बेटी है। इस बेटी और उसके परिवार को इंसाफ दिलवाना सरकार का दायित्व है। इस मामले की पुलिस निष्पक्षता और गंभीरता के साथ जांच कर रही है और जल्द ही जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इतना ही नहीं वे स्वयं पुलिस से इस मामले से सम्बन्धित एक-एक मिनट की रिपोर्ट ले रहे है। पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को थानेसर अनाज मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता मानसिक संतुलन खो चुके है। इन 55 सालों में जिस गति से समाज व देश को आगे बढ़ाना चाहिए था, देश में उस गति से आगे नहीं बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खाली घोषणाएं करती रही, जिन से उसे वोट मिल जाते थे। कांग्रेसियों पर बहुत सारे आरोप लगे पड़े हैं और अब लोगों को इनकी नीतियों का पता लगा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में देश का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी राष्ट्रपति, कभी उपराष्ट्रपति, कभी लोकसभा तक का अपमान किया है। कांग्रेस ने कोर्ट तक का अपमान किया हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राहुल गांधी की यात्रा के सवाल पर पहले की यात्रा की याद दिलाते हुए कहा कि पहले की यात्रा में तो सूपड़ा साफ हो गया था अब इसका भी परिणाम देख लेंगे। उन्होंने दीपेंद्र हुडा के चुनाव आयोग से मिले होने के आरोप पर कहा कि यदि चुनाव आयोग उनके नियंत्रण में होता तो दीपेंद्र हुडा की जीत कैसे संभव हो जाती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाप्त हो चुकी है और इस बार बिहार से भी बाहर हो जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक ऐसा व्यक्तित्व है, जिसने 11 वर्षों में विकास करते हुए भारत को नई दिशा दी है। आज प्रधानमंत्री ने हरियाणा प्रदेश के लिए दो नई परियोजनाओं दी है इनमें एयरपोर्ट से सोनीपत और एयरपोर्ट से बहादुरगढ़ तक नेशनल एक्सप्रेस-वे शामिल हैं। इससे एयरपोर्ट जाने का सफर अब और भी कम हो गया है। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## शुद्ध मतदाता सूचियाँ लोकतंत्र को मज़बूत बनाती हैं: ए. श्रीनिवास

नई दिल्ली/चंडीगढ, 17 अगस्त- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने कहा कि चुनाव आयोग संसद और विधानसभा चुनावों के लिए राज्यों की मतदाता सूची तैयार करने के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों की भागीदारी और उनकों त्रुटियों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय और अवसर प्रदान करता है, क्योंकि शुद्ध मतदाता सूचियाँ लोकतंत्र को मज़बूत बनाती हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत में चुनाव प्रणाली कानून द्वारा परिकल्पित बहुस्तरीय विकेन्द्रीकृत संरचना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), जो एसडीएम स्तर के अधिकारी होते हैं, बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की सहायता से निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) मतदाता सूची तैयार करते हैं और उन्हें अंतिम रूप देते हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, उसकी डिजिटल और प्रकाशित भौतिक प्रतियाँ सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवाई जाती हैं और साथ ही उन्हें भारत निर्वाचन आयोग की (श्वष्टद्व) की वेबसाइट पर भी डाल दी जाती हैं,ताकि कोई भी इसका अवलोकन कर सके। आयोग द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने से पहले, मतदाताओं और राजनीतिक दलों के पास दावे और आपत्तियाँ दर्ज करने के लिए पूरे एक महीने का समय दिया जाता है। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, अपील की एक द्वि-स्तरीय प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें पहली अपील जिला मजिस्ट्रेट (ष्ठरू) के पास और दूसरी अपील प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास की जा सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलएएस) द्वारा सही समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की गई और यदि कोई त्रुटि थी, तो उसे एसडीएम/ईआरओ, डीईओ या सीईओ के संज्ञान में नहीं लाया गया। कुछ राजनीतिक दल और व्यक्ति मतदाता सूचियों में त्रुटियों के बारे में अब मुद्दे उठा रहे हैं, जिनमें पूर्व में तैयार की गई मतदाता सूचियाँ भी शामिल हैं।

# दिल्ली पुलिस का सिपाही हुआ जालसाजी का शिकार

नई दिल्ली। पैसा दो गुना करने का झांसा देकर दिल्ली पुलिस के सिपाही से जालसाजों ने ठगी कर ली। व्हाट्सएप पर आरोपियों लिंक के भेजे लिंग पर क्लिक करते ही वह टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गए। जहां उनसे करीब डेढ़ लाख रुपये निवेश करवाए गए। पैसे वापस मांगने पर उन्हें परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। पीड़ित की शिकायत पर डाबड़ी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस तकनीकी जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। जानकारी के मुताबिक डाबड़ी थाने में तैनात पीड़ित सिपाही विवेक कुमार ने थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि 9 सितंबर 2023 को उनके व्हाट्सएप पर एक अनजान नंबर से मैसेज आया। जिसमें पैसा दोगुना करने का झांसा दिया गया। मैसेज में एक लिंक भेजा गया था। जिसको क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गए। ग्रुप में मौजूद जालसाजों ने क्रिप्टो करेंसी साइट पर जोड़कर उन्हें निवेश पर अधिक राशि देने का झांसा दिया। पीड़ित के मुताबिक उनसे कई बैंक खातों में पैसे डलवाए गए। उन्हें लाभ दिखाया गया लेकिन उन्हें पैसे नहीं दिए गए। ज्यादा निवेश के लिए और पैसे जमा करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने धीरे धीरे कर 1.40 लाख रुपये जमा कर दिए। उसके बाद उन्होंने पैसे वापस करने का दबाव बनाया। इसपर आरोपियों ने सभी टेलीग्राम चैट और व्हाट्सएप मैसेज डिलीट कर दिया। साथ ही फोन कर शिकायत करने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी। आरोपियों ने उनके अकाउंट को हैक करने की धमकी भी दी। ऐसे में पीड़ित मानसिक अवसाद में चले गए। जिसकी वजह से वह पुलिस में शिकायत नहीं की। 14 अगस्त को पीड़ित ने थाने में इसकी लिखित शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस तकनीकी जांच कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## उत्कृष्ट कर्मचारियों को सम्मानित किया

चंडीगढ़: चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। सीपीडीएल के निदेशक अरुण कुमार वर्मा ने तिरंगा फहराकर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर, पंद्रह कर्मचारियों को उनके अनुकरणीय समर्पण और संगठन के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए, सीपीडीएल के मुख्य परिवर्तन अधिकारी (सीटीओ) प्रमोद कुमार मिश्रा और महाप्रबंधक (संचालन) एम.पी. सिंह वासल ने कर्मचारियों को प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ काम करते रहने के लिए प्रेरित किया।

**NAME CHANGE**
It is for general information that I Ram Pal S/O Prem Pal R/O Tea Stall Temporary, Gate No-2, Near SPA Hospital, Khizrabad, New Friends Colony, South Delhi, Delhi-110025, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Amrish Pal and Surender Nath Pal in my Aadhar card no 4768 7841 8030 .The actual name of mine and my father are RAM PAL and Prem Pal,which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, SHOBHA GUPTA W/O P.D GUPTA R/O-B-404 NEW FRIENDS COLONY NEW DELHI-110025 I have changed my name from SHOBHA TO SHOBHA GUPTA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, ARNAV GUPTA S/O P.D GUPTA R/O-B-404 NEW FRIENDS COLONY NEW DELHI-110025 I have changed my name from ARNAV ANNA GUPTA TO ARNAV GUPTA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I,Hitherto Known as MANJU GANGWAR, alias DURGESH KUMARI, D/o NARAYAN DASS GANGWAR, W/o Ram Dass Gangwar, R/o: K-421, Gali No-10, Mahipalpur Extension South West Delhi, Delhi-110037, have changed my name and shall hereafter be known as DURGESH KUMARI.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as NEERAJ SAINI alias SANJU S/O Swami, R/o Rajeev puram colony, dasna, Adhyatmic Nagar, PO: Adhyatmic Nagar B.o, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh-201015, have changed my name and shall hereafter be known as SANJU.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as OMPAL alias NEMPAL SINGH S/O BUDHSAIN, R/o 26, Lila Nagla Risalu, Post Narau, Risalu, PO: Narau, DIST: Bulandshahr, Uttar Pradesh-202397, have changed my name and shall hereafter be known as NEMPAL SINGH.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as KHUSHI alias SANGITA SHRESTHA D/O BHANU PRASAD R/O Bhowapur Kaushambi, I-E Sahibabad, Ghaziabad Uttar Pradesh-201010, have changed my name and shall hereafter be known as SANGITA SHRESTHA.

**NAME CHANGE**
I, BAPU HEDDURE is legally father of JC No.462948N Rank-NB/SUB Name- SURESH HEDDURE, R/O Near Ganesh Temple, Yadur, Yadur, Belagavi, Karnataka, Pin -591213 have changed my name from BAPU to BAPU HEDDURE for future purposes. And in my son service record my date of birth wrongly mentioned is 07/11/1955 instead of 01/01/1948.Vide affidavit dated 14/08/2025 before Sub Divisional Magistrate, Delhi

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, PARMOD KUMAR HANS S/O KANHIYA LAL HANS R/O HOUSE NO-314 2ND FLOOR, DR.MUKHERJEE NAGAR, DELHI-110009 declare that name of mine has been wrongly written as PARMOD KUMAR in my School Record. The actual name of mine is PARMOD KUMAR HANS which may be amended accordingly. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection

**NAME CHANGE**
I, GALI BASUMATARY mother of NO-15681107W, Rank-NK, Name-SANJIB BASUMATARY residing at VILL-CHOTO KURSHAKATI, PO-DOLOGAON, DIST-KOKRAJHAR, ASSAM-783372, have changed my name from GALI BASUMATARY to CHAMPA BAUMATARY for all future purposes, in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 01/07/1965 instead of my correct date of birth as 01/10/1956 Vide Affidavit dated 16/08/2025 before Notary Public Delhi.

**NAME CHANGE**
I, CAMELIA MAITRA alias CAMELIA BANERJEE D/o Asok Mairta W/o Sourav Banerjee R/o B-86, 1st Floor Rishi Nagar, Shakur Basti, Rani Bagh Po. Saraswati Vihar North west Delhi-110034 have changed my name to CAMELIA MAITRA BANERJEE

**NAME CHANGE**
I, Kamlesh Devi W/O Binnami R/O 223 Nahal, Nahal Aligarh Uttar Pradesh 202131,have changed the name of my minor daughter namely Kriti aged 17 years and he shall hereafter be known as Prity.

**NAME CHANGE**
I, TEJPAL S/O RAJESH R/O BEGAMPUR KHATOLA, NARSINGHPUR, GURGAON, HARYANA-122004, I HAVE CHANGED MY NAME TO TEJPAL RAGHAV FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, SURAJ S/O SUKHBIR R/O BEGUM PUR KHATOLA, GURGAON, HARYANA-122004, I HAVE CHANGED MY NAME TO SURAJ RAGHAV FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**
I, Femina D/O Merajuddin R/O D-49 1st Floor Gali No-7, Vijay Vihar Phase-2, Rohini Sector-7, Delhi-110085 Have changed my name to Femaina for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
MY CLIENT VINOD KUMAR S/O RAM KUMAR R/O HNo-499/11,PREM NAGAR-I KIRARI DELHI-86 PRESENTLY R/O PLOT NO. 286A, KHASRA NO. 1338, SECOND FLOOR, NEAR HANUMAN MANDIR PREM NAGAR-1, KIRARI DELHI HAVE DEBARRED AND DISOWNED HER SON ROHAN FROM ALL HIS MOVABLE AND IMMOVABLE PROPERTIES IN ALL MANNERS IF ANY ONE DEALS WITH THEM, THEY WILL DO SO AT THEM THEIR OWN RISKS, COSTS AND CONSEQUENCES. MY CLIENT SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR THE SAME IN ANY MANNER PRESENT & FUTURE MOHIT BHARDWAJ (Adv.)

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, RAJBEER SALEEM S/o RATAN SINGH R/o Mirpur Hindu, PO: Mandola, Dist. Ghaziabad, Uttar Pradesh-201102, declare that name of mine and my father have been wrongly written as SALEEM and RAFIQ in my PAN Card No. BDAPS6793N. The actual name of mine and my father are RAJBEER SALEEM and RATAN SINGH respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, SANGITA W/o PRAHALAD R/o House No.-J, 410 J Block Shakurpur JJ Colony, Saraswati Vihar, North West Delhi, Delhi-110034, declare that name of mine has been wrongly written as SANGEETA in my minor daughter namely AKSHARA aged 14 years in her birth certificate No. MCDOLIR-0111-004866486. The actual name of mine is SANGITA, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I, Shahe Aalam S/O Mohd Shokeen R/O J-454, A-1, Prem Nagar 2, Kirari Suleman Nagar, North West Delhi, Delhi-110086, have changed my name and shall hereafter be known as Shai Alam.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I KULDEEP KUMAR S/O RAM SHANKAR R/O H.NO-D-22, KHADDA COLONY, POLICE BOOTH NO - 4, AND NAV DURGA HANUMAN MANDIR, JAITPUR EXTN. PART-2, BADARPUR SOUTH DELHI, DELHI-110044 declare that name of mine, my father and my mother have been wrongly written as KULDEP KUMAR, RAM SHANKAR PRAJAPATI and MEERA DEVI in my 10th class and the name of my father has been wrongly written as RAMSHANKER PRAJAPATI in my 12th class and as RAM SHANKER PRAJAPATI in my Graduation and Post Graduation educational documents. The actual name of mine, my father and my mother are KULDEEP KUMAR, RAM SHANKAR and NEERA DEVI respectively which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Unit No. R6 K309, Floor 3rd, Tower Block-6 in Project M3M ROUTE65 situated at Sector- 65 was booked by Ms. Gita Rathaur W/o Mr. Binod Kumar R/o 1-17, Ground Floor, Ivory Emaar Emerald Hills, Sector-65, GURUGRAM, HARYANA, INDIA.

Late Ms. Gita Rathaur passed away on 17-08-2024, leaving behind the following legal heir(s):

| S. No. | Name | Aadhar No. | Relationship with deceased | Address |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Binod Kumar | 642966128311 | Husband | 1-17, Ground Floor, Ivory Emaar Emerald Hills, Sector-65, GURUGRAM, HARYANA, INDIA |
| 2- | Jyotsna Rathor | 340435845350 | Daughter | 1001, Chelsea , Hiranandani Estate, Patlipada , G B Road, Thane West 400607 |
| 3- | Sweta Murti | 855801112911 | Daughter | C 1005 Marvel Cerise, Eon Free Zone, Kharadi Pune 411014 |
| 4- | Abhishek Rathor | 690971181051 | Son | 1-17, Ground Floor, Ivory Emaar Emerald Hills, Sector-65, GURUGRAM, HARYANA, INDIA |

Following the demise of the Late Ms. Gita Rathaur the above-mentioned legal heir(s) has/have requested Manglam Multiplex Private Limited for the transfer of the deceased's rights and interest in the said Unit in favour of Mr. Abhishek Rathor.

Any person(s) having any claim, objection or right in respect of the said Unit/Flat may submit their objections in writing along with supporting documents to Manglam Multiplex Private Limited at 7th floor, Urbana business park, Sector-67, Gurugram, Haryana, India and Mr. Abhishek Rathor, at the below-mentioned coordinates, within 21 (twenty one) days from the date of publication of this notice.

In the absence of any objections within the stipulated period, Mr. Abhishek Rathor proceed with the transfer of the said Unit no. R6 K309 in project M3M ROUTE65 in his favour, and no claims shall be entertained thereafter.

For any queries, kindly contact:
Customer name : Mr. Abhishek Rathor
Address: 1-17, Ground Floor, Ivory Emaar Emerald Hills, Sector-65, GURUGRAM, HARYANA, INDIA
Email Id: abhi.rathor.2015@gmail.com
Phone no. : 8587856628

**NAME CHANGE**
I hitherto known as PANKAJ RAWAT alias PANKAJ KUMAR RAWAT S/o Y S RAWAT, R/o C-84, Near Rail Vihar, Sector-33, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201307, have changed my name and shall hereafter be known as PANKAJ KUMAR RAWAT, for all future purposes.

**NAME CHANGE**
It is for general information that I, HARSH PAWAR S/o GAGAN PAWAR R/o B-188 3rd Floor, Pandav Nagar, Laxmi Nagar (East Delhi), East Delhi, Delhi-110092, declare that name of mine has been wrongly written as HARSH in my 10th class Educational Documents. The actual name of mine is HARSH PAWAR, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Ikra alias Ekra D/O Mohd Aarif, R/O D-709, Jahangir Puri, DIST: North West Delhi, Delhi-110033, have changed my name and shall hereafter be known as Ekra.

**NAME CHANGE**
I, Ram Prakash Ram S/o Roop Chand R/o S-85, Gali No.10, Vikas Nagar, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name to Om Prakash for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as Harda Narayan Mishra S/O: Tulsi Prasad, R/O HOUSE NO-566-, BLOCK-B, JAHANGIR PURI, Jahangir Puri, North West Delhi Delhi-110033, have changed my name and shall hereafter be known as HRIDAY NARAYAN MISHRA.

**NAME CHANGE**
I, Nishant S/O Shyam Sunder Narayan Singh R/O 1C, Block -JB Khirkhi Extension South Delhi 110017 Have changed my name to Nishant Singh for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Rupan Ram S/o Chaitu R/o Chak Tewkhar Rangdeeh Sarai Meer, Azamgarh, Uttar Pradesh-276305, have changed my name to Roop Chand for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**
It is for general information that I, Saraswati W/O Mukesh Kumar Ahirwar R/O CN-45, T-HUTS, Hanuman Mandir, Model Town-1, Model Town-II, North West Delhi, Delhi - 110009, declare that the name of my minor son and my husband have been wrongly written as Deepak and Mukesh in my minor son's namely Deepak Ahirwar, aged 14 years in his school records. The actual name of my minor son and my husband are Deepak Ahirwar and Mukesh Kumar Ahirwar.

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## मुख्यमंत्री सैनी की व्यापारियों को राहत: हरियाणा में बिनौला मशीन की फीस आधी

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य के व्यापारियों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने बिनौला मशीन पर व्यापारियों से ली जाने वाली एकमुश्त फीस को ?42,000 से घटाकर ?21,000 कर दिया है। यह घोषणा उन्होंने कुरुक्षेत्र में हरियाणा ऑयल मिल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले व्यापारियों के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मल्टी आर्ट कल्चर केंद्र, कुरुक्षेत्र में आयोजित इस बैठक में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा और पूर्व मंत्री असीम गोयल सहित हरियाणा ऑयल मिल एसोसिएशन के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## सुख में भी भगवान को नहीं भूलना चाहिए : संत रामानंद

**हिसार।** शाांति नगर स्थित परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर में ब्रह्मलीन योग शब्दानंदजी महाराज के स्मृति दिवस पर सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सात दिन पूर्व रखी गई भागवत कथा का समापन किया गया। मंदिर प्रांगण में हवन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली। इससे पूर्व डोगरान मौहल्ला कुटिया से संत रामानंद के सान्निध्य में भागवत के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल रथ को रास्ते भर संतों ने व श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से खींचा। शोभा यात्रा में अनेक संतों सहित श्रद्धालुओं ने भजन गाते हुए भाग लिया। सभी विद्वानों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए शनिवार को कहा कि गुरुदेव की महिमा अपरम्पार है। गुरु सदैव अपने शिष्य को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सदा एक जैसी नहीं रहती। दुख-सुख मनुष्य को अपने कर्मों के हिसाब से भोगने पड़ते हैं। दुख आने पर तो भगवान याद आते हैं परंतु सुख में भी भगवान को नहीं भूलना चाहिए। दुख जाने के बाद जो सुख मिलता है, उसका सुखद अनुभव होता है। इसी तरह गुरुदेव भी अपने शिष्यों पर कृपा बरसाते रहते हैं। सत्संग के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने आरती की।

## पांच नई एसी बसें डिपो को मिलीं, चंडीगढ़-गुरुग्राम रूट पर शुरू होगी सेवा

**जींद।** जींद रोडवेज डिपो को पांच नई एसी बसें आवंटित की गई हैं, जिन्हें चंडीगढ़ और गुरुग्राम रूट पर चलाया जाएगा।डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने बस अड्डे पर इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। किराया भी निर्धारित कर दिया गया है। जींद रोडवेज के बेड़े में 170 के करीब साधारण बसें हैं। इनमें एक भी एसी बस नहीं है। यात्रियों द्वारा लंबे रूटों पर एसी बसों की डिमांड की जा रही थी। जींद से चंडीगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, पांवटा साहिब, सालासर, बालाजी, अमृतसर, लुधियाना जैसे लंबे रूटों पर भी साधारण बसें ही जा रही हैं। इन रूटों पर यात्रियों के लिए गर्मी के मौसम में एसी बस की जरूरत महसूस की जा रही थी। जींद डिपो प्रबंधन ने भी एसी बसों की डिमांड मुख्यालय भेजी हुई थी। प्रदेश के लगभग सभी डिपो में एसी बसें आ चुकी हैं लेकिन जींद डिपो को अभी तक इन बसों की सुविधा नहीं मिल पाई थी। अब 15 अगस्त को डिपो के बेड़े में पांच एसी बसें मुख्यालय द्वारा भेजी गई हैं। जींद डिपो प्रबंधन द्वारा इन बसों का रूट और किराया निर्धारित कर दिया गया है। जींद डिपो को जो पांच एसी बसें मिली हैं, वह जींद से चंडीगढ़ व गुरुग्राम रूट पर चलेंगी। जींद से गुरुग्राम साधारण रोडवेज बस में किराया 160 रुपए है तो वहीं एसी बस में 250 रुपए किराया देना होगा। जींद से चंडीगढ़ का साधारण बस का किराया 250 रुपए है जबकि एसी बस में यात्री को 340 रुपए किराया देना होगा। इसी रूट पर जींद से नगूरां के साधारण बस में 25 रुपए लगते हैं लेकिन एसी बस में सफर करना है तो 40 रुपए देने होंगे। इसी तरह जींद से कैथल के साधारण बस में 65 रुपए लगते हैं लेकिन एसी बस में 105 रुपए लगेंगे।जींद डिपो द्वारा फिलहाल इन दो ही रूट का किराया तय किया गया है।

## सोनीपत के कच्चे क्वार्टर में शुरू हुए एक करोड के विकास कार्य

**सोनीपत।** सोनीपत शहर में वार्ड नंबर 11 के कच्चे क्वार्टर में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या अब समाप्त होने की ओर है।विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने यहां विकास कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर निगम पार्षद इंदु वलेचा और क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि कच्चे क्वार्टर की पुरानी सीवर लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसके कारण पिछले कई महीनों से लोगों को गंदे पानी और ओवरफ्लो से जूझना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए नगर निगम ने एक करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का टेंडर जारी किया था। अब इस कार्य का शुभारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन सप्ताह में काम पूरा कर लिया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि कच्चे क्वार्टर की सभी गलियों और मुख्य मार्गों पर नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी।

# कानून-व्यवस्था पर मुख्यमंत्री सैनी का सख्त संदेश: अपराधियों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर एक कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है और कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ÷अगर कोई कानून व्यवस्था को बिगाड़ेगा, चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति अगर अपराध करेगा तो उसको मिट्टी में मिला दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नशा तस्करों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी गांव, मोहल्ले या शहर के वार्ड में नशा बिकता है तो स्थानीय लोग तुरंत सरकार के पोर्टल पर शिकायत दर्ज



कराएं, जिसके बाद नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े, इसके लिए 10 जिला स्तरीय सरकारी अस्पतालों को विकसित किया जा रहा है, जिनका उद्घाटन जल्द ही किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर वोटों की चोरी का निराधार आरोप लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिना वजह इस मुद्दे को उठा रही है और उनका यह झूठ अब नहीं चलेगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. बीआर अंबेडकर के संविधान को तार-तार किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं, जिससे कांग्रेस बौखला गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब लोगों को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है और आज गरीब व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## सोनीपत के कुम्हार गेट बाजार में लगी आग, लाखों का नुकसान

एजेंसी



**सोनीपत।** कुम्हार गेट बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक होलसेल कनफेक्शनरी दुकान में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते दुकान की पहली मंजिल पर रखा सामान आग की चपेट में आ गया। आसपास के दुकानदार घबराकर बाहर निकल आए और बाजार में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन दुकान मालिक ऋषभ जैन को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। ऋषभ के अनुसार सुबह उन्हें पड़ोसी दुकानदारों से सूचना मिलीथी कि उनकी दुकान में आग लगी है। वे तुरंत पहुंचे और शटर खोला तो देखा कि पहली मंजिलपर रखा स्टॉक धधक रहा है। धुएं और लपटों के चलते आसपास के इलाक़े में भीड़ जमा हो गई और स्थिति अफरा-तफरी वाली बन गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को फोन किया। दमकल की गाड़ियां थोड़ी देर में पहुंचीं और टीम ने कड़ी मेहनत कर आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि दमकल के पहुंचने तक दुकान का ज्यादातर सामान जलकर राख हो चुका था। ऋषभ ने बताया कि इस घटना में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि फिलहाल पूरे मामले की तहकीकात जारी है।

## कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो : मनोहर लाल

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत जीटी रोड स्थित एसडी कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सीएम एवं केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शिरकत की। बैठक में केवल पार्टी कार्यकर्ताओं को ही आमंत्रित किया गया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्म करते रहो, फल की चिंता मत करो। कर्मयोगी मोदी ने जो हमें बताया है, पिछले 11 साल की जो भी उपलब्धियां देशभर में हुई है, आप सब उनको जनता तक पहुंचाने का काम करें। वहीं कांग्रेस पर तंज कसते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस के कारनामे जनता को बरगलाने के लिए है। जनता को सही और गलत की पहचान हो चुकी है। वोटर लिस्ट को बिल्कुल विशुद्ध किया जा रहा है, कांग्रेस उसका विरोध कर रही है। इससे पता चलाता है कि वो गलत वोटरों के साथ है। उसी के आधार पर आज वो



50 से 99 पर पहुंची है, गलत वोटर उन्हीं का है। उन्होंने कहा कि गलत वोटरों को हटाने से हमारी सीटें पहले से घटी है।कांग्रेस हमेशा आरएसएस को गालियां देती रही और जब कुछ बन नहीं पाया, तो गालियां देना बंद कर यूथ कांग्रेस ने आरएसएस की तरह शाखाएं लगानी शुरू कर दी, जो नहीं चल पाई। हम उनको कहेंगे कि कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग दें, ताकि विपक्ष मजबूत होकर अपनी लड़ाई लड़ सकें। पार्टी के लोगों में अच्छे संस्कार भरें। हमने भी 1952 में जनसंघ का चुनाव लड़ा था और एक मजबूत विपक्ष के लिए लड़ा था। वहीं 50 साल विपक्ष में रहकर निभाएं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार भाजपा नेत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, पूर्व मेयर अवनीत कौर, समालखा से भाजपा नेता कृष्ण छौक्कर, गजेंद्र सलूजा सहित अनेक मौजूद रहे।

## अटल जी का जीवन और विचार आज भी प्रेरणा का आधार: बड़ौली

ज्योति दर्पण

**सोनीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व, उनकी कार्यशैली और राष्ट्र के प्रति समर्पण हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

बड़ौली ने सोनीपत में कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी सच्चे अर्थों में भाजपा के पितृ पुरुष और करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक थे। उनका समग्र जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा। चाहे सत्ता में रहे हों या विपक्ष में, उन्होंने राष्ट्रहित, सुशासन और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। बड़ौली ने बताया कि अटल जी के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर दुनिया में नई पहचान बनाई। सड़क विकास जैसी योजनाओं ने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत आधार दिया। वे केवल प्रखर वक्ता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेता और संवेदनशील कवि भी थे। आज भी कार्यकर्ताओं को जनकल्याण और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए विकास और सुशासन की





सिद्धांतों पर आधारित उनकी राजनीति और काव्यात्मक शैली ने उन्हें जनता के दिलों में विशेष स्थान दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अटल जी अपने नाम के अनुरूप दृढ़ निश्चयी थे और जो ठान लेते थे, उसे पूरा करके दिखाते थे। उनके आदर्श नीति को आगे बढ़ाया जाएगा। बड़ौली ने कहा कि अटल जी का जीवन भारतीय संस्कृति, राजनीति की स्वच्छता और समाज के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है, जो हमेशा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा।

## हरियाणा में भावांतर भरपाई योजना में शामिल होगा शहद

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि बागवानी फसलों की तर्ज पर शहद को भी भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया जाएगा। साथ ही, रामनगर स्थित एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र में शहद की बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। वहीं पर भंडारण और गुणवत्ता जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जल्द ही 20 करोड़ रुपये की लागत से गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, रामनगर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाया जाएगा, जहां मधुमक्खी पालन से संबंधित उन्नत एवं वैज्ञानिक अनुसंधान किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में आयोजित मधुमक्खी पालन पर राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का एक बड़ा साधन है और इससे फसलों की पैदावार भी बढ़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वीट क्रांति' के आह्वान को साकार करने



के लिए हरियाणा तेजी से कदम बढ़ा रहा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र के रामनगर में इजरायल के सहयोग से देश का पहला एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र स्थापित किया गया है, जहां किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां शहद व्यापार केंद्र भी है, जिसके माध्यम से अब तक 74 हजार बक्से और 3 लाख 43 हजार कॉम्ब शीट दी जा चुकी हैं। इस केंद्र में शहद का प्रसंस्करण और बॉटलिंग की भी सुविधा है। प्रदेश सरकार ने 'मधुमक्खी पालन नीति-2021' बनाई है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक 7750 मधुमक्खी पालक तैयार करने और 15,500 मीट्रिक टन शहद उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। मधुमक्खी के बक्सों, कॉलोनियों और उपकरणों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन के साथ बागवानी को कृषि विविधीकरण का प्रमुख स्तंभ बनाया गया है। वर्ष 2014 में राज्य में बागवानी का क्षेत्रफल 1.17 लाख एकड़ था, जो अब बढ़कर 2.60 लाख एकड़ हो गया है। एफपीओ, उत्कृष्टता केंद्र, भावांतर भरपाई योजना और फसल खरीद के जरिए किसानों को मजबूत किया गया है।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों की आमदनी बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किसानों का सशक्त होना सबसे पहली आवश्यकता है। इसी दिशा में फसलों के साथ-साथ डेयरी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस देश में कृषि का विकास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था हो, उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

## एनएच 152डी पर अनियंत्रित हुई कार, महिला की मौत, तीन गंभीर



एजेंसी

**जींद।** जुलाना क्षेत्र के बुढ़ा खेड़ा गांव के पास बाद एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। तीन लोगों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। कार सवार खाटू श्याम के दर्शन कर जगाधरी लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार जगाधरी निवासी 30 वर्षीय जयप्रकाश, 32 वर्षीय तेजपाल, 30 वर्षीय लक्ष्मी, 30 वर्षीय रीतू, 32 वर्षीय सुनील और दो बच्चे कार में सवार होकर खाटू श्याम से जगाधरी अपने घर की ओर लौट रहे थे। जब वह एनएच 152डी पर बुढ़ाखेड़ा गांव के पास पहुंचे तो अचानक कार का टायर फट गया। टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने रीतू को मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य घायलों को रोहतक पीजीआई रैफर किया गया है।

## सोनीपत के कच्चे क्वार्टर में शुरू हुए एक करोड के विकास कार्य

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत शहर में वार्ड नंबर 11 के कच्चे क्वार्टर में लंबे समय से चली आ रही सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या अब समाप्त होने की ओर है। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने यहां विकास कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर निगम पार्षद इंदु वलेचा और क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे। स्थानीय निवासियों ने फूल मालाओं से अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि कच्चे क्वार्टर की पुरानी सीवर लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसके कारण पिछले कई महीनों से लोगों को गंदे पानी और ओवरफ्लो से जूझना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए नगर निगम ने एक करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से नई सीवरेज लाइन बिछाने का टेंडर जारी किया था। अब इस कार्य का शुभारंभ हो चुका है और अगले दो से तीन सप्ताह में काम पूरा कर लिया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि कच्चे क्वार्टर की सभी गलियों और मुख्य मार्गों पर नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा सुभाष चौक से अमृतसरी स्वीट्स



तक और एटलस रोड के हिस्से में भी सीवर लाइन डाली जाएगी। काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत भी की जाएगी। उन्होंने निर्माण एजेंसी को आदेश दिए कि कार्य जल्द से जल्द और पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि इस काम से सीवरेज ओवरफ्लो और दूषित जल भराव की समस्या स्थायी रूप से खत्म होगी। लोगों का कहना है कि अब उन्हें राहत मिलेगी और क्षेत्र की स्थिति सुधरेगी। निगम पार्षद इंदु वलेचा, संजीव वलेचा, वासुदेव सुखीजा, जवाहर चांदना, राकेश चोपड़ा, नरेश छाबड़ा, लव भूटानी, अमित सुखीजा, अमित बत्रा, बिट्टू कामरा, पवन तनेजा, पंकज शर्मा, अविनाश मलिक, बिट्टू जैन, अनिल शर्मा, यशपाल, सोनू कामरा, अमन आदि उपस्थित रहे।

## वेयरहाउस और गैस पाइप लाइन में लगी आग

एजेंसी

**गुरुग्राम।** जिला में दो जगहों पर आग लगने की सूचना से लोगों में हड़कंप मच गया। एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक एक वेयरहाउस आग लग गई। वहीं दूसरी ओर मानेसर क्षेत्र में गैस पाइप लाइन में आग लग गई। गैस पाइप लाइन में आग लगने का कारण गैस का रिसाव माना जा रहा है। फायर बिग्रेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुंच गई। दोनों ही घटनाओं में किसी व्यक्ति के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अतुल कटारिया चौक एयरफोर्स स्टेशन के निकट एनएसए ट्रेडेक्स नाम के वेयरहाउस में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आस पास के इलाका में धूआं ही धूआं हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग के अनुसार आग पर काबू पाने के लिए दो दमकल वाहनों को तैनात किया गया। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमें भी राहत कार्य के लिए पहुंची हैं। फायर ऑफिसर नरेंद्र यादव के अनुसार आग की सूचना करीब 11 बजे मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहंची और आग बूझाने में जुट गई। उन्होंने कहा कि वेयर हाउस में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। हालांकि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थिति अभी कंट्रोल में है। आग की दूसरी घटना मानेसर में मेसर्स वीवीडीएन, प्लॉट नंबर सीपी-7, सेक्टर 8, आईएमटी हुई। एचसीजी पाइपलाइन से गैस का रिसाव होने लगा और उसमें आग लग गई। आग सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। स्थिति बिगड़ने से पहले फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी को रिसाव का कारण माना जा रहा है। प्रशासन ने उद्योग संचालकों को गैस पाइप लाइनों और उपकरणों की नियमित जांच का निर्देश दिए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को देंगे दो बड़ी सड़क परियोजनाएं

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सड़क ढांचे को नई गति देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अगस्त को प्रदेश को दो बड़ी सड़क परियोजनाओं की सौगात देंगे। सोनीपत और बहादुरगढ़ को जोड़ने वाले लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो नए 4-लेन संपर्क मार्गों से इन क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री 17 अगस्त को दिल्ली के रोहिणी से लगभग 11 हजार करोड़ रुपये लागत की छह सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें से दो परियोजनाएं हरियाणा से जुड़ी हैं। इनसे एन.सी.आर. क्षेत्र को ट्रैफिक जाम और कनेक्टिविटी की चुनौतियों से मुक्ति मिलेगी। नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये परियोजनाएं एनसीआर क्षेत्र में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के निर्माण की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इनमें अर्बन एक्सटेंशन रोड - 2 परियोजना के अंतर्गत पैकेज-4 में 1490 करोड़ रुपये की लागत से बना 29.6 किमी लंबा मार्ग सोनीपत को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। यह अब एनएच -44



के भारी ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाएगा। यह बवाना औद्योगिक क्षेत्र को सीधे एनएच-352-ए जींद-गोहाना मार्ग से जोड़कर व्यापार और उद्योग को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि पैकेज-5 में 487 करोड़ रुपये की लागत से बना 7.3 किमी का मार्ग दिल्ली के दिचाऊं कलां को सीधे बहादुरगढ़ और केएमपी एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। इससे बहादुरगढ़ और केएमपी एक्सप्रेसवे तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के लोकार्पण से क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और यातायात सुगमता को नया आयाम मिलेगा। साथ ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से हरियाणा के प्रमुख शहरों की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी5मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे ये उपहार हरियाणा की प्रगति यात्रा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने बताया कि नई सड़क परियोजनाओं से सोनीपत और बहादुरगढ़ ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों को भी लाभ होगा।

## पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने दिखाई हिसार से मुकाम के लिए बस को हरी झंडी

**हिसार।** राज्य परिवहन के हिसार डिपो ने हिसार से मुक्तिधाम मुकाम के लिए सीधा बस सेवा शुरू की है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने सुबह हिसार बस अड्डे से इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर विधायक रणधीर पनिहार एवं रोडवेज महाप्रबंधक राहुल मित्तल, अन्य अधिकारी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कुलदीप बिश्नोई ने हिसार से मुकाम के लिए बस को रवाना करते हुए कहा कि रोडवेज अधिकारियों ने बिश्नोई समाज के श्रद्धालुओं व गणमान्य व्यक्तियों की मांग पर यह बस सेवा शुरू करके सराहनीय काम किया है। इसके लिए वे समाज की तरफ से सरकार एवं रोडवेज अधिकारियों के आभारी हैं कि उन्होंने इस मांग व जरूरत को समझा। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम मुकाम व सालासर धाम से लाखों लोगों की भावनाएं जुड़ी है और हर समय श्रद्धालु इन धामों पर जाते रहते हैं। ऐसे में इस बस के चलने से श्रद्धालुओं व इस रूट के यात्रियों को सहुलियत होगी। रोडवेज महाप्रबंधक राहुल महाप्रबंधक राहुल मित्तल ने बस के पूरे रूट का ब्यौरा देते हुए बताया कि यह बस सुबह 9.26 बजे हिसार से चलेगी और राजगढ़, चुरू, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, सालासर, सुजानगढ़, छापर, जसरासर व मुकाम होते हुए नोखा तक जाएगी। शाम को सात बजे यह बस नोखा पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में यह बस सुबह सात बजे नोखा से चलेगी और इसी रास्ते से शाम को हिसार पहुंचेगी। यातायात शाखा के निरीक्षक आत्माराम नेहरा ने बताया कि परमिट मिलने के बाद टाइम टेबल बनाकर इस बस को चलाया गया है। इससे इस रूट के यात्रियों को सुविधा होगी। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा पूर्व विधायक दुड़ाराम, रेनुका बिश्नोई, हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान रामसिंह बिश्नोई, प्रधान जोगेन्द्र पंघाल, राकेश पूनिया सदलपुर, पंचकूला मंदिर प्रधान लीलूराम गोदारा, हिसार बिश्नोई मंदिर प्रधान जगदीश कड़वासरा, सुभाष बिश्नोई, अशोक मांझू, एडवोकेट विकास बिश्नोई, महेन्द्र सिंह माल, सत्यपाल अग्रवाल भागीरथ शर्मा, पटेल सिंह व हनुमान जांगड़ा सहित बिश्नोई समाज के अनेक पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# सेंसेक्स की पांच कंपनियों का मार्केट कैप 60,675.94 करोड़ बढ़ा

### - एसबीआई और एचडीएफसी बैंक को सबसे ज़्यादा फायदा

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी के चलते सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में कुल 60,675.94 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक बढ़ा, जबकि निफ्टी में 268 अंक की वृद्धि हुई। बाजार में छुट्टियों के कारण कारोबार के सत्र कम थे, फिर भी निवेशकों का भरोसा बना रहा। एचबीआई का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ हो गया, जो इस सप्ताह की सबसे बड़ी बढ़त रही। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 14,083.51 करोड़ बढ़कर 15,28,387.09 करोड़ हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस का मार्केट कैप 9,887.17 करोड़ बढ़ा और यह 6,01,310.19 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी क्रमशः 8,410.60 करोड़ और 7,848.84 करोड़ की बढ़त दर्ज की। इसके विपरीत, एलआईसी को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उसका बाजार मूल्यांकन 15,306.50 करोड़ घटकर 5,61,881.17 करोड़ रह गया। बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएच और हिंदुस्तान यूनिलीवर को भी घाटा हुआ। मार्केट कैप के आधार पर शीर्ष कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर




बनी रही, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएच, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। इस सप्ताह के सकारात्मक संकेत निवेशकों के लिए उत्साहजनक रहे, विशेषकर बैंकिंग और आईटी क्षेत्र में।

## एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से माइलेज और तकनीकी समस्याएं, विशेषज्ञ चिंतित

### - वाहनों की माइलेज में करीब 7 फीसदी तक की गिरावट

**नई दिल्ली ।**

भारत में वाहनों के लिए 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के उपयोग को लेकर माइलेज और तकनीकी समस्याओं पर बहस तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने शिकायत की है कि इस ईंधन के कारण उनके वाहनों की माइलेज में करीब 7 फीसदी तक की गिरावट आई है। साथ ही, कुछ लोगों ने इंजन के रबड़ और धातु के कलपुर्जों के जल्दी खराब होने की आशंका भी जताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एथनॉल की हाइग्रोस्कोपिक प्रकृति यानी नमी को सोखने की क्षमता इसका प्रमुख कारण है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि अगर पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंक में पानी चला जाए, तो एथनॉल उससे घुलकर ईंधन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इससे वाहन की परफॉर्मेंस पर



असर पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ई20 का उद्देश्य प्रदूषण कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और आयात पर निर्भरता घटाना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भी माना कि ई20 से माइलेज में थोड़ा अंतर हो सकता है, लेकिन इसे स्वच्छ और स्वदेशी ऊर्जा के लिए जरूरी कदम बताया।

# चीन से मैग्नेट सप्लाई में रुकावट

### - भारतीय ईवी कंपनियों ने खोजे नए विकल्प

**मुंबई ।**

भारत की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनियों ने चीन से हैवी रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई में आई कमी से निपटने के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने शुरू कर दिए हैं। फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनियां उत्पादन बनाए रखने के लिए तेजी से कदम उठा रही हैं। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि अगस्त में उत्पादन बाधित हो सकता है, लेकिन अब कंपनियों ने विकल्प तैयार कर लिए हैं। बजाज ऑटो ने चीन से लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट, जिन्हें हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट भी कहा जाता है, आयात किए हैं। इनका परीक्षण ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया में चल रहा है। परीक्षण सफल रहने पर बजाज इन मैग्नेट्स को बड़ी मात्रा में मंगाकर अपने मोटर सब-असेंबली में इस्तेमाल करेगी। इन मैग्नेट्स की खासियत यह है कि इन्हें उपयोग करने पर कंपनी को घरेलू मूल्यवर्धन में कोई छूट नहीं लेनी पड़ेगी। एथर एनर्जी भी इसी दिशा में काम कर रही है। कंपनी खुद लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट्स की टेस्टिंग कर रही है और साल की आखिरी तिमाही में एआरएआई से मंजूरी लेने की योजना है। टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ ने बताया कि उनकी कंपनी कई विकल्पों पर काम कर रही है, जैसे फेराइट आधारित मैग्नेट, हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट और बिना मैग्नेट



वाली मोटर टेक्नोलॉजी। साथ ही, कंपनी विभिन्न देशों से सप्लाई सुनिश्चित करने की भी कोशिश कर रही है। यह पहल भारतीय ईवी इंडस्ट्री को चीन पर निर्भरता कम करने और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जा रही है।

## जीएसटी सुधार और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की दिशा

### - कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव, डॉलर-रुपया विनिमय दर निवेशकों की रणनीति प्रभावित कर सकते हैं





**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह देखी गई तेजी के बाद इस सप्ताह में निवेशकों की निगाहें मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर टिकी रहेंगी। अनुमान है कि सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कुछ अहम बदलावों की घोषणा कर सकती है, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बन सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जीएसटी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। इससे व्यापारियों और कंपनियों को कर अनुपालन में राहत मिलने की संभावना है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। हालांकि, निवेशक सुधारों की प्रकृति और विस्तार से जानकारी मिलने तक सतर्क रुख अपना सकते हैं। यदि सुधार व्यावहारिक और दूरगामी हुए, तो बाजार में और तेजी देखने को मिल सकती है। इसी बीच वैश्विक कारक भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगे। अमेरिका और चीन की आर्थिक स्थिति, फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, और डॉलर-रुपया विनिमय दर जैसे कारक निवेशकों की रणनीति को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सप्ताह बाजार के लिए निर्णायक हो सकता है। निवेशकों को सतर्क रहकर निर्णय लेने की सलाह दी जा रही है, खासकर तब जब घरेलू नीति और वैश्विक घटनाएँ दोनों ही मोर्चों पर हलचल तेज है।

# रियलमी पी4 और रियलमी पी4 प्रो जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली ।**

भारत में रियलमी कंपनी आगामी 20 अगस्त को अपनी नई स्मार्टफोन सीरीज रियलमी पी4 और रियलमी पी4 प्रो लॉन्च करेगी। यह हैंडसेट डुअल चिपसेट टेक्नोलॉजी के साथ आएगा। रियलमी पी4 प्रो के टीजर से पता चलता है कि इसमें क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 7 जेन 4 और हायपर विजन एआई चीप का संयोजन होगा। यह स्मार्टफोन 7000 एमएएच की बैटरी और 80वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ पेश किया जाएगा। लॉन्च के बाद इसे फलीपकार्ट पर खरीदा जा सकेगा। फलीपकार्ट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, रियलमी पी4 प्रो में 144 एचझेड रिफ्रेश रेट वाला 4डी क्रूव्ड प्लस डिस्प्ले होगा,




जिसकी पीक ब्राइटनेस 6500 निट्स तक होगी। स्नैपड्रेगन 7 जेन 4 को 4एनएम टीएसएमसी प्रोसेस पर बनाया गया है और यह अंतूतू बेंचमार्क पर लगभग 11 लाख अंक प्राप्त कर चुका है। यह चिपसेट मल्टीटास्किंग और हाई-परफॉर्मेंस टास्क को आसानी से संभालने में सक्षम है।

रियलमी पी4 में भी डुअल चिपसेट का फीचर मिलेगा, लेकिन इसमें मीडियाटेक डायमेंसिटी 7400 अल्ट्रा 5जी चिपसेट के साथ पिक्सलवर्क विजूअल प्रोसेसर का उपयोग किया गया है, जो बेहतर विजुअल परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। रियलमी पी4 प्रो में एक डेडिकेटेड ग्राफिक्स चिपसेट भी दिया जाएगा, जिससे गेमिंग और ग्राफिक्स अनुभव और बेहतर होगा। कीमत के मामले में कंपनी ने संकेत दिया है कि रियलमी पी4 प्रो की कीमत 30 हजार रुपये से कम होगी।


# विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार

### - मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे

**नई दिल्ली ।**

पिछले सप्ताह विदेशी बाजारों में तेल-तिलहन के भाव में मजबूती के कारण घरेलू बाजार में भी सरसों तेल, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। हालांकि, सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई क्योंकि सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग कमजोर रही। सोयाबीन तिलहन के दामों का सीधा संबंध डीओसी के बाजार से है, जो सोयाबीन से लगभग 82 प्रतिशत निकलता है। डीओसी के मजबूत दामों से सोयाबीन तिलहन को सहारा मिलता है, लेकिन ऊंचे दामों के कारण इसकी स्थानीय मांग कम बनी हुई है। विशेषज्ञों ने इसके लिए स्थानीय बाजार के विकास की जरूरत बताई है। मिलावटी बिनौला खल की समस्या ने भी तेल-तिलहन कारोबार को प्रभावित किया है। इससे किसानों को शुद्ध बिनौला खल के लिए उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जो कपास उत्पादन पर भी असर डाल सकता है। इस समस्या को लेकर संसद में भी रोक लगाने की मांग उठी है। सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की है, जिससे कच्चा पामतेल के लिए 20 रुपये और सोयाबीन डीगम के लिए 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए गए हैं। इससे आयातित तेलों की कीमतों में वृद्धि हुई और घरेलू तेलों की कीमतों को मजबूती मिली। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे, जबकि कमजोर आवक के कारण बिनौला तेल के दामों में सुधार देखा गया। सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपये बढ़कर 7,275-7,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सीपीओ तेल के दाम में 420 रुपये और पामोलीन तेल में 400-500 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कुल मिलाकर, विदेशी बाजारों की मजबूती और सरकारी नीतियों के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार का रुख जारी है।

## 1 अक्टूबर से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद




### अब एक आम व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट के जरिए पैसे नहीं मांग पाएगा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने ऑनलाइन ठगी रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए पीयर-टू-पीयर कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का फैसला किया है। कलेक्ट रिक्वेस्ट एक ऐसा फीचर था जिससे कोई भी यूजर अपने दोस्त या रिश्तेदार से पैसे मांग सकता था। उदाहरण के तौर पर अगर किसी दोस्त को 500 वापस लेने होते थे तो वह यूपीआई ऐप के जरिए कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजता था और जैसे ही पैसा मांगा गया व्यक्ति अपने पिन से उसे मंजूरी देता, पैसा उसके खाते में ट्रांसफर हो जाता था। हालांकि, इस सुविधा का गलत फायदा उठाकर धोखेबाज लॉटरी, कैशबैक, या नौकरी के बहाने फोन कर यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजकर फ्रॉड करते थे। वे कहते थे कि आपके खाते में पैसा आने वाला है, बस रिक्वेस्ट अप्रूव कर दें। जैसे ही पीड़ित अपना यूपीआई पिन डालता, उसके खाते से पैसा धोखेबाजों के खाते में चला जाता था। एनपीसीआई ने इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का कदम उठाया है। इसका मतलब है कि अब एक आम व्यक्ति दूसरे आम व्यक्ति से यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट के जरिए पैसे नहीं मांग पाएगा। इस बदलाव का रोजमर्रा के यूपीआई पेमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दुकानें, कंपनियां और वेरिफाइड व्यवसाय अभी भी कलेक्ट रिक्वेस्ट भेज सकेंगे। यूजर्स क्यूआर कोड, मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी के जरिए पेमेंट करना जारी रख सकते हैं। इस कदम से आम यूजर्स के पैसे पहले से ज्यादा सुरक्षित हो जाएंगे और गलती से फ्रॉड रिक्वेस्ट को अप्रूव करने का डर खत्म होगा। यूपीआई पर यह बदलाव सुरक्षा बढ़ाने के लिए अहम कदम माना जा रहा है।

## भारत की सॉवरेन रेटिंग के बाद 10 प्रमुख वित्तीय संस्थानों की रेटिंग भी बढ़ी



### *- भारत के 10 साल के बॉन्ड यील्ड में दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई*

**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार के एक दिन बाद ही एजेंसी ने भारत के 10 प्रमुख वित्तीय संस्थानों की रेटिंग में भी सुधार किया है। इसमें एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस जैसी वित्तीय कंपनियों की भी रेटिंग बढ़ाई गई है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, बेहतर वित्तीय प्रणाली और खराब कर्जों की वसूली में सुधार से इन संस्थानों की स्थिति मजबूत हुई है। एजेंसी को भरोसा है कि ये संस्थान देश की घरेलू मांग और निवेश वृद्धि का पूरा लाभ उठाएंगे। रेटिंग अपग्रेड की खबर से वित्तीय बाजारों में भी सकारात्मक असर पड़ा। भारत के 10 साल के बॉन्ड यील्ड में दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई, और यह 6.38 फीसदी तक पहुंचा। वहीं, रुपया भी थोड़ा मजबूत होकर 87.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत ने राजकोषीय अनुशासन और समावेशी विकास में संतुलन कायम किया है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है, जिसे उपभोक्ता मांग और सरकारी खर्च से समर्थन मिलेगा। एजेंसी ने यह भी कहा कि अमेरिकी टैरिफ का अल्पकालिक असर हो सकता है, लेकिन भारत का दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टिकोण मजबूत बना रहेगा।

## आईओसी इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से बना रहा विमानन ईंधन

**नई दिल्ली ।**

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पानीपत रिफाइनरी ने इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आईएससीसी कोरे सिया प्रमाणन प्राप्त कर लिया है। यह भारत में पहली बार किसी कंपनी ने ऐसा प्रमाणन हासिल किया है। सेफ पारंपरिक जेट ईंधन में 50 फीसदी तक मिलाया जा सकता है, जिससे विमानन क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट ईंधन में कम से कम 1 फीसदी सेफ अनिवार्य कर दिया है। आईओसी पानीपत रिफाइनरी सालाना 35,000 टन सेफ का उत्पादन करेगी। यह ईंधन मुख्यतः बड़े होटल और रेस्तरां से एकत्रित इस्तेमाल किए हुए तेल से बनेगा। इसके अलावा, कंपनी गुजरात की कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट उत्पादन के लिए भी बड़ा संयंत्र स्थापित कर रही है और हरित हाइड्रोजन उत्पादन पर भी काम कर रही है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## 12-18 महीनों में हो सकती है क्लासिक लीजेंड्स की आईपीओ लिस्टिंग




**मुंबई ।** महिंद्रा समूह समर्थित क्लासिक लीजेंड्स अगले 12 से 18 महीनों में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध हो सकती है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लिस्टिंग अब एक वास्तविकता है और इसके पीछे केवल पूंजी जुटाना उद्देश्य नहीं है, बल्कि एक वैश्विक ब्रांड निर्माण की दिशा में कदम है। फिलहाल कंपनी के पास 875 करोड़ की पूंजी है और तत्काल फंडिंग की जरूरत नहीं है। क्लासिक लीजेंड्स का ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहन अनुसंधान केंद्र पहले से तैयार है, लेकिन ईवी बाजार में एंट्री तभी होगी जब चार्जिंग ढांचा मजबूत होगा। इस प्रोजेक्ट को ब्रिटिश सरकार का समर्थन प्राप्त है। अधिकारी ने यह भी कहा कि बीएसए ब्रांड को पहले ब्रिटेन और फिर भारत में उतारना एक रणनीतिक और साहसिक निर्णय था। उनका मानना है कि दुनिया को एक भरोसेमंद मध्यम-बाजार मोटरसाइकिल ब्रांड की जरूरत है।




## एफपीआई ने अगस्त में 21,000 करोड़ की निकासी की

### - वैश्विक अनिश्चितता और रुपये की कमजोरी मुख्य कारण

**नई दिल्ली ।** अगस्त 2025 के पहले पखवाड़े में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से करीब 20,975 करोड़ रुपए की निकासी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे 2025 में एफपीआई की कुल निकासी 1.16 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। यह निकासी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों और रुपये में गिरावट के कारण हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका और अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता ने उभरते बाजारों, विशेष रूप से भारत जैसे देशों में निवेश के प्रति एफपीआई की धारणा को प्रभावित किया है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा है, जिससे विदेशी निवेश और भी कम आकर्षक हो गया है। बाजार के जानकारों ने कहा` कि भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक नीतियों में बदलाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। वहीं, कंपनियों के अनुमान से कमजोर तिमाही परिणाम और शेयरों का ऊंचा मूल्यांकन भी बिकवाली की प्रमुख वजहें हैं। हालांकि कुछ सकारात्मक संकेत भी हैं। अमेरिका-भारत व्यापार तनाव में कमी और अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क को 27 अगस्त के बाद टालने की संभावना से निवेशकों को राहत मिल सकती है।

## एयर कनाडा में पहली बड़ी फ्लाइट अटेंडेंट हड़ताल, 623 से अधिक उड़ानें रद्द

**मुंबई।** कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन एयर कनाडा 1985 के बाद पहली और सबसे बड़ी फ्लाइट अटेंडेंट हड़ताल का सामना कर रही है। करीब 10,000 केबिन क्रू ने हड़ताल शुरू कर दी है, जिससे 623 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गई हैं और 1 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं। टोरंटो, मॉन्ट्रियल और वैंकूवर जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्रियों को लंबी लाइनों और अफरा-तफरी का सामना करना पड़ रहा है। फ्लाइट अटेंडेंट्स की सबसे बड़ी मांग 'अनपेड वर्क' यानी बिना भुगतान के किए गए काम के लिए वेतन प्राप्त करना है। वर्तमान में एयर कनाडा कर्मचारियों को केवल विमान उड़ान के दौरान भुगतान करता है। लेकिन बोर्डिंग, सुरक्षा जांच और दो उड़ानों के बीच जमीन पर इंतजार का समय वेतन में शामिल नहीं है। फ्लाइट अटेंडेंट्स चाहते हैं कि वे काम किए गए हर घंटे का भुगतान पाएं, चाहे वह समय विमान में हो या जमीन पर। इसके अलावा वेतन वृद्धि की भी मांग की जा रही है, लेकिन अनपेड वर्क का मुद्दा सबसे अहम है। कनाडा की नौकरी और परिवार मंत्री एयरलाइन और यूनियन के बीच वार्ता कर समझौते का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन पाई। एयरलाइन ने 'बाइंडिंग आर्बिट्रेशन' लागू करने का सुझाव दिया, जिसमें मध्यस्थ का फैसला अंतिम माना जाएगा और हड़ताल रोक दी जाएगी। यूनियन ने इसे हड़ताल के अधिकार का उल्लंघन बताया और इसे स्वीकार नहीं किया।

## डिविडेंड वीक- अगले हफ्ते 90 कंपनियों से निवेशकों को मिलेगा लाभ

**मुंबई ।** शेयर बाजार में डिविडेंड का माहौल गर्म है। 18 अगस्त से 22 अगस्त के बीच निवेशकों के लिए एक सुनहरा मौका आने वाला है, जब करीब 90 कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड (लाभांश) देने जा रही हैं। इसमें दिग्गज ए-ग्रुप कंपनियों से लेकर मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियां भी शामिल हैं। डिविडेंड वीक की शुरुआत 18 अगस्त को होगी। इस दिन आरती इंडस्ट्रीज, ब्राइट ब्रदर्स, जेके पेपर और पावर फाइनेंस कारपोरेशन जैसे नाम डिविडेंड देंगे। 19 अगस्त को अपोलो हॉस्पिटल्स, नेटको फार्मा और पावर ग्रिड कारपोरेशन जैसे जैसे दिग्गज कंपनियों की बारी होगी। 20 अगस्त को मिडकैप और स्मॉलकैप कंपनियों में हलचल देखने को मिलेगी। इस दिन भंसाली इंजीनियरिंग, सेन्को गोल्ड और सुखजीत स्टार्च जैसे शेयर चर्चा में रहेंगे। 21 अगस्त को कोल इंडिया, हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स और रिलेक्सो फुटवियर जैसी बड़ी कंपनियां अपने निवेशकों को इनाम देंगी।

# आपदा में राहत देने के बजाए जब कुर्सी हिलाने पहुंच गए कई सांसद!



गोपाल नारसन

**उत्तराखंड में आई इस भयावह प्राकृतिक आपदा के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे सांसदों को प्रधानमंत्री ने साफ और सख्त संदेश दिया है कि यह समय एकजुट होकर उत्तराखंड को बचाने का है। दिल्ली में उनसे मिलने पहुंचे सांसदों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा, 'उत्तराखंड में संकट की घड़ी है। आप सभी तत्काल धराली और हर्षिल जैसे प्रभावित क्षेत्रों में जाएं और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सहयोग करें।'**



उत्तरकाशी आपदा से जूझ रहे उत्तराखंड में जब मलबे में दबे लोगो की जिंदगी तलाशने की जंग जारी थी,उसी समय देवभूमि के कुछ सांसद कुर्सी की चाहत में प्रधानमंत्री से मिलने पहुंच गए।यूं तो कई बार विपक्ष के बजाए सत्ता पक्ष के ही कुछ लोगो ने मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अनेक मामलों में शिकायत कर उन्हें सत्ता से बेदखल करने का असफल प्रयास किया है,लेकिन इस बार तो हद ही हो गई राज्य प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा था।भारतीय सेना ,एनडीआरएफ के जवानों व प्रदेश के मुखिया ने प्रलय स्थल पर जाकर मलबे में दबे लोगो को निकालकर उनमे जिंदगी खोजने का काम किया है तो करीब एक हजार लोगों को रेस्क्यू कर उनकी जान भी बचाई है।

उत्तराखंड में आई इस भयावह प्राकृतिक आपदा के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचे सांसदों को प्रधानमंत्री ने साफ और सख्त संदेश दिया है कि यह समय एकजुट होकर उत्तराखंड को बचाने का है। दिल्ली में उनसे मिलने पहुंचे सांसदों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा, 'उत्तराखंड में संकट की घड़ी है। आप सभी तत्काल धराली और हर्षिल जैसे प्रभावित क्षेत्रों में जाएं और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सहयोग करें।' प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार उत्तराखंड की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। राज्य को हर आवश्यक सुविधा और सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी खुद मौके पर मौजूद हैं और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। साथ ही वे लगातार प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्र सरकार के संपर्क में हैं। मोदी ने सांसदों से अपेक्षा जताई कि सिर्फ बैठकें या औपचारिकता नहीं, अब जमीनी स्तर पर मदद की जरूरत है। प्रधानमंत्री के इस निर्देश से उन राजनीतिक लोगो को कड़ा संदेश गया है जो इस आपदा की घड़ी में केवल राजनीति करने तक सीमित बने हुए है।ऐसे राजनेता ओ को उन्होंने साफ कहा कि जनता के बीच जाकर राहत व पुनर्वास कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री की इस सख्ती को लेकर राजनीतिक हलकों में इन दिनों चर्चा तेज है ।वही उत्तराखंड धराली आपदा रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।उत्तराखंड सरकार ने आपदा पीड़ितों के लिए सहायता राशि का ऐलान किया।धराली आपदा में जीवन खोने वाले लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए का मुआवजा दिया जायेगा।जिन लोगों ने अपने मकान गंवाए हैं, उन्हें भी 5-5 लाख रुपए की त्वरित सहायता राशि दी जाएगी। इसके साथ ही पंजाब नेशनल बैंक ने आपदा प्रभावितों के लिए 1 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है। इस विनाशकारी आपदा ने कई जिंदगियां को छीन लिया है, वहीं लापता लोगों की तलाश में रेस्क्यू टीमें जुटी हुई हैं। सेना और आईटीबीपी के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस रेस्क्यू कार्य में दिन रात मेहनत कर रही है।भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स के 125 जवान, घातक टीम के 10 जवान, स्पेशल फोर्स के 30 जवान और बीईजी रुड़की के 250 जवान मलबे व कीचड़ के बीच लोगों को खोज रहे हैं।इसके अलावा सेना के 75 जवान और 7 खोजी कुत्ते मलबे में दबे लोगों का पता लगाने में जुटे हैं। इतना ही नहीं आईटीबीपी के 113 जवान पैदल मार्गों से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर राहत कार्य कर रहे हैं। भीषण प्राकृतिक आपदा के कारण प्रभावित क्षेत्र में ठप्प हुई बिजली आपूर्ति को बहाल कर दिया गया है। लगातार भारी वर्षा, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से बिजली के पोल, तार, ट्रांसफार्मर और उपसंस्थानों को गंभीर क्षति पहुंची है।सौर ऊर्जा तथा माइक्रो हाइड्रो ग्रिड से निरंतर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जा रही है। राजभवन में मुख्यमंत्री धामी ने राज्यपाल से मुलाकात कर धराली और हर्षिल में चल रहे आपदा राहत कार्यों एवं प्रभावित लोगों के पुनर्वास के संबंध में उन्हें जानकारी दी।धराली में एसडीआरएफ की टीमें मलबे में दबे ध्वस्त भवनों में लगातार सर्चिंग कर रही है। लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए आधुनिक उपकरणों और डॉग स्क्वाड की सहायता ली जा रही है. ड्रोन के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थितियों पर नजर रखी जा रही है। उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने बताया कि भर्ती 15 मरीजों में से चार को छुट्टी दे दी गई है। उत्तरकाशी में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन पर उत्तराखंड के स्वास्थ्य सचिव आर. राजेश कुमार ने कहा, मैंने धराली में ग्राउंड जीरो का दौरा किया और हमारे स्वास्थ्य विभाग ने शिविर स्थापित किए हैं. मैं उत्तरकाशी के ज़िला अस्पताल का भी दौरा करूँगा, जहाँ कुछ मरीज भर्ती हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के तहत, स्वास्थ्य विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमें एक साथ मिलकर काम कर रही हैं। धराली में करीब नौ डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इसके अलावा, 28 एम्बुलेंस और बैकअप एम्बुलेंस तैनात की गई हैं।मुख्यमंत्री ने आपदा से प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास, समग्र पुनरुद्धार और स्थायी आजीविका के सुदृढ़ीकरण हेतु तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। यह समिति सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई है, जो एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी।उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि बचाव अभियान अभी जारी है,फंसे लोगों को एयरलिफ्ट किया जा रहा है।धराली में संपर्क मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरिक की जा रही है।गंगनाली में वैली ब्रिज का कार्य जारी है। धराली में जलविद्युत परियोजना से विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई है। अभी तक कुल 931 लोगों का रेस्क्यू हो चुका है। हर्षिल से कुल 95 लोगों को मातली लाया गया।107 लोगों को चिन्यालीसौड़ लाया गया।उत्तरकाशी में आपदाग्रस्त क्षेत्र में फंसे लोगों को हेलीकॉप्टर से आईटीबीपी मातली व चिन्याली सौड़ पहुंचाने का सिलसिला जारी है। धराली क्षेत्र में आई त्रासदी ने धराली गांव के लोगों का व्यवसाय छीन लिया है।बड़ी संख्या में घर तबाह हो गए।लेकिन गांव के लोगों की हिम्मत और उनकी एकता को यह तबाही नहीं तोड़ पाई है।आपदा के करीब 3 दिन बाद धराली गांव के लोग वापस अपने उसी बाजार में इकट्ठा हुए और उन्होंने धराली में ही मौजूद सोमेश्वर मंदिर में एक साथ रहने का फैसला किया है।इस मंदिर में कीर्तन मंडली के कमरे में ही गांव के 150 लोगों का खाना बन रहा है और यहां की महिलाएं सभी के लिए एक साथ भोजन तैयार कर रही है। ग्रामीणों ने मन बना लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए गांव के लोग अलग-अलग नहीं होंगे और एक साथ ही रहेंगे।प्रमुख भूविज्ञानी डॉ. वाई.पी. सुंदरियाल का सवाल है कि खीर गंगा नदी के किनारे इतने सारे होटल, होम-स्टे और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाने की अनुमति क्यों दी गई? सुंदरियाल कहते हैं, 'नदियों के बाढ़ वाले मैदानों और जलग्रहण क्षेत्रों में निर्माण कानूनन प्रतिबंधित है, फिर भी पूरे उत्तराखंड में ऐसे अवैध निर्माण जारी हैं। केदारनाथ हो, जोशीमठ या अन्य पहाड़ी शहर हर तरफ व्यावसायिक हित हावी हैं और पर्यावरणीय मानदंडों पर न्यूनतम ध्यान है।'

परंपरागत रूप से, गांव और शहर नदी तटों से एक निश्चित ऊंचाई और दूरी पर बसाए जाते थे। अब ऐसा नहीं है। लोग भूल गए हैं कि एक नदी देर-सबेर अपने जलग्रहण क्षेत्र में लौटती ही है, जैसा कि 2013 में मंदाकिनी और सरस्वती नदियों के साथ हुआ था। सुंदरियाल कहते हैं कि इन पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा भले कम हुई, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन अप्रत्याशित बढ़ा है, जो जलवायु परिवर्तन जनित आपदाओं का कारण है।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और आर. महादेवन ने 5 अगस्त को हिमाचल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, 'पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर राजस्व अर्जन नहीं हो सकता। हालात ऐसे ही रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब पूरा हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।' वह सभी हिमालयी राज्यों के लिए ऐसा क्यों नहीं करता- विशेषकर उत्तराखंड के लिए, जो पिछले दो दशकों से 'विकास' के बोझ का मारा हुआ है? मौसम विभाग के मुताबिक 4-5 अगस्त को वहां पर 8 से 10 मिमी ही बारिश हुई जबकि बादल फटने के समय 100 मिमी से ज्यादा बारिश होती है।वैज्ञानिकों का कहना है कि इसकी वजह भूस्खलन से पानी का प्रवाह रुकने से अस्थाई झील बनना, पर्वत की तलहटी पर रुके पानी में ग्लेशियर या चट्टान का गिरना या फिर फ्लैश फ्लड हो सकती है। पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डीपी डोभाल बताते हैं कि धराली फ्लड प्लेन में बसा है। धराली के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। जिस खीर गाड से फ्लैश फ्लड आया वो उन्हीं जंगलों से होकर गुजरता है। उसके ऊपर बफीर्ला पर्वत है लेकिन जिस गति से फ्लैश फ्लड आया है वो बादल फटने जैसा नहीं है।ऐसे में कोई ग्लेशियर टूटकर अस्थाई झील या जमे हुए पानी पर गिरता है तो उसे तोड़ देता है, इसी वजह से जो पानी नीचे आया वह काले रंग का और मलबा स्लेटी रंग का है। ऐसा पानी और मलबा जमे हुए स्थान के टूटने से आता है। जैसा 2021 में चमोली जिले के ऋषिगंगा हादसे में अस्थाई झील में जमा मलबा बहकर नीचे आया था,जो भारी तबाही का सबब बना था,अब फिर यही आपदा फिर से मुसीबत का सबब बन गई है।

## संपादकीय

### पर्यावरण सुरक्षा को लेकर सख्ती

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिर कहा कि वह विकास के खिलाफ नहीं है, लेकिन यह सतत विकास होना चाहिए। विकास संबंधी गतिविधियों में पर्यावरण और वन्य जीवन के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। ऐसे उपाय किए जाने चाहिए जिनसे विकास गतिविधियों के कारण पर्यावरण और वन्य जीवन को होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति हो जाए। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को कांचा गाचीबोवली वन क्षेत्र के समग्र पुनरुद्धार के वास्ते 'अच्छा प्रस्ताव' पेश करने के लिए छह सप्ताह का समय देते हुए उपरोक्त टिप्पणी की। स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार को परियोजना स्थल के क्रियान्वयन के दौरान काटे गए पेड़ों को फिर से लगाना होगा। इससे पूर्व 3 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने कांचा गाजीबोवला वन क्षेत्र में वनों की कटाई की गतिविधियों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अगले आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। मामले में 16 अप्रैल को अगली सुनवाईपर सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि अपने मुख्य सचिव को किसी भी गंभीर कार्रवाई से बचाने के लिए उसे 100 एकड़. वन-रहित भूमि को बहाल करने के लिएएक विशिष्ट योजना प्रस्तुत करनी होगी। कहना होगा कि विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए वन कटान, नदी प्रवाह बाधित करने या मोड़ने जैसे काम कर दिए जाते हैं, और मजे की बात यह कि यह सब करने वाले निकाय इस नुकसान की भरपाई भी नहीं करते। चाहे मुंबई में मेट्रो प्रोजेक्ट के समय उठ खड़ी हुई पर्यावरणीय चिंताएं रही हों या दिल्ली-एनसीआर में शिवालिक पहाड़ियों और दिल्ली रिज में विकास गतिविधियों के नाम पर मचाया गया 'उत्पात' हर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने त्राणदाता की भूमिका का निवर्हन किया है। अदालत की सख्ती के चलते ही विकास के नाम से 'विनाश' को रोका जा सका है। दरअसल, विकास बनाम विनाश की बहस काफी अरसे से जारी है। सरकारी या निजी संस्थान विकास का नाम लेकर व्यापक पैमाने पर लोगों का विस्थापन करते हैं, कुदरती संसाधनों को नष्ट कर ड़ालते हैं। सरकारी अधिकारियों और ठेकेदारों का निहित स्वार्थों को पूरा करने वाला एक गठजोड़.जैसा बन जाता है, जो विकास के नाम पर विध्वंस मचाता है। निगहबानी से ही उनके कुत्सित प्रयासों को रोका जा सकता है।



## चिंतन-मनन

### वाणी का शरीर पर प्रभाव

-प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी


मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है। इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतःवाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए।

# मुश्किल समय में हमेशा शांति से काम लें



संजय गोस्वामी

जबभी हम शांति को भंग करते हैं तो हमें चिड़चिड़ाहट होती है हमारा कौन ऐसा काम है जो हो नहीं सकता है दूसरों पर हावी होते हैं तो ऐ देखना जरुरी है हम सही हैं या गलत एक इसी तरह की घटना एक चैरीटी संस्था में हुई जो दो गुटों में बंटी है क्योंकि उसमें हकीकत कुछ और है समझ कुछ और पहले ऐ देखना जरुरी है कि मेरे पास जो पेपर हैं वो सही में चुनाव अधिकारी से नहीं चैरीटी कमीशनर से पास हुआ है या नहीं अगर सही में चैरीटी कमीशनर ने चेंज रिपोर्ट को अनुमोदन कर दिया है तो कोई दूसरा कभी दावा नहीं करेगा अतः पहले ऐ देखें हकीकत क्या है जहाँ तक चुनाव का सवाल है लोक सभा चुनाव में एक बार मुझे टेबलटिंग अधिकारी के साथ काम करने का अवसर मिला कितना मुश्किल होता है काउंटिंग राउंड टेबल पर इलेक्शन के दिन फॉर्म सी जो दिया जाता है जिसमें हर बूथ पर चुनावी एजेंट होते हैं वो सभी को बारीकी से देखते हैं और अंतः में फॉर्म सी होता है जिसे वहाँ काउंटर पर चेक किया जाता है और बाद में हर 1घंटे में रिजल्ट काउंटिंग ऑफिसर से टेबूलेशन अधिकारी के पास जाता है और वो आईएएस अधिकारी होता है जो इलेक्शन कमीशन को ऑनलाइन रिपोर्ट देता है और मीडिया में खबर जाती है अतः उस समय कुछ ईवीएम में खराबी आती है जिसे बाद में उसके इंजीनियर ठीक करते हैं ऐसा ना होने पर वीवीपैड से मिलान होता है और जब कैंडिडेट का वोट का मार्जिन बहुत अधिक होता है तो कहीं होता है कहीं नहीं होता निर्भर करता है कि विपक्षी कैंडिडेट क्या चाहता है अंत में चुनाव जितने का सर्टिफिकेट वहाँ का डीएम देता है अतः चुनाव में पारदर्शिता है असल में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का मसला कम बल्कि अंदर से सरकार में ऐ मुद्दा बनता जा रहा है कि कब तक मंत्री नहीं बनेगें जो सांसद बार बार लगातार चुन कर आये हैं कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के चुनाव को बीजेपी को सतर्क होना चाहिए क्योंकि एक ही पार्टी के कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के में राजीव प्रताप रूडी ने संजीव बालियान को हराया है। अब एक चुनाव हारने पर बालियान ने कहा कि कुछ (विपक्षी) दलों के सारे वोट एक ही उम्मीदवार को मिले। पार्टियों ने शीर्ष स्तर पर यह फैसला किया। इसने वहां मेरे उन दोस्तों को भी मजबूर किया, जो मुझे वोट देना चाहते थे, कि वे पार्टी लाइन का पालन करें और किसी दूसरे उम्मीदवार को वोट दें।ऐ दिखाता है कि अंदर सब कुछ ठीक नहीं है इसलिए शांति से सबके हित में निर्णय लेना चाहिए सबक लेनी चाहिए की पार्टी भी एक धर्म है जिसमें एकता होना चाहिए और जब अपने को बड़ा दिखाने की कोशिश में आप की पार्टी का ही नुकसान होगा इसलिए त्याग और समय अनुसार परिवर्तन जरुरी है ऐ हमेशा देखा गया है कि जहाँ रामराय जी ने मुगल दरबार में गुरू गद्दी ना मिलने या किसी अन्य कारण से गुरबाणी की त्रुटिपूर्ण व्याख्या की। उस समय की राजनैतिक परिस्थितियों एवं गुरु मयार्दा की दृष्टि से यह सब निन्दनीय थाजब गुरू हरराय साहिब जी को इस घटना के बारे में बताया गया तो उन्होने राम राय जी को तुरंत सिख पंथ से निष्कासित किया। गुरु गोबिंद सिंह ने गुरुगद्दी पर बैठने के बाद राम राय को माफ कर दिया था, जब राम राय ने अपने पिछले अपराधों के लिए पश्चाताप व्यक्त किया और गुरु से मिलने की इच्छा जताई थी। राम राय के अनुयायी और मसंद गुरु और मुख्यधारा के सिखों के बीच किसी भी सुलह के खिलाफ थे, लेकिन फिर भी यमुना नदी के तट पर राम राय और गुरु गोबिंद सिंह के बीच एक बैठक हुई, जिसमें गुरु ने उन्हें क्षमा कर दिया। इस घटना ने सिखों में देश के प्रति क्या कर्तव्य होने चाहिए, ऐसे भावों का संचार हुआ। सिख इस घटना के बाद गुरु घर की परम्पराओं के प्रति अुनशासित हो गए। इस प्रकार गुरू साहिब ने सिख धर्म के वास्तविक गुणों, जो कि गुरू ग्रन्थ साहिब जी में दर्ज हैं, गुरू नानक देव जी द्वारा बनाये गये किसी भी प्रकार के नियमों में फेरबदल करने वालों के लिए एक कड़ा कानून बना दिया।मसंद एक नियुक्त अधिकारी या मिशनरी होता था जो सिख गुरु के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था, दशमांश (दसवंध) एकत्र करता था और धर्म का प्रचार करता था। गुरु रामदास द्वारा वित्तीय प्रबंधन और सिख धर्म के प्रसार के लिए शुरू की गई इस व्यवस्था को बाद में गुरु गोबिंद सिंह ने मसंदों के भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के कारण उन्हें सबक भी सिखाया , क्योंकि मसंद अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने लगे थे और खुद को धार्मिक अधिकारी मानने लगे थे अतः इन सबको देखते हुए ही गुरू गोविन्द सिंहजी ने गुरु ग्रन्थ साहिब को अपना अगला गुरू माना लेकिन गलत चीजों को गलत ही बताया किसी आवेश या किसी के बहकावे में कभी नहीं आए और उनका सारा परिवार शहीद होने के बाद भी अकाल पूरख को सब कुछ माना और मानवता को ही सबसे बड़ा धर्म माना अकाल पुरख गुरु नानक का एक संदेश था जिसका अर्थ है अकाल पुरख समय से परे या कालातीत। यह शब्द सिख धर्म में ईश्वर के लिए इस्तेमाल होता है, जो कि समय और मृत्यु से परे है। अकाल पुरख का शाब्दिक अर्थ



कालातीत प्राणी है, जो कभी नहीं मरता।इसलिए उनके साथ एक बहुत बड़ी संख्या में सिख ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी साथ दिए दरअसल उस समय मुगल शासक औरंगजेब का इस्लाम में धर्म परिवर्तन और लूट पाट औरतों के साथ जबरदस्ती और गुरु गोविन्द सिंह के दोनों छोटे से पुत्र को जिस तरह दीवारों में चुनवाने के बाद अंतिम संस्कार हेतु राजा टोडर मल को अपने सारी सम्पति उस छोटे से जमीन के लिए दे दी जो शहीदों को दफनाया गया,और उनके दो पुत्र तो चमकोर की लड़ाई में शहीद हो गए अतः जब आप सच्चे तो कौन हिला सकता है ईश्वर पर विश्वास रखें और हमेशा समय एक जैसा नहीं होता है समय अनुसार दूसरों को भी मौका मिलना भी पार्टी या संस्था के लिए अच्छा होता है अब जो होगा किसी अच्छे के लिए ही होगा ईश्वर पर विश्वास रखें सत्ता मिलती है जितनी मुश्किल से छोड़ना भी मुश्किल जरूर होता है लेकिन यदि पार्टी के हित में हो तो पार्टी को भरोसे में लेना जरुरी है अगर वहाँ दो कैंडिडेट जो बी जे पी के ही थे आपस में मिलकर काम करते और किसी में भी त्याग की भावना होती तो इतना किरकिरी नहीं होता है वक़्त है अभी भी सबको साथ में लेकर चलने की ऐसे में शांति से काम लेना और जमीनी हकीकत को समय के साथ समझना जरुरी है।

# तेल, ताकत और तेवर : चीन की ओर भारत का ऊर्जा शिफ्ट



के.के. झा

भारत ने वैश्विक ऊर्जा व्यापार में हलचल मचा दी है। चार साल बाद पहली बार भारत ने चीन को डीजल की खेप भेजी है। यह सिर्फ. एक व्यापारिक सौदा नहीं बल्कि पश्चिमी दबाव के खिलाफ भारत की रणनीतिक हुंकार है। नैयारा एनर्जी की रूसी समर्थन वाली रिफाइनरी से निकला यह डीजल उस समय चीन पहुँचा, जब पश्चिमी देश रूस की ऊर्जा आपूर्ति पर शिकंजा कसने के लिए नए प्रतिबंध और भारी टैरिफ थोप रहे थे। मगर पीछे हटने के बजाय भारत ने रास्ता बदला, पश्चिम की दादागिरी को चुनौती दी और नए भू-राजनीतिक नियम लिखने शुरू कर दिए।

**:: दबाव को अवसर में बदला**

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने मौके को भुनाया। सस्ती कीमतों पर रूसी कच्चा तेल खरीदकर अर्थव्यवस्था को सहारा दिया और विकास को गति दी। केवल वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही भारत ने 50.3 अरब डॉलर का रूसी तेल खरीदा, जो उसकी कुल आयात बिल का 35% था। इस तरह भारत, चीन के बाद रूस का दूसरा सबसे बड़ा ग्राहक बन गया। नैयारा एनर्जी और रिलायंस जैसी घरेलू रिफाइनरियों ने इस कच्चे तेल को परिष्कृत कर यूरोप तक सप्लाई किया। 2024 के अंत तक भारत, यूरोपीय संघ का सबसे बड़ा रिफाइंड रूसी क्रूड सप्लायर बन चुका था। लेकिन 18 जुलाई 2025 को तस्वीर बदल गई। यूरोपीय संघ ने 18वां प्रतिबंध पैकेज लागू कर तीसरे देशों से आने वाले रिफाइंड उत्पादों पर रोक लगा दी। इसी बीच, अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 25% तक टैरिफ लगते हुए नैयारा एनर्जी पर सीधी सजा थोप दी। अचानक भारत की 1.6 मिलियन बैरल प्रतिदिन रूसी क्रूड तक पहुँच खतरे में पड़ गई।

**:: चीन से जुड़ाव : पश्चिमी वर्चस्व पर प्रहार**

नैयारा की 4,96,000 बैरल की डीजल खेप जब वडिनार से मलेशिया के लिए रवाना हुई, तब किसी ने नहीं सोचा था कि उसका रास्ता बदलकर चीन के झोउशान पोर्ट पहुँच जाएगा। यूरोपीय प्रतिबंधों ने भारत को मजबूर किया कि वह एशिया की ओर देखे। और भारत को चीन में सिर्फ.एक ग्राहक नहीं, बल्कि समान दबावों से जूझता एक साझेदार मिल गया।

2024 में चीन ने 20 लाख बैरल प्रतिदिन से अधिक रूसी क्रूड आयात किया था। अब भारत से आया यह डीजल एशिया में नए ऊर्जा गलियारों के उभरने का संकेत है, जो पश्चिम के पकड़ को हिला रहा है।

**:: यथास्थिति को चुनौती**

भारत पश्चिमी देशों के इन कदमों को दोहरे मापदंड मानता है - यूरोप अब भी रूसी एलएनजी आयात करता है, जबकि भारतीय रिफाइनरियों पर पाबंदियाँ लगाई जा रही हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय निर्यात पर 100% टैरिफ की धमकी से 81 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार दांव पर लग सकता है और क्वाड जैसे गठबंधनों पर असर पड़ सकता है।

भारत और चीन, दशकों की प्रतिद्वंद्विता के बावजूद, व्यावहारिक सहयोग सीख चुके हैं। आज प्रतिबंधों की आंधी में ऊर्जा व्यापार एक पुल की तरह काम कर रहा है। रूस का क्रूड और भारत की रिफाइनिंग क्षमता चीन की ऊर्जा भूख से मेल खा रही है, भले ही सीमाई तनाव और अविश्वास अभी बाकी हैं।पश्चिमी देशों की रूस को अलग-थलग करने की कोशिशों ने नए रास्ते खोल दिए हैं - ह्यशैडो टैंकरह्न रूसी तेल को रिब्रांड कर दुनिया भर में ले जा रहे हैं। यह सब प्रतिबंधों की सीमाओं की कमियों को उजागर करता है और गैर-पश्चिमी देशों को अपने स्वयं के फैसले लेने का साहस देता है।

**:: नया विश्व क्रम - पर गठबंधन नहीं**

भारत का चीन को डीजल निर्यात 'रूस-भारत-चीन गठबंधन' की अटकलों को भले जन्म दे सकता है, लेकिन सच्चाई इससे कहीं अधिक जटिल है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता ही उसका मार्गदर्शन करती है। विश्व के देशों के बीच बदलते समीकरण ने यह बता दिया है कि किसी भी देश का किसी भी देश के साथ कोई स्थायी गठबंधन नहीं होता, सिर्फ. अवसरवादी साझेदारियाँ होती हैं। अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत के संबंध मजबूत बने हुए हैं, जबकि रूस और चीन से ऊर्जा संबंध उसे लचीलापन देते हैं।

**:: आगे की राह**

भारत के सामने दो रास्ते हैं - पश्चिमी दबाव के आगे झुककर आर्थिक व्यवधान झेलना या फिर रूस और चीन के साथ ऊर्जा गठजोड़ की कीमत चुकाने का जोखिम उठाना। इसी बीच, भारत ने तेल आयात को 40 देशों तक फैला दिया है और घरेलू ऊर्जा नवाचार व नवीकरणीय निवेश पर जोर बढ़ा दिया है।

चीन को डीजल की यह पहली खेप महज एक व्यापारिक सौदा नहीं है - यह भारत की घोषणा है कि उसे पश्चिमी प्रतिबंधों के घेरे में नहीं बाँधा जा सकता। बदलती हुई दुनिया में भारत अपने भविष्य की इबारत खुद लिख रहा है।

भारत से चीन पहुँची यह डीजल खेप इस सदी का संकेत है - पश्चिम का ऊर्जा और शक्ति पर एकाधिकार टूट रहा है। वैश्विक शतरंज अब बहुध्रुवीयता की ओर झुक रही है, और भारत अपनी स्वतंत्रता और ताकत का दावा पेश कर रहा है। पश्चिम देख सकता है, लेकिन अगली चाल भारत ही चलेगा।

(लेखक इंदौर के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी आसमान में शान से लहराया तिरंगा

**सिएटल, एजेंसी।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सिएटल में स्थित स्पेस नीडल के ऊपर भारतीय ध्वज फहराया गया। सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत, सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल और सिएटल शहर के अन्य चुनिंदा गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुए। अमेरिका के आसमान में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना हर भारतीय को गर्व से भर गया।

### मैक्सिको और ग्वाटेमाला के राष्ट्राध्यक्षों की पहली मुलाकात, सीमा सुरक्षा और तस्करी पर चर्चा

**मैक्सिको, एजेंसी।** मैक्सिको और ग्वाटेमाला के राष्ट्रपतियों की पहली आमने-सामने की मुलाकात शुक्रवार को हुई, जिसमें दोनों देशों ने आपसी सहयोग को मजबूत करने की बात कही। यह बैठक ग्वाटेमाला के उत्तरी पेटेन क्षेत्र में हुई, जहां दोनों नेताओं ने प्रवास, कानून व्यवस्था और आर्थिक विकास पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। मुलाकात का सबसे अहम मुद्दा था मैक्सिकन सरकार की विवादित माया ट्रेन परियोजना को ग्वाटेमाला और बेलीज तक बढ़ाने का प्रस्ताव। माया ट्रेन मैक्सिको के दक्षिणी हिस्से में चल रही एक मेगा परियोजना है, जिसका मकसद जंगल और ग्रामीण इलाकों को जोड़ना है। हालांकि, इस परियोजना को लेकर काफी विवाद रहा है क्योंकि यह कई संवेदनशील जंगलों और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचा चुकी है।

### पेरू के ट्रुजिलो शहर में धमाका, 10 लोग घायल, 25 घरों को नुकसान

**ट्रुजिलो, एजेंसी।** पेरू के उत्तरी इलाके ट्रुजिलो में गुरुवार रात एक बड़ा धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हो गए और 25 घरों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों के मुताबिक, यह धमाका संगठित अपराध और फिरौती वसूलने वाले गिरोहों के आपसी झगड़े से जुड़ा हो सकता है। पेरू के गृह मंत्री कार्लोस मालेवर ने शुक्रवार को बताया कि यह धमाका अपराधी गिरोहों के बीच चल रहे विवाद का नतीजा हो सकता है। त्रुजिल्लो शहर में पिछले कुछ वर्षों में फिरौती और जबरन वसूली जैसे अपराधों में तेजी आई है।धमाके के कारण इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय आपातकालीन सेवा एजेंसी के अनुसार, घायलों को जलने और कटने जैसे गंभीर जख्म आए हैं, हालांकि उनकी स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई है।

### सीएटल में ज्वेलरी शॉप में 90 सेकंड में 2 मिलियन डॉलर की चोरी

**सीएटल, एजेंसी।** सीएटल के वेस्ट एरिया में दिनदहाड़े एक ज्वेलरी शॉप में चार नकाबपोश चोरों ने सिर्फ 90 सेकंड में बड़ी चोरी को अंजाम दिया। चोर लगभग 20 लाख डॉलर (करीब 16 करोड़ रुपये) के हीरे, लग्जरी घड़ियां, सोना और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार को हुई। दुकान की सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि चोरों ने पहले हथौड़ों से दुकान का लॉक लगा कांच का दरवाजा तोड़ा और फिर छह डिस्प्ले केस को लूट लिया। इनमें से एक केस में करीब 7.5 लाख डॉलर (करीब 6 करोड़ रुपये) की रोलेक्स घड़ियां थीं और दूसरे में 1.25 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपये) की एक पन्ना (एमराल्ड) की हार रखी थी। एक चोर ने स्टाफ को बेयर स्प्रे और टेजर (बिजली का झटका देने वाला हथियार) दिखाकर धमकाया, हालांकि किसी को चोट नहीं आई। दुकान के वाइस प्रेसिडेंट जोश मेनाशे ने बताया कि हम सब इस घटना से काफी सदमे में हैं। फिलहाल दुकान कुछ समय के लिए बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि स्टाफ ने कांच साफ कर दिया है और अब सामान की पूरी लिस्ट बनाई जा रही है ताकि नुकसान का अंदाजा लगाया जा सके। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चोर पहले ही एक गाड़ी में बैठकर भाग चुके थे और आसपास की तलाशी में भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रम्प-पुतिन के बीच 3 घंटे बैठक, कोई डील नहीं हुई

## दोनों 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रवाना हुए

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा।ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मॉस्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बताया कि मीटिंग के बाद वाशिंगटन लौटते समय ट्रम्प ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से लंबी बातचीत की। हालांकि, जेलेंस्की ने ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### ट्रम्प-पुतिन प्रेस ब्रीफिंग की अहम बातें:

ट्रम्प-पुतिन में 3 घंटे क्या बातचीत हुई, इसकी जानकारी नहीं।
12 मिनट चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने किसी पत्रकार के सवाल का जवाब नहीं दिया।
ट्रम्प ने कहा कि बैठक सकारात्मक रही, लेकिन अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ।
पुतिन ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए उसकी असल वजह को खत्म करना जरूरी।
पुतिन ने कहा कि अगर 2022 में ट्रम्प राष्ट्रपति होते, तो यूक्रेन युद्ध नहीं होता।
व्हाइट हाउस ने ट्रम्प-पुतिन की मुलाकात को बेहतरीन बताया
व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्रम्प के हवाले से लिखा- हमने आज बेहतरीन प्रगति की, हमारी बैठक बेहद उपयोगी रही और कई चीजों पर सहमति बनी।
ट्रम्प ने कैदियों की रिहाई पर कदम उठाने की बात कही

ट्रम्प ने अब फॉक्स न्यूज को बताया कि एक समझौता होने वाला है, और इसमें कैदियों की अदला-बदली भी शामिल हो सकती है। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 50/50 कहता हूं, क्योंकि बहुत सी चींजे हो सकती हैं। लेकिन मुझे लगता है कि राष्ट्रपति पुतिन समस्या का समाधान करना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा कि कैदियों के अदला-बदली की दिशा में प्रगति हो रही है। ट्रम्प बोले, 'आज उन्होंने मुझे एक किताब दी जिसमें हजारों कैदी के बारे में बताया गया है। हजारों कैदी, जिन्हें रिहा किया जाएगा।' फॉक्स न्यूज के सवाल पर कि क्या इस समझौते पर आज सहमति बन गई। इसपर ट्रम्प ने कहा कि यह अभी भी पेंडिंग है। ट्रम्प ने कहा, 'ठीक है, उन्हें इसे स्वीकार करना ही होगा।' हालांकि, ट्रम्प ने ये नहीं बताया कि यह किताब उन्हें किसने भेंट की, और कैदी रूसी थे या यूक्रेनी।

ट्रम्प ने पुतिन के साथ सहमति नहीं बन पाने का कारण बताने से इनकार कर दिया। फॉक्स न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि पुतिन इसे पूरा होते देखना चाहते हैं। हालांकि, एक बड़ी बात पर सहमत होने से उन्होंने मना कर दिया। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन ने ये बात मानी की अगर जंग के समय वो राष्ट्रपति होते तो ये जंग कभी होती ही नहीं। ट्रम्प ने कहा, 'यह युद्ध कभी नहीं होना चाहिए था। आप जानते हैं कि बहुत सारे युद्ध कभी नहीं होने चाहिए थे। ये बेवकूफी भरी बातें होती हैं।' ट्रम्प ने रूस के हमले को न रोक पाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को दोषी ठहराया।

ट्रम्प ने पुतिन से उनकी मुलाकात के बाद फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि हमारे बीच आज 'बहुत अच्छी बैठक' हुई। यह पूछे जाने पर कि पुतिन के साथ मीटिंग में कैसा माहौल था, इसपर ट्रम्प ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनके संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। उन्होंने कहा- देखते हैं आगे क्या होता है। ट्रम्प बोले- मैं चाहता हूं कि लोग मरना बंद करें।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस में जंग के कारण बच्चों की खराब हालात पर एक लेटर लिखा है। ट्रम्प ने ये लेटर मुलाकात के दौरान पुतिन को सौंपा। अमेरिका के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज की रिपोर्ट के अनुसार 2022 से अब तक रूस में 2 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। वहीं, यूक्रेन में ये आंकड़ा 3 लाख से ज्यादा हैं।

## माया जंगल की रक्षा के लिए तीन देशों में समझौता, दुनिया के फेफड़े माने जाते हैं वर्षा वन

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको, ग्वाटेमाला और बेलीज के नेताओं ने शुक्रवार को घोषणा की कि वे माया वर्षावनों की रक्षा के लिए एक त्रि-राष्ट्रीय प्राकृतिक आरक्षित क्षेत्र बना रहे हैं। इस बैठक में माया वन क्षेत्र में मेक्सिको रेल लाइन के विस्तार पर भी चर्चा हुई। पेड़ों की कटाई के चलते इस रेल लाइन प्रोजेक्ट की आलोचना हो रही है।




माया वर्षा वन आरक्षित क्षेत्र दक्षिणी मेक्सिको और ग्वाटेमाला और बेलीज के उत्तरी भागों के जंगली इलाकों में फैला होगा, जिसका क्षेत्रफल 1.40 करोड़ एकड़ से ज्यादा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने इस कदम को ऐतिहासिक बताया और कहा कि इससे लैटिन अमेरिका में अमेजन वर्षावन के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रकृति आरक्षित क्षेत्र बनेगा, जो दुनिया के लिए फेफड़े का काम करेगा और इससे प्रदूषण पर लगाम लगेगी।

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो एरेवालो और बेलीज के प्रधानमंत्री जॉनी ब्रिसेनो के साथ समझौते पर हस्ताक्षर के बाद मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा, यह पृथ्वी के फेफड़ों में से एक है, हजारों प्रजातियों का घर है जिसकी एक अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है। हमें भविष्य को ध्यान में रखते हुए संरक्षित करना चाहिए।

**रेल लाइन प्रोजेक्ट पर विवाद :** तीनों देशों के नेताओं ने मेक्सिको द्वारा दक्षिणी मेक्सिको से ग्वाटेमाला और बेलीज तक बनाए जा रहे माया ट्रेन प्रोजेक्ट पर भी चर्चा हुई। करीब हजार मील लंबी यह रेलगाड़ी वर्तमान में मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप तक चलती है, और इसका निर्माण मेक्सिको के लोकप्रिय रिसॉर्ट्स को ग्रामीण क्षेत्रों में सुदूर जंगलों और माया पुरातात्विक स्थलों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया था। हालांकि इस पर खूब विवाद हुआ क्योंकि इस प्रोजेक्ट के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गए और अनुमान है कि बीते चार वर्षों में इस प्रोजेक्ट के लिए 70 लाख पेड़ काटे गए हैं। साथ ही इस प्रोजेक्ट के चलते माया वन में संरक्षित क्षेत्रों को भी नुकसान पहुंचा।

मेक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम भी इस प्रोजेक्ट के समर्थन में हैं, लेकिन ग्वाटेमाला की सरकार ने साफ कर दिया है कि वे संरक्षित वन क्षेत्र में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं देंगे। ऐसे में बीच का रास्ता निकालने पर चर्चा हो रही है, जिसके तहत कोशिश की जा रही है कि रेल लाइन प्रोजेक्ट से वनक्षेत्र को कम नुकसान पहुंचे।

## कोलंबिया से तनाव के बीच पेरू की राष्ट्रपति पहुंची अमेजन नदी द्वीप, क्षेत्र पर बताया अपने देश का अधिकार


**लीमा, एजेंसी।** हाल ही में कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र को अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद पेरू की राष्ट्रपति द्वीप पर पहुंची। यहां सुरक्षा बल प्रमुखों और संसद सदस्यों ने बोलुआर्टे और कैबिनेट मंत्रियों का स्वागत किया। जहां उन्होंने पेरू का राष्ट्रगान गाया और लोगों ने लाल और सफेद झंडे लहराए।

बोलुआर्टे ने कहा कि पिछले कई दिनों से ऐसी अस्वीकार्य गतिविधियां हो रही हैं जो हमारे दोनों देशों और सीमावर्ती समुदायों को जोड़ने वाले भाईचारे को प्रभावित कर रही हैं। पेरू की संप्रभुता पर कोई विवाद नहीं है। सांता रोसा डे लोरेटो पेरू का है और रहेगा। मंगलवार को पड़ोसी देशों के बीच तनाव तब और बढ़ गया जब पेरू पुलिस ने द्वीप पर भूमि सर्वेक्षण का काम कर रहे तीन कोलंबियाई लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोलंबिया सरकार ने गुरुवार को इन लोगों की तत्काल रिहाई की मांग की, क्योंकि पेरू के एक न्यायाधीश ने इनमें से एक व्यक्ति को रिहा कर दिया, जबकि अन्य दो को सात दिनों तक जेल में रहने का आदेश दिया। कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो ने इन गिरफ्तारियों को अपहरण बताया है। उनकी सरकार ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए लोग एक भूमि सर्वेक्षक और एक नाव चालक कोलंबियाई सीमावर्ती शहर लेटिसिया में एक घाट के विस्तार के लिए जल निकायों की गहराई मापने का अध्ययन कर रहे थे। पेरू के अधिकारियों ने कहा कि मजदूरों को यह माप करने का अधिकार नहीं था।

पांच अगस्त को पेट्रो के सांता रोसा द्वीप पर पेरू के अधिकार क्षेत्र से इनकार किए जाने के बाद से दोनों कोलंबियाई नागरिकों की गिरफ़्तारी इस क्षेत्र में तीसरी घटना है। दो दिन बाद एक कोलंबियाई सैन्य विमान द्वीप के ऊपर से उड़ा और सोमवार को कोलंबियाई शहर मेडेलिन के पूर्व मेयर डैनियल क्विंटेरो ने वहाँ कोलंबियाई झंडा फहराया।

## मैक्सिको दौरे पर जाएंगे कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी, मैक्सिकन राष्ट्रपति शीनबाम से करेंगे मुलाकात

**टोरंटो, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सितंबर में मैक्सिको की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान कार्नी राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से मुलाकात करेंगे। यह बैठक अमेरिकी टैरिफ विवाद और 2020 के यूएसएमसीए ट्रेड डील की आगामी समीक्षा के मद्देनजर अहम मानी जा रही है।






अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीति के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी अगले महीने सितंबर में मैक्सिको की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से मुलाकात करेंगे। इस बात की जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को दी, हालांकि उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी साझा की। यह बैठक ऐसे समय में होने जा रही है जब अमेरिका के पड़ोसी देश कनाडा और मैक्सिको अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) से जूझ रहे हैं और अगले साल यूएसएमसीए फ्री ट्रेड डील की समीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता (यूएसएमसीए) 2020 में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में लागू हुआ था।

समझिए टैरिफ का कनाडा और मैक्सिको पर असर

बता दें कि यूएसएमसीए समझौते के तहत जो वस्तुएं इस व्यापार समझौते के नियमों को पूरा करती हैं, उन पर अमेरिका का टैरिफ लागू नहीं होता। लेकिन ट्रंप ने कुछ खास क्षेत्रों के लिए अलग टैरिफ लगा रखे हैं, जिन्हें 232 टैरिफ कहा जाता है। इन टैरिफ के तहत स्टील और एल्यूमिनियम पर 50त्न शुल्क और ऑटोमोबाइल्स (गाड़ियों) पर 25त्न शुल्क लगाया गया है। इन टैरिफ का असर कनाडा और मैक्सिको दोनों देशों पर पड़ा है।

मैक्सिको के साथ व्यापार संबंध मजबूत करने की कोशिश

अपने मैक्सिको दौरे से पहले प्रधानमंत्री कार्नी पहले ही अपने विदेश मंत्री और वित्त मंत्री को क्लाउडिया शीनबाम से मिलने मैक्सिको भेज चुके हैं ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते और मजबूत हो सकें। इसके जवाब में राष्ट्रपति शीनबाम ने जून में कनाडा का दौरा किया था, जब त्न7 सम्मेलन कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में आयोजित हुआ था।

# हिलेरी क्लिंटन इस शर्त पर करेंगी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने चौंकाने वाला ऐलान किया है। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार दिए जाने की वकालत की है! लेकिन एक शर्त के साथ। उन्होंने कहा है कि अगर वे यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र को बिना रूस को सौंपे सीजफायर करा देते हैं तो बेझिझक उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट कर देंगी। हिलेरी क्लिंटन ने यह टिप्पणी अलास्का के एंकोरेज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक से कुछ घंटे पहले रेजिंग मॉडरेट्स में बात करते हुए कही। उन्होंने कहा, ÷अगर ट्रंप वास्तव में इस भयानक युद्ध का अंत यूक्रेन की भौगोलिक स्थिति में बिना बदलाव के करा सकें तो निश्चित तौर पर उनका नाम मैं नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित कर सकती हूं।÷


क्लिंटन ने कहा कि ट्रंप किसी मित्र से नहीं बल्कि ऐसे विरोधी से मिल रहे हैं, जो अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन का विनाश देखना चाहता है। हिलेरी क्लिंटन और डोनाल्ड ट्रंप एक दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंदी रहे हैं। दोनों के बीच प्रतिद्वंद्विता 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से शुरू हुई थी। उस चुनाव में ट्रंप ने हिलेरी क्लिंटन को हराया था। उस चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन ने पुतिन जैसे सत्तावादी नेताओं के प्रति ट्रंप की प्रशंसा की खासी निंदा की थी। ट्रंप ने भी चुनाव प्रचार के दौरान क्लिंटन का मजाक उड़ाया था और विदेश मंत्री के रूप में उनके कार्य पर सवाल उठाए थे।





राजनीतिक मतभेद के बावजूद हिलेरी क्लिटंन का रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने की स्थिति में ट्रंप को नोबेल के लिए समर्थन का वादा दिखाता है कि इसमें वह अमेरिका की जीत देखती हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का वादा किया है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि युद्ध समाप्त करने की रूस की शर्त यूक्रेन के कुछ क्षेत्रों पर दावा और पश्चिमी प्रतिबंधों की समाप्ति है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्रीय रियायत को दृढ़ता से अस्वीकार कर दिया है। ऐसे में रूस-यूक्रेन संघर्ष विराम आसान नहीं होने वाला है। शुक्रवार को अलास्का में हुए शिखर सम्मेलन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि बातचीत सकारात्मक रही और हम यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के करीब पहुंच गए हैं। लेकिन, तत्काल युद्धविराम की घोषणा नहीं की गई। फॉक्स न्यूज से बातचीत में ट्रंप ने किसी ठोस समझौते से इनकार करते हुए कहा कि हमारी बैठक बहुत अच्छी रही। ट्रंप ने कहा कि वह बैठक से संबंधित बातचीत की चर्चा यूरोपीय नेताओं से भी करेंगे। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी बैठक को रचनात्मक और सम्मानजनक बताया।

## पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने जेलेंस्की को किया कॉल, यूक्रेन के प्रेसिडेंट को तुरंत अमेरिका बुलाया




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मीटिंग खत्म होने के कुछ ही देर के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को फोन किया। उन्होंने शनिवार को पुतिन के साथ हुई अहम शिखर वार्ता की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें तुरंत अमेरिका आने के लिए कहा है। आपको बता दें कि जेलेंस्की की पिछला अमेरिका दौरा काफी खराब रहा था। वह बैठक बीच में ही छोड़कर निकल गए थे। एक रिपोर्ट के अनुसार जेलेंस्की जल्द ही फिर वॉशिंगटन की यात्रा पर जा सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक जेलेंस्की का 18 अगस्त के ही अमेरिका जा सकता है। माना जा रहा है कि इस यात्रा का एजेंडा यूक्रेन युद्ध, अमेरिकी सहयोग और रूस पर दबाव बनाने की रणनीति होगा। आपको बता दें कि ट्रंप और पुतिन की मुलाकात अलास्का में आज ही हुई है, लेकिन वार्ता के बाद किसी ठोस समझौते का ऐलान नहीं किया गया।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।



प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई। शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा।

**21 अगस्त तर भारी बारिश की संभावना :** पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी।

**एक दिन के शोक की घोषणा :** खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकॉप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए।

**बुनेर जिले में आपातकाल घोषित :** अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

**पर्यटकों के आने पर लगा प्रतिबंध :** मनसेहरा में, पुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए।

**एबटाबाद शहर की सड़कें हुई जलमग्न :** एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं।

**निचले दीर में बाढ़ के पानी से बिजली हुई ठप :** निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।

**बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी :** संघीय ऊर्जा मंत्री अवैस अहमद लघारी के निर्देश पर, पेशावर इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी ने बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की है और क्षेत्रीय कार्यों में सहयोग के लिए ट्रांसफार्मर, खंभे, केबल और भारी मशीनें भेजी हैं।

# हेल्थ प्लस

## लाल अंगूर खाने से दिल की बिमारियाँ कम होती हैं



**स्पेनिश** वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि लाल अंगूर खाने से रक्तचाप कम होता है, कोलेस्ट्रोल घटता है और दिल की बिमारियाँ कम होती हैं।

मेड्रिड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपनी जाँच मे पाया कि लाल अंगूर के छिलके और अंदर के गुदे में मौजूद फाइबर से तथा एंडिओक्सिड से दिल की बिमारियाँ कम हो सकती है।

वैज्ञानिकों ने कुछ स्वयंसेवकों के उपर इसका शोध का परीक्षण किया। इस परीक्षण से पता चला कि इन स्वयंसेवकों के शरीर में मौजूद कोलेस्ट्रोल 14 प्रतिशत तक कम हो गया।

इन वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें दिन में कम से कम 30 ग्राम लाल अंगूर खाना चाहिए। यह स्वास्थ्य वर्धक है और दिल की बिमारियों को होने से रोकता है।

## गर्भावस्था के दौरान होने वाली तकलीफे

**गर्भावस्था** के दौरान महिलाएं विभिन्न शारीरिक तथा मानसिक समस्याओं से गुजरती है। इन्हे दूर करने के लिए चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए। गर्भावस्था को समान्यरूप से तीन चरणों में बाँटा जा सकता है। पहला चरण 1 से 12 सप्ताह का, दूसरा चरण 13 से 28 सप्ताह का तथा तीसरा चरण 29 से 40 सप्ताह का।

**प्रथम चरण में होने वाली तकलीफे**

- उबकाइयाँ आना, घबराहट होना, खाने में अरूची तथा उल्टियाँ होना।



- अतिशय उल्टियाँ होने के कारण निम्न हो सकते है : जुड़वाँ बालक होना, खून का ऊँचा दबाव, असामान्य गर्भ, पीलिया, एसिडिटी, मधुप्रमेह तथा मूत्र पिण्ड की कोई तकलीफ।
- योनिमार्ग से रक्तस्त्राव होना, यह लाल रंग का भी हो सकता है, तो गहरा कत्थई भी। इस स्थिति में गर्भ सुरक्षित हो सकता है, तो गर्भपात भी हो सकता है।

**गर्भावस्था के दूसरे चरण में होने वाली तकलीफे**

- डकारें आना, घबराहट होना, वायु तथा एसिडिटी बनना।
- गर्भावस्था के दौरान होने वाले अंत:स्त्राव के कारण कुछ जोड़ व स्नायु ढिले होते है, इसके कारण कमर दर्द, पैर खीचना, चलने में तथा करवट बदलने में तकलीफ होना।
- सरदर्द तथा कब्ज होना तथा मस्से से खून गिरना
- नींद न आना, विचारों का उमड़ना, चिड़चिड़ापन, मूड बदलना, याददाश्त कमजोर होना।
- स्तनों से चिकना द्रव्य निकलना तथा स्तन भारी होना तथा उसके कारण दर्द होना।
- मुँह, योनि तथा बगल में संक्रमण लगना।

**गर्भावस्था के तीसरे चरण में होने वाली तकलीफे**

- नींद न आना। इसके कारणों में गर्भाशय का बढ़ना, डकारें, उबकाईयाँ, प्रसूति सम्बन्धी चिंताएं शामिल है।
- चमड़ी सम्बन्धी तकलीफे होना, गर्भाशय के बढ़ने से चमड़ी व स्नायु खींचते है जिससे पेट व स्तनो पर धारियाँ बन जाती है।
- खून का दबाव बढ़ना, पैरों में सूजन आना, पेशाब में प्रोटीन जाना वगेरे समस्याजनक हो सकते है।
- योनिमर्ग से द्रव्य गिरना। यह दुर्गंधयुक्त हो तो संक्रमण को दर्शाता है, अगर प्रवाही पतला पेशाब जैसा हो तो वह गर्भजल भी हो सकता है। चिकित्सक की सलाह लें।
- बालक असामान्य अवस्था में रहना। 36 – 37 सप्ताह तक बालक उल्टा नहीं होता है तथा टेढी मेढी अवस्था में रहता है तो शल्य-चिकित्सा द्वारा प्रसूति करवानी पड़ती है।

## रसोई में छिपा सेहत का खजाना

**गुणकारी हींग**

- दिल से जुड़ी बीमारियों में आराम पाने के लिए चुटकी भर हींग 1 बड़े मुनक्के के साथ रोज सुबह खाएं। हृदय से जुड़ी बीमारियों में आराम मिलता है।
- पेट की गैस की समस्या होने पर पके केले में चुटकी भर हींग मिला कर खाएं।
- पेट में दर्द होने पर 1 कप गर्म पानी में 1 छोटा चम्मच हींग घोल लें और नरम कपड़े को उसमें भिगो कर पेट की सिंकाई करें।

**अनार के छिलके**

- आधा छोटा चम्मच दालचीनी और 2 छोटे चम्मच शहद 1 कप अनार के रस में मिला कर पीने से खून की कमी जाती रहती है।
- अनार के छिलकों को सुखा कर बारीक पीस लें। इस पाऊडर को गुनगुने सरसों के तेल में मिला कर छालों पर लगाने से राहत मिलती है।
- अनाक के छिलकों को पीस कर उसका लेप लगाने से घाव जल्दी ठीक होता है।

## स्वस्थ रहने के लिए टिप्स

स्वस्थ रहना सबको भता है पर स्वस्थ रहना आसान नहीं है। स्वस्थ रहना है तो इन्हें अपनाएं और स्वस्थ रहें।

- उम्र के अनुसार अन्न का सेवन करें-
- नाश्ता अवश्य करें पर ध्यान रखें कि नाश्ते में अन्न की मात्रा अधिक न लें।
- टी.वी. देखते और पढ़ते समय भोजन न करें। न ही बातें करते हुए भोजन करें।
- बीमार होने पर भोजन में संयम बरतें।
- लम्बी आयु पाने के लिए भूख से कम भोजन खाएं। एक ही समय में अधिक न खाएं।
- तीन बार मुख्य भोजन लें और दो बार हल्का नाश्ता लें।
- सुबह और रात के खाने में विभिन्नता रखें।
- बासी खाना न खाएं। थोड़ा खाएं पर ताजा खाएं।
- चाहे घर हो या बाहर, मर्यादा में रहकर खाएं।
- खाना खाते समय मन में किसी प्रकार के बुरे विचार न रखें। प्रसन्न मन से भोजन करें।
- एक ही समय अधिक चीजों का सेवन न करें। भोजन में तले हुए भोज्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।
- भोजन चबा-चबा कर खाएं। शीघ्र भोजन न खाएं, न ही अधिक चटखारे लेकर खाएं।
- भोजन से एकदम पहले और एकदम बाद पानी न पीएं।

## क्या दिन में आठ ग्लास पानी पीना आवश्यक है ?

### कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए

**एक** पुरानी मान्यता के अनुसार हमें दिन में आठ ग्लास पानी पीना चाहिए। इस बात पर अमूमन हर कोई यकीन करता है, लेकिन बहुत कम इसके पीछे कितनी सच्चाई है यह जानने की कोशिश करते हैं।

यकीकत यह कि यह कोई जरूरी नहीं कि हमें दिन में 8 ग्लास पानी पीना ही चाहिए। शरीर के लिए पानी बहुत आवश्यक होता है यह सच है। लेकिन शरीर पानी की जरूरत को कई अन्य स्त्रोतों से भी पूरा करता है। जैसे कि फल, सब्जी, वातावरण, चाय अथवा कॉफी इत्यादि।

तो शरीर को नमी प्रदान करने के लिए पानी पीना ही एकमात्र विकल्प नहीं होता है। इसके अलावा पानी की जरूरत मौसम के हिसाब से बदलती भी है। बरसाती माहौल में आप कम पानी पीते हैं, क्योंकि वातावरण मे मौजूद नमी बाकी की जरूरत को पूरा कर देती है।



तो आपको पानी कब पीना चाहिए? जाहिर है, जब प्यास लगी हो। इसके अलावा अपने मूत्र के रंग को भी ध्यान मे रख सकते हैं। सामान्य स्थिति मे यह सफेद या हल्का पीला होना चाहिए। गहरा पीला हो रहा है तो इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि आप कम पानी पी रहे हों।

## नजला-जुकाम के उपचार

**सर्दी** लग जाने, शरीर में बने मल, मूत्र, पसीना, कफ आदि की सफाई न हो सकने, किसी चिंता में रहने धूल-मिट्टी में जाने, अधिक शराब आदि पीने, कब्ज के ठीक न होने, गलत खान-पान से, पानी में भीग जाने आदि से जुकाम हो जाता है।

**घरेलू उपचार**- नजला या जुकाम को साधारण रोग तो मानते हैं मगर जब यह बार-बार होने लगता है, बिगड़ जाता है तो सांस के रोग, दमा आदि का जन्मदाता भी बन जाता है। टी.बी. जैसे रोग का भी कारण बनता है अत: उपचार जरूरी है।

**सावधानियां**- 1. रात को देर तक नहीं जागें। प्रात: जल्दी बिस्तर त्यागें।

2. कब्ज की शिकायत न होने दें। अधिक तरल खाएं।

3. एकदम सर्दी में न निकलें। गर्म-सर्द न हों।

4. पूरा आराम किया करें। हर समय की भाग-दौड़ बंद करें।

5. भारी, तला हुआ तेल व मसालों वाले भोजन न खाएं।

**उपचार**- निम्नलिखित कुछ उपचार करें-

**कपूर की पोटली**- यदि नजला जुकाम का रोगी कपूर की पोटली दिन में कई बार सूंघ ले तो आराम मिलेगा।

**लौंग का तेल**- इस रोग को शांत करने के लिए लौंग का तेल सूंघें अथवा दो-तीन बूंदें नाक में डालें।

**दूध व हल्दी**- एक गिलास दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाएं। इसे अच्छी प्रकार उबालें व रोगी को पिलाएं। कुछ दिन नियमित पिलाते रहें।

**काढ़ा तैयार करें**- ग्रीन टी 2 चम्मच, 7 दाने काली मिर्च, 11 पत्तियां तुलसी की, दो लौंग, अंदाज से दाल चीनी तथा तेजपत्ता इन सबको एक गिलास पानी में खूब उबालें। जब एक चौथाई रह जाए तो उतार लें।

एक गिलास दूध में इस काढ़े का एक तिहाई डालें, फिर उबालें। रोगी इसे गर्म चाय की तरह पीता जाए। इसमें जरूरत के अनुसार शक्कर भी डाल लें।

**बादाम तथा मुनक्के**- रात को एक गिलास पानी में चार गिरी-बादाम, 11 मुनक्के डालें। रात भर पड़ा रहने दें। प्रात: इन बादामों व मुनक्के को पिसी काली मिर्च के साथ रोगी खा ले। पांच दिनों तक बिना नागा इसे खाएं, आराम रहेगा।

**काली मिर्च**- नजला-जुकाम से बचने या इसे ठीक करने के लिए काली मिर्च के पांच दाने गर्म पानी के साथ चबा कर निगल जाएं।

**अजवायन**- अजवायन को तवे पर भूनें। पोटली बनाकर सूंघें। काफी आराम मिलेगा। चार दिन लगातार इस उपचार को करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 2559




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 2558 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी नेता सभा के पश्चात अपनी प्रेमिका पर बरस पड़े - तुमने मुझे इतना लंबा भाषण क्यों लिखकर दिया था? भाषण के बीच कई बार तो बहुत हूटिंग हुई.

प्रेमिका ने माफी मांगते हुए कहा - भाषण ज्यादा नहीं था. हां.. इतनी गलती मुझसे जरूर हो गई कि मैंने भाषण की चारों कापियां तुम्हें थमा दी थी.

☺ ☺ ☺

पागलखाने का दौरा करने आये मंत्री जी से पागलो का परिचय कराते हुए निरीक्षक ने कहा - ये है उमेश, यह सुरेश और यह है बेचारा मुकेश.

मंत्री जी ने बीच में ही टोक कर पूछा - बेचारा मुकेश, तुमने इसे बेचारा क्यों कहा?

निरीक्षक ने मुंह बिचका कर जवाब दिया- दरअसल साहब यह अकेला ऐसा व्यक्ति है, जो विवाह से पहले ही पागल हो गया.

☺ ☺ ☺

वकील - जब इन दोनों पति-पत्नी में लड़ाई हो रही थी, तो क्या तुम वहां मौजूद थे?


गवाह - जी हां.

वकील - तो तुम्हें कुछ कहना है?

गवाह - यही कि मैं कभी शादी नहीं करुंगा

☺ ☺ ☺

## फिल्म वर्ग पहेली - 2559



**बायें से दायें:-**

१. सलमान, आयशा की 'बैठा नीली झील किनारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, रीना, रामेश्वरी की 'तूने मुझे बुलाया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जब भी ये दिल उदास' गीत वाली राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. 'आज नाचूँ ऐसे' गीत वाली आशा पारेख, सुनील दत्त की फिल्म-२
९. फिल्म 'कसक' की नायिका कौन थी-३
१२. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, परवीन की 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
१८. हिंदी फिल्मों का पहला 'ही-मैन' किसे कहा जाता है-४
२०. 'छुपा रूस्तम' में नायिका कौन -२
२१. फिल्म 'अंत' में नायिका कौन थी-२
२२. अजय देवगन, ट्विंकल की 'मेरे सीने में तेरा' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' गीत वाली फिल्म-२
२४.'चाइना टाउन' के संगीतकार कौन-२
२६. 'कभी खुशी कभी गम' में अमिताभ की पत्नी की भूमिका किसने की है-२
२७. 'फूल और काँटे' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२८. 'नी मैं यार मनाना नी' गीत वाली राजेश, राखी, शर्मिला की फिल्म-२
३०. राजकुमार, राजेश, माला की 'गुस्सा इतना हसीन' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'मनोरंजन' में शम्मी व संजीव कुमार के साथ नायिका कौन थी-३
३४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. फिरोज खान, जीनत की 'हम तुम्हें चाहते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२. 'कभी-कभी' में ऋषि की नायिका -३
४. 'बंदिश' में जैकी की नायिका-२
५. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'ऐसे मिली निगाहें' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१०. 'मोहे छेड़ो ना' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
१३. सनी, संजय, रवीना, दिव्या की 'दिल ना किसी का' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'मय से मीना से ना' गीतवाली फिल्म-४
१५. 'कसम से तेरी आँखें' गीतवाली फिल्म-४
१६. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१८. अमिताभ, विनोद, सायरा की 'तुम भी चलो' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'फूल माँगू ना बहार' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
२३. 'उधर से जो तुमको मिले फुरसत' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'देखो देखो जी, ये है मेरी' गीत वाली जीतेंद्र, लीना की फिल्म-३
२७ रंजन, चित्रा, जयश्री की 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली फिल्म-३
२९.'तदबीर से बिगड़ी हुई' गीतवाली फिल्म-२
३१. गोविंदा, जूही की 'आ जाना जरा' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीतवाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 2558**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | न | मो | ल | | फि | जा | | य | श |
| भ | | ह | व | स | | न | र्गि | स | |
| य | | ब्ब | | नी | ल | म | | बॉ | बी |
| | जी | तें | द्र | | ड़ा | | जीं | स | |
| घा | त | | | आ | ई | ना | | | मु |
| त | | आ | वा | रा | | रा | जा | जा | नी |
| क | री | ना | | ध | | ज | | | म |
| | ना | | बे | ना | म | | मौ | | जी |
| हे | | दा | ता | | हि | रा | स | त | |
| मा | या | | ब | ल | मा | | म | | माँ |


## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 2559



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

**शब्द पहेली -2558 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | नु | भ | व | | शा | का | हा | र | |
| अ | | क्ता | | ल | | मि | | नि | | अ |
| ह | म | | का | या | प | ल | ट | | का | का |
| म | | रा | | का | | हो | | श | | र |
| क | हा | नी | का | र | | ना | म | क | र | ण |
| | द | | | | | | | | सो | |
| अ | सा | म | यि | क | | आ | ज | मा | ई | श |
| चा | | स्त | | म | | रा | | न | | रा |
| न | ल | | नी | ल | क | म | ल | | खौ | फ |
| क | | भ | | ना | | दे | | क | | त |
| | को | ला | ह | ल | | ह | र | जा | ई | |

## प्रधानमंत्री मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर बधाई देने के लिए वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों एवं सरकार प्रमुखों द्वारा दी गई शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के शुभकामना संदेश के प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति जेलेंस्की, आपके हार्दिक अभिवादन के लिए धन्यवाद। मैं भारत और यूक्रेन के बीच और भी घनिष्ठ संबंध बनाने की संयुक्त प्रतिबद्धता को बहुत महत्व देता हूं। हम यूक्रेन में अपने मित्रों के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि से भरे भविष्य की हार्दिक कामना करते हैं। इसी प्रकार, इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक्स पोस्ट का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, प्रधानमंत्री नेतन्याहू, आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। भारत-इज़राइल की मित्रता निरन्तर फलती-फूलती रहे। दोनों देश इस रिश्ते को और मज़बूत और गहरा बनाएं जिससे हमारे लोगों को शांति, विकास और सुरक्षा मिले।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़ ।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल होने के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी नेमरा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां सबसे पहले स्वर्गीय शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने मुख्यमंत्री की हिम्मत और हौसला को बढ़ाया। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।



## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे नेमरा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक स्वर्गीय शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए हैं। दोपहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनका हेलीकॉप्टर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में उतरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हेलीपैड से सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने उनके घर पहुंचे। यहां उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्होंने अपनी संवेदना भी प्रकट की। इसके बाद वे स्वर्गीय शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन से भी मिले। इस दौरान उनके साथ रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद थे। स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए मंत्री, सांसद और विधायकों का तांता लगा हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल के मंत्री, सांसद और विधायक यहां पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री और स्वर्गीय शिबू सोरोन के पुत्र हेमंत सोरेन अपने अतिथियों मिल रहे हैं और उनसे संवेदना ले रहे हैं। साथ-साथ वे अपने बाबा और राजनीतिक गुरु शिबू सोरेन का संदेश भी अतिथियों के देकर सम्मान के साथ विदा कर रहे हैं। सभी आगंतुकों और अतिथियों का स्वागत आदर भाव के साथ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री अपने आवास में ही बैठे हैं। जितने भी अतिथि पहुंच रहे हैं उन्हें टोटो से मुख्यमंत्री के घर तक पहुंचाया जा रहा है। आवास के अंदर अतिथियों से मुख्यमंत्री की मुलाकात हो रही है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने श्री गोविंद देव जी मंदिर में की पूजा-अर्चना


**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सपत्नीक जयपुर के आराध्य देव गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर सीएम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के उपदेश हर युग में प्रासंगिक एवं पथ प्रदर्शक हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने निष्काम कर्म करने, अन्याय का प्रतिकार करने तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण के लिए सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के महान आदर्शों को आत्मसात करें और देश-प्रदेश की प्रगति में सहभागी बनने का संकल्प लें।




# एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल पर भाजपा बोली- युवा पीढ़ी को जानना चाहिए विभाजन का सच, कांग्रेस ने जताई आपत्ति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर जारी एक विशेष शैक्षिक मॉड्यूल को लेकर देश की सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां इस कदम की सराहना करते हुए कहा है कि बच्चों को सच्चा इतिहास जानने का अधिकार है। वहीं कांग्रेस ने इसका कड़ा विरोध किया है। एनसीईआरटी के विशेष शैक्षिक मॉड्यूल में भारत के विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। विभाजन के अपराधी शीर्षक से तैयार किए गए इस मॉड्यूल को कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि विभाजन के समय करीब 6 लाख लोग मारे गए




और 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए।मॉड्यूल में यह भी कहा गया है कि विभाजन ने न केवल देश की एकता को खंडित किया, बल्कि पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक एवं आर्थिक अस्थिरता की ओर धकेलने के लिए भी इस ऐतिहासिक त्रासदी को जिम्मेदार बताया गया है। भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के अनुसंधान एवं प्रशासन निदेशक डॉ. ओम जी उपाध्याय ने मीडिया से कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा कहा था कि विभाजन अंतिम विकल्प होगा, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने हार मान ली और इसे नियति मानकर स्वीकार कर लिया। विभाजन कोई सामान्य घटना नहीं थी, बल्कि यह इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है, जहां 1.5 करोड़ लोगों को सीमाएं पार करने के लिए मजबूर किया गया। कम से कम 12-15 लाख लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। जब हम आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे, तो किसी भी स्वतंत्रता सेनानी ने नहीं सोचा था कि ऐसा कुछ होगा। नई पीढ़ी को सच्चाई पता होनी चाहिए ताकि वे इससे सीख सकें और यह सुनिश्चित कर सकें कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एनसीईआरटी ने सच्चाई को उजागर किया है, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस को इससे सबसे ज्यादा तकलीफ हुई है। राहुल गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना की सोच एक जैसी है। कांग्रेस आज भी जिन्ना जैसी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। भाजपा प्रवक्ता शाहनवाज़ हुसैन ने कहा, अगर कांग्रेस नेतृत्व ने उस समय मजबूती से विरोध किया होता, तो देश का विभाजन रोका जा सकता था, लेकिन वे सत्ता की जल्दबाज़ी में थे। आज की पीढ़ी को इस कड़वे सत्य को जानने का हक है।

## ग्वालियर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, एयर इंडिया की फ्लाइट ने दो बार की रफ लैंडिंग

**एजेंसी**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरपोर्ट पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया। बेंगलुरु से ग्वालियर पहुंची एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX2742 लैंडिंग के बाद अचानक दोबारा टेकऑफ कर गई और कुछ ही देर बाद जबरदस्त झटकों के साथ दोबारा लैंड हुई।

इस दौरान विमान में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया, वहीं कुछ यात्री घबरा गए। यात्रियों ने आरोप लगाया कि पायलट और क्रू की ओर से किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई, जिससे स्थिति और अधिक डरावनी हो गई। एक यात्री ने नाराजगी जताते हुए कहा, 'अगर कुछ हो जाता तो एयर इंडिया केवल माला, अगरबत्ती चढ़ाकर मुआवजा दे देती।'÷ वहीं एक महिला यात्री ने बताया कि लैंडिंग के दौरान लाइफ जैकेट्स सीट से बाहर निकल आईं, जिससे पैनिक और बढ़ गया।

घटना की जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट सुबह 10:50 बजे बेंगलुरु से रवाना हुई थी और लगभग 1:30 बजे ग्वालियर पहुंची। पहली लैंडिंग के समय अचानक झटका लगने पर विमान ने दोबारा टेकऑफ कर लिया। इसके बाद दोबारा कराई गई लैंडिंग भी काफी रफ रही।

**एयर इंडिया एक्सप्रेस का बयान**

एयरलाइन प्रवक्ता ने कहा, 'हमारे एक विमान ने ग्वालियर में गो-अराउंड किया और इसके बाद सुरक्षित और सामान्य रूप से लैंडिंग की। जब भी आवश्यक हो, क्रू को एहतियातन गो-अराउंड करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। विमान ने बाद में नियोजित कार्यक्रम के अनुसार ही संचालन किया।'

## आंध्र प्रदेश में जैश-ए-मोदम्मद से जुड़ा आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी**

**अनंतपुर।** आंध्र प्रदेश में श्री सत्य साई अनंतपुर ज़िला पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोदम्मद से जुड़े एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान नूर मोहम्मद (40) के रूप हुई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आज रात में उसे अदालत में पेश कर सकती है। पुलिस की पकड़ में आया नूर मोहम्मद मूल रूप से धर्मावरम का रहने वाला है। स्थानीय पुलिस, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (आईएनए) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) की टीम ने उसे धर्मावरम से ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नूर की पहचान जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े लगभग 29 आतंकवादी समूहों के प्रमुख सदस्य के रूप में की है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि नूर भारत में मुस्लिम युवाओं को आतंकवाद की ओर मोड़ने के लिए उकसाने का काम करता था।पुलिस ने बताया कि नूर की पहचान जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े लगभग 29 आतंकवादी समूहों के प्रमुख सदस्य के रूप में की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि नूर भारत में मुस्लिम युवाओं को आतंकवाद की ओर मोड़ने के लिए उकसाने का काम करता था। पुलिस नूर के मोबाइल फ़ोन के डेटा का गहन विश्लेषण कर कर रही है।पुलिस के अनुसार एनआईए ने धर्मावरम के कोटा इलाके में नूर मोहम्मद के घर पर छापा मारा, तो




पता चला है कि वह एक होटल में रसोइया का काम करता है। एनआईए अधिकारियों ने नूर के घर की भी तलाशी ली और वहां से 16 सिम कार्ड ज़ब्त किए। आईबी अधिकारियों ने बताया कि वह भारत में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के व्हाट्सएप ग्रुपों का सदस्य है। वह ऑनलाइन कॉल के ज़रिए पाकिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद और लोगों से बात करता था। साथ ही, अधिकारियों ने आंध्र प्रदेश में ऐसे छात्रों की पहचान की है, जिनके आतंकवादी संगठन इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (आईएमआई) से संबंध हैं। आईबी अधिकारियों ने बताया कि खुफिया एजेंसियां आंध्र प्रदेश में दस संदिग्धों की पहचान की है। विजयवाड़ा में चार और उपनगरों में छह अन्य की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि वे एसी मैकेनिक का काम करते थे और कुछ मस्जिदों के पास भीख मांगते थे, झोपड़ियों में काम करते थे और सिमी के लिए काम करते थे। इन संदिग्धों ने 30 साल से अधिक आतंकी संगठन को समर्थन देते हुए आम आदमी की तरह पेश आते और छोटे उप नगरों में अपना ठिकाना बनाकर पुलिस के निगरानी से बचते रहे। श्री सत्य साई अनंतपुर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नरसिंहप्पा ने बताया हमें पता चला कि नूर मोहम्मद एक प्रतिबंधित आतंकवादी समूह का सदस्य है। हमने कुछ सिम कार्ड ज़ब्त किए हैं। हम उससे पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नूर के जैश-ए-मोहम्मद संगठन से संबंधों की और गहराई से जांच की जा रही है।

## मप्र की बेटी मुस्कान ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर तिरंगा फहराकर रचा इतिहास

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले की बेटी मुस्कान रघुवंशी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एलब्रुस पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। मुस्कान की इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ही नहीं, पूरा देश गर्व कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुस्कान को माउंट एलब्रुस पर भारत का तिरंगा फहराने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रदेश के अशोक नगर जिले की बेटी मुस्कान रघुवंशी ने माउंट एलब्रुस की (5,642 मीटर) पर -30 डिग्री तापमान के बीच तिरंगा फहरा कर मध्य प्रदेश सहित पूरे भारत का मस्तक शान से ऊंचा कर दिया है। उन्होंने कहा कि बेटी मुस्कान भविष्य में भी सफलता के नित-नए कीर्तिमान रचें और देश का गौरव बढ़ाती रहें। गौरतलब है कि मुस्कान रघुवंशी मुस्कान मूलतः अशोकनगर की रहने वाली हैं और वर्तमान में भोपाल में पढ़ाई कर रही हैं। उन्होंने 14 अगस्त की रात एक बजे बेस कैंप से चढ़ाई शुरू कर 15 अगस्त सुबह 9÷15 बजे -30 डिग्री तापमान और 40-50 किमी/घंटा की तेज हवाओं के बीच यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची



चोटी माउंट एलब्रुस (5,642 मीटर) के शिखर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अंतरराष्ट्रीय अभियान में दुनिया के कई देशों के पर्वतारोही शामिल थे। गत नौ अगस्त से शुरू इस अभियान में मुस्कान ने छह दिन तक कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया। इससे पहले मुस्कान ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोसियस्ज़को और अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी माउंट किलीमंजारो को फतह कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3,500 किमी और नर्मदा परिक्रमा की 3,200 किमी की साइकिल यात्रा केवल 19 दिन में पूरी कर रिकॉर्ड बनाया है। मुस्कान ने बताया कि अगला लक्ष्य सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराना और भारतीय संस्कृति को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करना है।

## महाराष्ट्र के कई जिलों में मूसलाधार बारिश, नदी-नाले उफान पर

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई जिलों में नदी-नाले उफान पर हैं। सोलापुर में बारिश की वजह से बाढ़ आ जाने से कई गांवों का संपर्क टूट गया है। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार शाम को मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ और रत्नागिरी में 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि इसके चलते अगले पांच दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। कल से शुरू हुई तूफानी बारिश ने सोलापुर में कहर बरपा दिया है। दक्षिण सोलापुर के कई गाँवों का संपर्क टूट गया है। जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थल पर जाने की अपील की है। साथ ही सतपुड़ा के चाडसैली घाट में भूस्खलन हुआ है। इससे यातायात बाधित हो गया है। जालना जिले के



बदनापुर तहसील के गेवराई इलाके और आस पास में सुबह से भारी बारिश हो रही है। इस बारिश के कारण खेत सचमुच झीलों में तब्दील हो गए हैं और सडक़ें लबालब हो गई हैं। खरीफ की कपास और सोयाबीन की फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गई हैं। इससे किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।वाशिम जिले में दोपहर बाद बारिश फिर से तेज़ हो गई है और पिछले एक घंटे से पूरे जिले में भारी बारिश जारी है। वाशिम तालुका के किनखेड़ा इलाके में आज दोपहर बादल फटने जैसी बारिश के कारण कई घरों में पानी घुस गया है। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है और घरेलू सामान को नुकसान पहुँचा है। जिले में नदियों और नालों में बाढ़ आने से नदी किनारे के खेतों में पानी घुसने से फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है। खरीफ की फसलें जैसे सोयाबीन, कपास, मूंग और उड़द प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग पहले ही भारी बारिश की चेतावनी दे चुका है, इसलिए प्रशासन ने नागरिकों और किसानों से सतर्क रहने की अपील की है। लातूर और बीड धाराशिव जिलों को पानी की आपूर्ति करने वाला मांजरा बांध 90 प्रतिशत भर गया है। बांध क्षेत्र में पानी की आवक को देखते हुए, मांजरा बांध के 18 में से 4 गेट खोल दिए गए हैं और पानी मंजारा नदी बेसिन में छोड़ दिया गया है। इससे नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला प्रशासन ने नदी किनारे के गांवों को चेतावनी जारी की है। शहर में व्यावसायिक दुकानों में बारिश का पानी घुस गया।

## राम मंदिर आंदोलन के कारण हिन्दू अस्मिता का जागरण हुआ : मिलिंद परांडे

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन 1964 में मुंबई में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई। 61 वर्षो की गौरवशाली यात्रा के कुछ अविस्मरणीय और अनूठे पड़ाव को लेकर विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि हिन्दू जीवन मूल्यों की प्रतिष्ठापना, सामाजिक कुरीतियों का निर्मूलन व हिन्दुओं में स्वाभिमान जागरण का काम विहिप कर रही है। हम चाहते हैं कि सरकार मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति, गोरक्षा एवं मतांतरण रोकने का कानून बनाये। मतांतरण और गोरक्षा समेत कई बिंदुओं पर मिलिंद परांडे से हिन्दुस्थान समाचार ने विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत हैं संपादित अंशः- विश्व भर में जो हिन्दू समाज था उससे सम्पर्क की कोई व्यवस्था संगठित स्वरूप में पहले नहीं थी। विहिप की स्थापना के बाद वहां सम्पर्क की व्यवस्था बनी और आज व्यवस्थित रूप से विदेशों में जहां भी हिन्दू रह रहा है उनका संगठन खड़ा हो गया है। उन हिन्दूओं की जो आवश्यकताएं हैं जो खतरे हैं उनके बारे में सोचने वाले संगठन खड़े होते जा रहे हैं। मगर संकटों का स्वरूप भी बदला है। विहिप की स्थापना के बाद मतांतरण को रोकने के लिए एक सुनियोजित व्यवस्था खड़ी हो गयी। अनेक पूज्य संत इस काम में लग गये। इसके अलावा बहुत बड़ी मात्रा में ईसाई व मुसलमान जिनके पूर्वज हिन्दू थे उनकी घर वापसी की प्रक्रिया गति पकड़ रही है। यह दूसरा बहुत बड़ा अन्तर उस समय से इस समय में आया है। तीसरी अनेक सामाजिक कुरीतियां थी।

## किन्नौर में जन्माष्टमी मनाने गए दिल्ली के दो श्रद्धालुओं की भूस्खलन से मौत

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर जारी है और भारी बारिश व भूस्खलन से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। किन्नौर जिला में जन्माष्टमी के पर्व पर बड़ा हादसा हो गया। निचार ब्लॉक के यूला कांडा में जन्माष्टमी मनाने जा रहे दिल्ली के दो श्रद्धालु पहाड़ से गिरे पत्थरों की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान 27 वर्षीय प्रशील बागमारे पुत्र सिद्धार्थ बागमारे निवासी रामा विहार, गली नंबर-4, मकान नंबर ष्ट-173, दिल्ली और 25 वर्षीय रश्मि पुत्री अनिल राम निवासी र्क-26, बी ब्लॉक, अर्जुन बेस, नवाबगढ़, नई दिल्ली के रूप में हुई है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी भाभा नगर भेजा गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। किन्नौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक एस ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि लगातार बारिश के कारण क्षेत्र में पत्थर गिरने की घटनाएं हो रही हैं। हिमाचल में अब तक इस मानसून सीजन में भारी तबाही दर्ज की जा चुकी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक 261 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 लोग लापता और 332 घायल हैं। मृतकों में सबसे ज्यादा 47 मंडी जिले से हैं। इसके अलावा कांगड़ा में 40, चंबा में 30, शिमला में 26, किन्नौर में 24, कुल्लू में 22, हमीरपुर और सोलन में 16-16, ऊना में 14, बिलासपुर में 10, सिरमौर में 9 और लाहौल-स्पीति में 7 लोगों की मौत दर्ज की गई है।

प्रदेश में मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 17 अगस्त को चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर, 18 अगस्त को केवल कांगड़ा और 19 अगस्त को कांगड़ा व मंडी जिलों में भारी वर्षा की संभावना है। 20 से 22 अगस्त तक भी मौसम खराब रहेगा। राजधानी शिमला में बारिश थमने से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन छोटा शिमला थाना क्षेत्र के विकासनगरङ्कपंथाघाटी मार्ग पर भारी भूस्खलन हो गया। मलबा गिरने से सड़क कई घंटे बाधित रही और अब भी पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई है। प्रशासन ने आशंका जताई है कि सड़क किनारे खड़ी कुछ गाड़ियां भी मलबे में दब सकती हैं। वहीं, शिमला के सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी उफान पर है और पानी आईटीआई, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंच गया है। एहतियातन सुन्नी पुल पर आवाजाही रोक दी गई है। उधर कांगड़ा जिले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। व्यास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से मंड भोग्रवां गांव में एक बहुमंजिला मकान का हिस्सा बह गया। हालांकि समय रहते घर को खाली करा लिया गया जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से सड़कें, बिजली और पानी की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार शनिवार शाम तक दो नेशनल हाईवे और 311 सड़कें अवरुद्ध थीं।

## मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को नागालैंड का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** नागालैंड के राज्यपाल ला. गणेशन के निधन के बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को नागालैंड के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि भल्ला, मणिपुर के राज्यपाल के रूप में अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नागालैंड राज्य के राज्यपाल के कार्यों का भी निर्वहन करेंगे। यह निर्णय तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि नागालैंड के लिए कोई स्थायी नियुक्ति नहीं की जाती। उल्लेखनीय है कि ला. गणेशन का हाल ही में निधन हो गया था। वे एक अनुभवी राजनेता और प्रशासनिक कार्यों में दक्ष व्यक्ति माने जाते थे। उनके निधन से नागालैंड में रिक्त हुए संवैधानिक पद की जिम्मेदारी अब अजय कुमार भल्ला को सौंपी गई है।

# लाखों लोगों को नेमरा खींच लाई 'दिशोम गुरु' की सादगी और सरलता

**एजेंसी**

**रामगढ़।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय शिबू सोरेन के संस्कार भोज में देशभर से लोगों का आना हुआ, उनमें सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक जगत के लोग भी शामिल रहे। सभी आगंतुकों ने एक स्वर में संमृति-शेष शिबू सोरन को याद किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

दरअसल, दिशोम गुरु शिबू सोरेन को लोग गुरुजी के नाम से ही बुलाते थे। उनकी सादगी और सरलता ने लाखों दिलों में अपना घर बना लिया है। आज शिबू सोरेन सशरीर तो सामने नहीं है, लेकिन वे झारखंड के लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है। रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में उनका संस्कार भोज हुआ। गुरुजी की सादगी और सरलता लाखों लोगों को नेमरा खींच लाई। उनके संस्कार भोज में कई राज्यों के लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सबसे बड़ी बात यह थी कि लोग यात्री वाहनों में भरकर, गाड़ियों की छतों पर बैठकर, तीखी धूप में यात्रा कर दिशोम गुरु



को अंतिम जोहार करने उनके गांव पहुंचे। आम नागरिकों के लिए संस्कार भोज में काफी सारे इंतजाम किए गए थे। हर व्यक्ति वहां पहुंचकर गुरु जी को सबसे पहले नमन कर रहा था। वह उस धरती की माटी को चूमना चाहते थे, जहां से गुरुजी ने आदिवासियों को मुक्त करने की लड़ाई शुरू की थी। आज आदिवासी समाज के विकास की गाड़ी चल पड़ी है। यहां पहुंचे लोगों ने इस गाड़ी की बागडोर भी हेमंत सोरेन को सौंप दी है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुत्र धर्म का उल्लेखनीय उदाहरण पेश किया है। गुरुजी के निधन के बाद उन्होंने यह तय किया कि जिस मिट्टी में उनके पिता ने जन्म लिया था, इस प्रकृति के बीच उन्हें अंतिम जोहार कहा जाए। चार अगस्त को उनका निधन हुआ। पांच अगस्त को उनका अंतिम संस्कार हुआ। इसके बाद पुत्र धर्म निभाने के लिए हेमंत सोरेन ने उन सारी विधियों को अपने पैतृक गांव नेमरा में पूरा किया, जहां उनके पूर्वज करते आ रहे थे। इन सब के साथ उन्होंने राजधर्म की बागडोर भी नहीं छोड़ी। आम नागरिकों का काम भी वैसे ही जारी रखा, जैसे पहले चल रहा था।

इसके अलावा उनके पैतृक गांव नेमरा में पहुंचने वाले अतिथियों की सुविधा का ध्यान भी बखूबी रखा गया। दशकर्म और संस्कार भोज में शामिल होने वाले लोगों के लिए बेहतर इंतजाम कर हेमंत सोरेन पुत्र धर्म पर खरे उतर गए। संस्कार भोज में आदिवासी समाज के लाखों लोग जुटे। सभी लोगों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ बिताए गए पलों को याद किया। कुछ तो ऐसे लोग भी थे जिन्होंने आंदोलन में गुरुजी का साथ दिया था। कई ऐसे समाज के लोग थे, जिन्होंने संघर्ष के दिनों में गुरुजी को पनाह दी थी। हर व्यक्ति वहां पहुंचकर उन बीते पलों को याद कर गुरुजी को अंतिम जोहार कह रहा था।

## हिमाचल प्रदेश में 19 अगस्त तक भारी वर्षा का येलो अलर्ट, शिमला में भूस्खलन

**एजेंसी**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 अगस्त को चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में, 18 अगस्त को केवल कांगड़ा में और 19 अगस्त को कांगड़ा व मंडी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं 20 से 22 अगस्त तक मौसम खराब रहेगा, लेकिन इन दिनों के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

**शिमला में भूस्खलन और सुन्नी में बाढ़ जैसे हालात**

राजधानी शिमला में बारिश नहीं हुई, जिससे लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की, लेकिन छोटा शिमला थाना क्षेत्र के विकासनगर- पंथाघाटी मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ। पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरने के कारण सड़क कई घंटे अवरुद्ध रही। मशीनरी की मदद से एक लेन को खोल दिया गया है, लेकिन पूरी तरह बहाल होने में अभी समय लगेगा। आशंका जताई जा रही है कि सड़क किनारे खड़ी कुछ गाड़ियां भी मलबे में दब सकती हैं। उधर, शिमला के सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी के उफान पर आने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदी का पानी आईटीआई, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंच गया। सुन्नी पुल पर आवाजाही बंद कर दी गई है और लोगों को सतलुज से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। कांगड़ा जिले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने भी हालात बिगाड़े हैं। व्यास नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से मंड भोग्रवां गांव में एक बहुमंजिला मकान का हिस्सा बह गया। हालांकि समय रहते घर खाली करा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। भारी बारिश से सड़कों और यातायात पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार शनिवार शाम तक प्रदेश में दो नेशनल हाईवे और 311 सड़कें अवरुद्ध थीं। इनमें अकेले मंडी जिले की 175 सड़कें शामिल हैं। कुल्लू में 63, कांगड़ा में 25, चंबा में 12 और शिमला में 13 सड़कें ठप रही। कुल्लू में नेशनल हाईवे 305 जहेड खनग के पास बंद है, जबकि किन्नौर में एनएच-5 बाधित है। प्रदेश में बिजली और पेयजल आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। कुल 348 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं जिनमें से 322 केवल मंडी जिले में हैं। 119 पेयजल योजनाएं ठप हैं, जिनमें मंडी की 44, कांगड़ा की 41 और शिमला की 11 योजनाएं शामिल हैं।

# ब्रेविस को रिप्लेसमेंट के तौर पर शामिल करने सीएसके ने कोई गलत तरीका नहीं अपनाया : अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि 2025 आईपीएल सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर डेवाल्ड ब्रेविस की खरीदारी में किसी प्रकार का गलत तरीका नहीं अपनाया था। अश्विन ने कहा कि सीएसके ने रिप्लेसमेंट नियम का बेवजह लाभ नहीं उठाया है। वहीं अश्विन ने पहले आरोप लगया था कि ब्रेविस को खरीदने के लिए सीएसके ने रिश्वत दी थी। जिसे सीएसके ने खारिज कर दिया था। सीएसके ने एक बयान जारी कर साफ कर दिया कि फ्रैंचाइजी ने ब्रेविस को खरीदने के लिए किसी को पैसा नहीं दिया।


वहीं अब अश्विन को इस मामले पर अपनी सफाई देनी पड़ी है। उन्होंने कहा ÷हम ऐसे युग में जी रहे हैं जहां हमें सच्ची कहानियों पर भी स्पष्टीकरण देना पड़ता है। ऐसे में यहां किसी की कोई गलती नहीं है। इस मामले पर स्पष्टीकरण इसलिए दिया गया है क्योंकि बहुत से लोगों को संदेह है। मुद्दा यह है कि खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है, फ्रैंचाइजी की कोई गलती नहीं है, और शायद गवर्निंग बॉडी की भी कोई गलती नहीं है। हम सभी को यह समझना होगा कि अगर किसी फ्रैंचाइजी को किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है, तो फ्रैंचाइजी उस खिलाड़ी या खिलाड़ी के एजेंट से बात करती है और बीसीसीआई से कहती है, देखिए, हमारा एक खिलाड़ी चोटिल है, हमें एक खिलाड़ी चाहिए। मामला यहीं समाप्त हो जाता है।

उन्होंने साथ ही कहा, ÷आईपीएल या जिन्हें मंजूरी देनी होती है, वे मंजूरी दे देते हैं और खिलाड़ी आकर खेलता है। अगर यहां कोई गलती होती, तो वह खिलाड़ी फ्रैंचाइजी में नहीं खेलता। यह ब्रेविस के बारे में नहीं है; आमतौर पर ऐसा ही होता है। एक और बात है जो मैं समझाना चाहता हूं। वीडियो में मेरा इरादा यह बताना था कि ब्रेविस कितनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का एक त्रि-भागीय अनुबंध होता है, खिलाड़ी, फ्रैंचाइज़ी और आईपीएल का।÷

अंत में उन्होंने कहा, तो अगर इसमें कुछ गड़बड़ है, तो इसे मंजूरी नहीं मिलेगी। आईपीएल में चोट के कारण रिप्लेसमेंट में जो लचीलापन है, उसका हर कोई फायदा उठा रहा है। केवल चेन्नई सुपर किंग्स ने ही रिप्लेसमेंट नहीं चुना है; कई और टीमें भी हैं।




## यश ढुल का शतक, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं।

युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की और चार ओवर में सिर्फ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन रापरिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफ़ी महंगे साबित हुए।

सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन (26 गेंदों पर 52 रन) और अर्नव बुग्गा (13 गेंदों पर 43 रन) ने पांच ओवरों के अंदर 85 रन की साझेदारी करके स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और आखिर में उसकी टीम नौ विकेट पर 182 रन ही बना सकी।

**अवसरों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं**

ढुल ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।'

पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, 'उस घटना ने मेरी बहुत मदद की क्योंकि मुझे पता चला कि मैं क्या कर सकता हूं। उस समय कोई भी मेरे साथ नहीं खड़ा था। मुझे पता था कि मैं अकेला हूं और मेरे पास खुद वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। मैंने बस खुद को मानसिक रूप से मज़बूत रखा।% ढुल ने कहा, 'मुझे खुद पर भरोसा था। मुझे पता था कि मैं एक दिन फिर से खेलूंगा और मुझे पता था कि कैसे खेलना है और कैसे खेलूंगा।'

# सूर्यकुमार फिट हुए, एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव फिटनेस टेस्ट में पास हो गये हैं। ऐसे में अब अगले माह होने वाले एशिया कप के लिए उनके खेलने को लेकर संशय समाप्त हो गया है। भारत की मेजबानी में होने वाला एशिया कप 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। इसका खिताबी मुकाबला 28 सितंबर को होगा। एशिया कप अबू धाबी और दुबई में खेला जाएगा। एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा 19 अगस्त को होगी।

कप्तान सुर्यकुमार यादव के फिट होने से भारतीय टीम ने राहत की सांस ली है। सूर्यकुमार सर्जरी से उबरने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में रिहैब कर रहे थे, जहां उन्होंने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। सूर्यकुमार अब एशिया कप के लिए मुंबई में होने वाली चयन समिति की बैठक में भाग लेंगी। बीसीसीआई के एक अधिकार ने कहा, उन्होंने अपनी फिटनेस साबित कर दी है और एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कुछ दिन




पहले तक सूर्यकुमार यादव सीओई में रिहैब के तौर से गुजर रहे थे।

सूर्यकुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के बाद जर्मनी में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी। इसके बाद से ही वह खेल से दूर थे। सर्जरी एशिया कप 2025 में भारतीय टीम अपना पहला मैच 10 सितंबर को खेलेगी। इसे बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम पाकिस्तान से खेलेगी हालांकि इस मैच का काफी विरोध भी हो रहा है जिससे इसप संशंय के बादल छा गये हैं। भारतीय टीम को एशिया कप में पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। वहीं ग्रुप-बी में हांगकांग, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की टीमें हैं।

# रोहित-कोहली को टेस्ट से बाहर करने के पीछे बीसीसीआई की राजनीति: घावरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने इंग्लैंड दौरे से पहले अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया था। यह फैसला क्रिकेट फैंस के लिए चौंकाने वाला इसलिए भी रहा क्योंकि दोनों ही दिग्गज अभी इस फॉर्मेट से हटना नहीं चाहते थे। एक रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और कोहली इंग्लैंड दौरे की तैयारी में जुटे थे और इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर बेहद उत्साहित थे। लेकिन बीसीसीआई और चयन समिति के दबाव के चलते दोनों को संन्यास का ऐलान करना पड़ा।




रोहित शर्मा ने सबसे पहले इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए अपने टेस्ट करियर के अंत की घोषणा की। दो दिन बाद विराट कोहली ने बीसीसीआई को पत्र लिखकर संन्यास लेने की इच्छा जताई और जल्द ही सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसे सार्वजनिक भी कर दिया। इन घोषणाओं के बाद क्रिकेट गलियारों में सवाल उठने लगे कि क्या दोनों खिलाड़ी वास्तव में संन्यास लेना चाहते थे या उन्हें मजबूर किया गया। इस बीच यह भी खबर आई थी कि कोहली रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के लिए खेलना चाहते थे और उन्होंने अपने कोच से कहा था कि इंग्लैंड दौरे पर कम से कम चार-पांच शतक बनाने का लक्ष्य है। वहीं, रोहित ने भी आईपीएल ब्रेक के दौरान माइकल क्लार्क से बातचीत में इंग्लैंड सीरीज़ को लेकर अपनी तैयारी का जिक्र किया था।

इस पूरे प्रकरण पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज कर्सन घावरी ने बड़ा बयान दिया है। घावरी का दावा है कि कोहली और रोहित को बीसीसीआई की आंतरिक राजनीति और चयन समिति के फैसलों के कारण समय से पहले संन्यास लेना पड़ा। उनके मुताबिक, दोनों दिग्गज खिलाड़ी कम से कम कुछ और वर्षों तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते थे और टीम को योगदान दे सकते थे। लेकिन अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति की अलग योजनाओं के चलते उन्हें किनारे कर दिया गया। घावरी ने कहा कि बीसीसीआई ने दोनों को सम्मानजनक विदाई भी नहीं दी, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके मुताबिक, ऐसे महान खिलाड़ियों को शानदार विदाई दी जानी चाहिए थी क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट और फैंस के लिए अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने इसे 'छोटी राजनीति' का नतीजा बताया और कहा कि यह समझना मुश्किल है कि आखिर बोर्ड ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। क्रिकेट जगत में अब भी इस फैसले पर बहस जारी है। एक ओर जहां फैंस और पूर्व क्रिकेटर मानते हैं कि रोहित और कोहली का करियर टेस्ट फॉर्मेट में और आगे बढ़ सकता था, वहीं दूसरी ओर बोर्ड के अंदरूनी फैसलों ने उनकी राह रोक दी। यह विवाद भारतीय क्रिकेट की राजनीति और चयन प्रणाली पर नए सवाल खड़े करता है।

## हीली की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीता

### -भारतीय टीम ने 2-1 से सीरीज जीती

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय महिला ए टीम को तीसरे एकदिवसीय में मेजबानों के हाथों 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम ने इस सीरीज के पहले दो मैच जीतकर जीते थे जिससे वह 2-1 से सीरीज जीतने में सफल रही। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय ए टीम ने शेफाली वर्मा के अर्धशतक से 216 रन बनाकर मेजबानों को जीत के लिए 217 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने एलिसा हीली के शतक से 27.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। हीली ने 84 गेंदों पर 137 रन बनाये। इस पारी में 23 चौके और 2 लंबे छक्के भी शामिल थे। उन्हें इस लाजवाब पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला।




## एशिया कप : भारत-पाकिस्तान मुकाबले में 10 सेकंड के विज्ञापन के लिए खर्च करने होंगे इतने लाख रुपए

स्पोर्ट्स डेस्क । एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होने वाला है और हमेशा की तरह इस टूर्नामेंट का सबसे प्रतीक्षित मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। दोनों देशों के बीच तनाव का एक लंबा इतिहास रहा है और हाल ही में पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद यह और भी बढ़ गया। ऐसी मांगें उठ रही हैं कि भारत को पाकिस्तान के साथ मैचों का बहिष्कार करना चाहिए, लेकिन अब ऐसा होना लगभग नामुमकिन सा लग रहा है। मैदान के बाहर के इन तनावों ने भारत-पाकिस्तान मैचों को भी काफी ध्यान आकर्षित किया है और प्रसारकों को पिछले कुछ वर्षों में इससे फायदा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भारत के एशिया कप मैचों के दौरान विज्ञापन दरें 14 से 16 लाख रुपए की भारी कीमत तय की है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच एक हाई-प्रोफाइल मुकाबला भी शामिल है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडियाने 2031 तक एशिया कप के मीडिया अधिकार 17 करोड़ डॉलर में हासिल कर लिए हैं। इसलिए टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा और इसकी स्ट्रीमिंग सोनीलिव पर होगी। WPP मीडिया के क्लाइंट सॉल्यूशंस के अध्यक्ष नवीन खेमका ने इकोनॉमिक टाइम्स के हवाले से कहा, 'एशिया कप की अच्छी मांग रहेगी क्योंकि यह त्योहारों से पहले के सीजन में हो रहा है और भारत-पाकिस्तान मैच काफी आकर्षक है। इस साल दिवाली जल्दी आ रही है, इसलिए विज्ञापन गतिविधियां सितंबर में ही शुरू हो जाएंगी।'


## 'जिस तरह के आजकल हालात...': एशिया कप से पहले पाकिस्तान के मुख्य कोच ने भारत को चेताया

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होने वाला है और पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन और चयन समिति के सदस्य आकिब जावेद इस घोषणा के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे और उन्होंने टीम चयन के पीछे के तर्क पर खुलकर बात की।


आकिब जावेद से पूछा गया कि क्या चुनी गई टीम 14 सितंबर को होने वाले मुकाबले में भारत को हराने की क्षमता रखती है। जवाब में पाकिस्तान के मुख्य कोच आत्मविश्वास से भरे दिखे और कहा कि दोनों पड़ोसियों के बीच यह मैच क्रिकेट की दुनिया का सबसे बड़ा मैच है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें शामिल खिलाड़ी और आसपास के सभी लोग इस खेल के महत्व को समझते हैं और दावा किया कि एशिया कप 2025 के लिए चुनी गई पाकिस्तान टीम में टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हराने की क्षमता है।

आकिब जावेद ने कहा, 'बिल्कुल है। हम चाहें या ना चाहें, भारत और पाकिस्तान का जो मैच है वो क्रिकेट में सबसे बड़ा मैच है। ये हर खिलाड़ी को भी एहसास होता है, हर इंसान को भी एहसास होता है और मुझे लगता है कि ये 17 सदस्यीय टीम है उसमें इतनी क्षमता है जो कि किसी भी टीम को हरा सकती है।'

जावेद ने यह भी उल्लेख किया कि चीजें बदलती रहती हैं और सभी से टीम के पीछे रहने का आग्रह किया। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मैदान के बाहर चल रहे तनाव का भी हवाला दिया और कहा कि उनके खिलाड़ी तैयार हैं। आकिब जावेद ने आगे कहा, 'मैं बहुत आशान्वित हूं, चीजें बदलती रहती हैं, इस दफा आप भी तैयार करते हैं और हम भी पकड़ते हैं। खिलाड़ी भी तैयार हैं, और सबको एहसास है कि ये कितना बड़ा मैच है और जिस तरह के आजकल हालात चल रहे हैं। ये भी नहीं के उन पर कोई दबाव डालना है, लेकिन मैं वास्तव में आशान्वित हूं।'




## एशिया पैसफिक पैडल कप में खेलती नजर आयेगी युवराज की छोटी बहन अमरजोत



नई दिल्ली । अमरजोत कौर का चयन मलेशिया के कुआलालंपुर में होने वाले एशिया पैसफिक पैडल कप एपीपीस 2025 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। अमरजोत भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह की छोटी बहन है। भारतीय पैडल टीम में इस बार अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जिससे टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। एशिया पैसफिक पैडल कप में भारतीय टीम के खिलाड़ी अपनी तेज सर्विस, रैलियों और सटीक स्मैश के बल पर जीत हासिल करने उतरेंगे। एशिया पैसिफिक पैडल कप 2025 में बड़ी टीमें खिताबी मुकाबलों में उतरेंगी। अब युवराज सिंह के प्रशंसकों को उम्मीद है कि उनकी बहन इस टूर्नामेंट में उन्हीं की तरह बेहतर प्रदर्शन करेंगी। युवराज के पिता योगराज सिंह ने दो शादियां की है। अमरजोत योगराज की दूसरी पत्नी नीना बुंदेल की बेटी हैं। नीना पंजाबी फिल्मों की शीर्ष अभिनेत्री रही हैं। अमरजोत भी काफी ग्लैमरस और सुंदर हैं। सोशल मीडिया पर उनके साढ़े 32 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। युवराज और जोरावर के अलावा अमरजोत का एक सगा भाई भी है, जिसका नाम विक्टर सिंह है। पैडल गेम की शुरुआत साल 1969 में मैक्सिको में हुई थी। इसके बाद से ही ये खेल यूरोप, यूएई में लोकप्रिय हुआ और अब ये बड़े शहरों में खेला जाता है। पैडल एक रैकेट गेम है हालांकि इसके रैकेट छोटे होते हैं, ये टेनिस और स्क्वाश का मिला-जुला रुप माना जाता है। यह मुख्य रूप से डबल्स प्रारुप में खेला जाता है।

## बीसीसीआई ने डोमेस्टिक क्रिकेट में लाया बड़ा बदलाव, गंभीर चोट पर मिलेगा रिप्लेसमेंट

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2025-26 डोमेस्टिक सीजन से पहले खेल नियमों में अहम बदलाव किए हैं। नए नियम के तहत मल्टी डे क्रिकेट में गंभीर चोट के लिए रिप्लेसमेंट की अनुमति दी जाएगी। इस प्रावधान को गंभीर चोट रिप्लेसमेंट नाम दिया गया है। हाल ही में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत और इंग्लैंड के क्रिस वोक्स चोटिल हो गए थे। उसी अनुभव के बाद बीसीसीआई ने यह कदम उठाया है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नया नियम मौजूदा कन्कशन सब्स्टीट्यूशन प्रावधान जैसा ही होगा। इसमें किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगने पर उसकी जगह उसी तरह की क्षमता वाला खिलाड़ी मैदान पर उतर सकेगा। हालांकि, यह प्रक्रिया तभी लागू होगी जब ऑन-फील्ड अंपायर और मैच रेफरी डॉक्टर से परामर्श के बाद इसे मंजूरी देंगे। एक बार रिप्लेसमेंट के बाद घायल खिलाड़ी मैच में दोबारा हिस्सा नहीं ले सकेगा। बीसीसीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस स्थिति में आंकड़ों और रिकॉर्ड्स के लिए घायल खिलाड़ी और रिप्लेसमेंट दोनों को प्रतिभागी माना जाएगा। हालांकि, यह नियम केवल मल्टी डे क्रिकेट जैसे सीके नायडू ट्रॉफी पर लागू होगा। सीमित ओवरों की प्रतियोगिताएं, जैसे विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, इसके दायरे में नहीं आएंगी। साथ ही अभी तक यह साफ नहीं है कि भविष्य में इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी लागू किया जाएगा या नहीं।

# अपने अंतिम समय में भी मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**कोलकाता (एजेंसी)।** केयर्न्स ÷दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले ग्लेन मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए। इससे पहले उन्होंने लॉन्ग-ऑन पर डेवाल्ड ब्रेविस की विनाशकारी पारी का अंत करने के लिए एक मैच-बदलने वाला कैच लपका था। वनडे मैचों से संन्यास लेते समय, मैक्सवेल ने मैदान पर 50 ओवर नहीं टिक पाने का हवाला दिया था, लेकिन हाल ही में कुछ बाउंड्री कैचों से यह बात और पुख्ता हुई है कि वह शानदार पल बिताने में सक्षम हैं।

ऑस्ट्रेलिया विश्व कप से पहले अच्छी फॉर्म में है और मैक्सवेल खेल के तीनों पहलुओं में, दूसरी बार खिताब जीतने की उनकी कोशिश का एक अहम हिस्सा होंगे। उनकी ऑफ स्पिन टीम के संतुलन का एक अहम हिस्सा है और विश्व कप में पावरप्ले में एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली दो सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया है, ऐसे में मैक्सवेल ने अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया है।

पिछले महीने सेंट किट्स में उन्होंने 18 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली थी और इस सीरीज में उन्हें तीन अलग-अलग स्थानों पर इस्तेमाल किया गया। परिस्थिति के अनुसार थोड़ा लचीलापन तो हमेशा रहेगा, लेकिन विश्व कप के लिए छठा और सातवां नंबर उनके लिए सबसे उपयुक्त लग रहा है। बल्लेबाजी में कई बार मैक्सवेल असहज दिखते हैं और हमेशा की तरह, ऐसे पल भी आते रहेंगे जो उन्हें परेशान करते हैं, 'ओह, मैक्सी, तुमने ऐसा क्यों किया?% शॉट। लेकिन फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक मैच जैसे मौके भी आते हैं, जब वह सटीक निशाना साधते हैं और सब कुछ सही निकलता है।

जिस तरह से उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए खुद को संभाला, वह एक शानदार दिमाग की झलक थी। सिंगल्स लेने में नाकाम रहे - यहां तक कि थोड़े समय के लिए, जब बेन ड्वारशुइस जैसे बेहद काबिल आठवें नंबर के बल्लेबाज उनके साथ थे - और आखिरी ओवर में लुंगी एनगिडी की गेंदबाजी को भांपने की कोशिश करते हुए उन्होंने शॉट 'थड 'पर एक फुलटॉस को रिवर्स करके मैच जीत लिया, जबकि पिछली दो गेंदों पर उन्होंने रन नहीं बनाए थे और जरूरत के दो ओवरों में से चार रन बच गए थे।

मैक्सवेल ने कहा, 'मैं शायद पिछली गेंद पर ऐसा करने के बारे में सोच रहा था।%(लेकिन) मुझे लगा कि वह पहले वाली गेंद धीमी करने वाला था ताकि मैं उसे मिडविकेट पर दो रन के लिए मार सकूं। जैसे ही गेंद तेज हुई, मुझे एहसास हुआ कि मैंने शायद गेंद न मारकर गलती की है। मैंने गेंद को इतनी अच्छी तरह मारा कि दो रन नहीं मिल पाए, इसलिए मैंने सोचा, कोई बात नहीं, मैं आखिरी दो गेंदों में से एक पर चौका मारूंगा , उम्मीद है कि चौका लग जाएगा। मुझे लगा कि वह धीमी गेंद नहीं डालेगा।

'हालांकि मैं पहले उससे एक रन ले पाया था, मुझे नहीं लगा था कि यह इतना आसान होगा। मुझे लगता है कि बात थोड़ी ज्यादा बारीक थी। मुझे लगा कि गेंद को वहां तक पहुंचाने के लिए मुझे तेज गति की ज़रूरत है। जैसे ही मैंने गेंद को उसके हाथ से निकलते देखा, मैंने सोचा, कोई भी बल्ला लगाओ और गेंद चली जाएगी। मुझे वो गेंद मिली जो मैं चाहता था और मैं उसे अंजाम तक पहुंचाने में सक्षम था।%

14वें ओवर में जब ऑस्ट्रेलिया को 37 गेंदों पर 51 रनों की जरूरत थी, तब ड्वारशुइस के आने पर अपनी रणनीति के बारे में बताते हुए मैक्सवेल ने कहा कि ऐसा इसलिए था ताकि वह हवा के साथ छोटी बाउंड्री का फ़ायदा उठा सकें। %मैं उस ओवर को जितना हो सके नियंत्रित करना चाहता था और फिर दूसरे छोर से (ड्वारशुइस) पर भरोसा करना चाहता था, जहां उसके पास कुछ और विकल्प थे। मुझे लगता है कि अगर मैंने पहली गेंद पर सिंगल ले लिया होता (जब वह अपनी पारी शुरू ही कर रहा था), तो उसके लिए रन बनाना या तुरंत स्ट्राइक से हटना मुश्किल हो सकता था।


मुझे लगा कि अगर मैं उस ओवर की पांच गेंदों पर नॉन-स्ट्राइकर एंड पर होता और एक दाएं हाथ के बल्लेबाज़ के तौर पर छोटी गेंदें मारता, तो यह थोड़ा जोखिम भरा हो सकता था। अंत में, मुझे लगता है कि मैंने उस ओवर में 11 रन बनाए, जो एक जीत है। इसने गति बनाए रखी। उसके बाद से, मैंने मूल रूप से दोनों छोर पर उस पर भरोसा किया।



जब मैक्सवेल ने कैगिसो रबाडा के आखिरी ओवर में 15 रन बनाए - एक बड़ी बीमर के रबाडा की पकड़ से छूट जाने के बाद फ्री हिट पर छक्का जड़ा - तो मैच तय लग रहा था और ऑस्ट्रेलिया को 12 गेंदों पर 12 रन चाहिए थे। हालांकि, कॉर्बिन बॉश ने 19वें ओवर में डबल-विकेट मेडन लगाकर मैच में नया मोड़ ला दिया। लेकिन एडम जम्पा ने दो गेंदें बचाकर अपनी भूमिका निभा दी थी और मैक्सवेल के पास स्ट्राइक थी। उन्हें अच्छी तरह पता था कि उन्हें क्या करना है।

## एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम में बाबर, रिजवान को नहीं मिली जगह

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले माह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले टी20 एशिया कप के साथ ही त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के लिए भी अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी सलमान आगा करेंगे पर इस टीम में अनुभवी बल्लेबाजों बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं मिली है। एशिया कप से पहले पाक टीम यूएई और अफगानिस्तान के खिलाफ 29 अगस्त से त्रिकोणीय सीरीज भी खेलेगी। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा। एशिया कप के लिए जिन खिलाड़ियों को जगह मिली है। उनमें तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ के साथ ही फखर जमन और खुशदिल शाह भी शामिल हैं। वहीं विकेटकीपर मोहम्मद हारिस का भी टीम में शामिल किया गया है। चयनकर्ताओं ने हसन नवाज, सलमान मिर्जा और सुफयान मोकिम जैसे युवा खिलाड़ियों को भी अवसर दिया है। सलमान को बांग्लादेश में अच्छे प्रदर्शन के लिए टीम में बनाये रखा गया है, जहां उन्होंने तीन मैचों में 5.21 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए थे। पाक टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने कहा, हमने सलमान को बांग्लादेश में उनके प्रदर्शन के कारण टीम में बरकरार रखा है। एशिया कप 2025 में पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, ओमान और यूएई के साथ शामिल किया गया है। इसमें पाक टीम अपने अभियान की शुरुआत 12 सितंबर को ओमान के खिलाफ करेगी। इसके बाद उन्हें भारत के खिलाफ 14 सितंबर को बहुप्रतीक्षित मुकाबला खेलना है।



**टीम इस प्रकार है ÷** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मुकीम।



## डर लगता है जब छावा और कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में बनती हैं...

जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म तेहरान की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। साल 2012 में इजराइली राजनयिकों पर हुए हमलों पर आधारित यह फिल्म सीधे ओटीटी पर 14 अगस्त को दस्तक दे रही है। जॉन बीते कुछ समय में देशभक्त जॉनर की फिल्मों को लेकर चर्चा में रहे हैं। अब एक हालिया बातचीत में, उन्होंने लगातार बन रही राष्ट्रवादी फिल्मों पर अपनी राय दी है। जॉन का कहना है कि ऐसी फिल्में अक्सर कट्टरपंथ की हद तक पहुंच जाती हैं और दर्शकों की भावनाओं को भड़काने से परहेज नहीं करतीं। दिलचस्प है कि इसी साल की शुरुआत में छावा की बंपर सक्सेस की तारीफ करने वाले जॉन अब्राहम ने अब कहा है कि वह कभी छावा या द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में नहीं बनाएंगे। यही नहीं, उन्होंने ऐसी फिल्मों के बनने और दर्शकों पर पड़ने वाले इसके प्रभाव को डरावना भी बताया है। बातचीत में, जॉन ने फिल्मों पर सेंसरशिप के बारे में भी बात की और कहा, सेंसरशिप जरूरी है। लेकिन जिस तरह से इसे कंट्रोल किया जाता है, वह वह जरा सवाल खड़े करता है।

### दक्षिणपंथी फिल्मों को भारी दर्शक मिलना मेरे लिए चिंता

जॉन अब्राहम ने आगे यह स्वीकार किया कि जिस तरह दक्षिणपंथी फिल्मों को ज्यादा दर्शक मिलते हैं। वह चिंता का सबब है। एक्टर ने कहा, मेरे लिए चिंता की बात यह है कि दक्षिणपंथी फिल्मों को भारी दर्शक वर्ग मिलता है। ऐसे में एक फिल्म निर्माता के तौर पर आप खुद से पूछते हैं कि आप किस राह पर चलेंगे – क्या मैं व्यावसायिक रास्ता अपनाऊंगा या मैं अपनी बात पर अड़ा रहूंगा। मैंने दूसरा रास्ता चुना है।

### ऐसे इरादों से बनीं फिल्में मेरे लिए डरावनी

जब जॉन अब्राहम से पूछा गया कि क्या उनका भी मन बॉक्स ऑफिस पर बंपर हिट रही छावा और द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में बनाने का करता है? इस पर उन्होंने जवाब दिया, मैंने छावा नहीं देखी है, लेकिन मुझे पता है कि लोगों को यह और द कश्मीर फाइल्स दोनों पसंद आई हैं। जब फिल्में एक अति–राजनीतिक माहौल में लोगों को प्रभावित करने के इरादे से बनाई जाती हैं और ऐसी फिल्मों को दर्शक मिलते हैं, तो यह मेरे लिए डरावना है। आपके सवाल का जवाब है, नहीं। मुझे कभी ऐसा मन नहीं किया और मैं ऐसी फिल्में कभी नहीं बनाऊंगा।



## सोशल मीडिया पर हम एक्टर्स की हर चीज पब्लिक होती है

अपनी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स में चैलेंजिंग दौर से गुजर रही पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाने वाली वाणी कपूर अपने करियर की चुनौतियों पर कहती हैं, मेरी चुनौतियां लोगों को इतनी दिखाई नहीं देती है, क्योंकि वो इतनी लाउड नहीं रही हैं। मगर कई बार ऐसा हुआ है कि मेरे प्रॉजेक्ट्स लंबे–लंबे गैप के बाद आए हैं तो क्रिएटिव संतुष्टि नहीं महसूस होती। फिर, मेरी आदत है कि मैं खुद को लेकर बहुत आलोचनात्मक हो जाती हूं। खुद के साथ बहुत कठोर हो जाती हूं। मेरी सबसे बड़ी जद्दोजहद ही ये रहती है कि मैं खुद के प्रति दयालु रहूं, क्योंकि मैं खुद भी एक दबाव बना लेती हूं।

### सही क्रिटिसिज्म और शोर का फर्क समझना जरूरी

आज के सोशल मीडिया के दौर में ट्रोलिंग, नेगेटिविटी, खासकर ऐक्टर्स को निशाना बनाया जाना आम है। वाणी इन चीजों को कैसे हैंडल करती हैं? इस पर वह बताती हैं, सोशल मीडिया की वजह से हमारी जिंदगी ही थोड़ी नकली, सतही हो गई है। इसके फायदे भी हैं। यह इतना बड़ा मंच है, जिससे हमारी दुनिया कनेक्टेड हो गई है, मगर यहां हम इतनी चीजें हम देखते हैं और दूसरों से अपनी जिंदगी की तुलना करने लग जाते हैं। इससे हमारी अपनी अहमियत कम हो जाती है। हम हर वक्त दूसरों से मान्यता पाने में लग जाते हैं और हमारी इंडस्ट्री तो वैलिडेशन पर ही चलती है, तो काफी बार स्ट्रगल होता है, लेकिन आपको अपनी अहमियत खोजनी होती है, वरना खुद को खो देना बहुत आसान है।

### एक्टर्स के लिए हर चीज होती है पब्लिक

वो कहती हैं, चूंकि, हम ऐक्टर्स की हर चीज पब्लिक होती है। हमारी सफलता पब्लिक है तो असफलताएं भी पब्लिक हैं। इसलिए, कोई भी राय दे सकता है, जजमेंट पास कर सकता है। ऐसे में, यह समझदारी हमें सीखनी पड़ती है कि कौन सी बात काम की है, जिससे सीख कर आप खुद को बेहतर बना सकते हैं और दूसरा होता है शोर, जिसमें लोग एक भेड़चाल में बात करते हैं, जिसे इग्नोर करना ही एकमात्र तरीका है। वैसे, मेरा मानना है कि सोशल मीडिया पर रहना भी एक सोशल जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को यह जिम्मेदारी समझनी चाहिए कि आपके शब्द किसी पर क्या असर कर रहे हैं। बाकी, उनसे डील करने के लिए मैं मेडिटेट करती हूं। इसके अलावा, आपके पास एक सपोर्ट सिस्टम बहुत जरूरी है।


### रिया थॉमस के किरदार में क्या चुनौतियां आईं?

वहीं, सीरीज में रिया थॉमस के किरदार की चुनौतियों के बारे में वह कहती हैं, रिया का किरदार बहुत अलग है, जो मैंने पहले कभी नहीं निभाया था। वह वैसी अल्फा किस्म की पुलिस ऑफिसर नहीं है। उसकी ताकत उसकी असुरक्षाओं से ही आती है। उसकी एक बहुत इमोशनल जर्नी थी, जिसे मैंने पूरी ईमानदारी से दिखाने की कोशिश की।

### सभी धर्मों में भरोसा, अंधविश्वास में नहीं

वाणी की सीरीज आस्था और अंधविश्वास पर आधारित है। निजी जिंदगी में उनका इन चीजों में कितना भरोसा है? इस पर उनका कहना है, मैं आध्यात्मिक हूं। मैं सबके ईश्वर का सम्मान करती हूं। मेरे लिए सब धर्म बराबर हैं, सारे भगवान एक हैं। मैं एनर्जी में बहुत यकीन करती हूं। मैं मानती हूं कि पॉजिटिव और नेगेटिव एनर्जी होती है और हम जो एनर्जी दुनिया में भेजते हैं, वही हमें वापस मिलती है। अगर आप पॉजिटिव सोचते हैं तो वैसे ही लोग अपने आसपास इकट्ठा करते हैं। जहां आप नेगेटिव सोचेंगे, वही सोच आपकी सचाई और पहचान बन जाती है।

## विकास मनकतला ने स्पेशल ऑप्स 2 के किरदार के लिए 11 किलो वजन बढ़ाया



मनोरंजन की दुनिया में, शारीरिक बदलाव अक्सर एक अभिनेता की लगन और समर्पण का प्रमाण होते हैं। बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज़ 'स्पेशल ऑप्स 2' में अभय सिंह की भूमिका के लिए अभिनेता विकास मनकतला ने इसे एक नए स्तर तक पहुंचा दिया। अपने सामान्य दुबले–पतले शरीर से एक दमदार और मांसल लुक तक और फिर वापस पहले जैसी फिटनेस में लौटने की उनकी यात्रा ने दर्शकों और समीक्षकों को हैरान कर दिया है। अभय सिंह जैसे सख्त और प्रभावशाली किरदार के लिए विक्कस को बड़ा शारीरिक परिवर्तन करना पड़ा। उन्होंने 11 किलो वजन बढ़ाया और शरीर को इस तरह गढ़ा कि वह किरदार की ताकत और गंभीरता को पूरी तरह दर्शा सके। यह बदलाव एक सावधानीपूर्वक तैयार डाइट और कठिन वर्कआउट रूटीन का नतीजा था। इसका परिणाम एक ऐसा दमदार लुक रहा जिसने किरदार की पर्सनालिटी को और भी प्रामाणिक और शक्तिशाली बना दिया। अभय सिंह के किरदार के लिए उनका समर्पण सीरीज़ में एक और परत जोड़ता है, जिससे 'स्पेशल ऑप्स 2' और भी प्रभावशाली हो गई है। अब जब सीरीज़ रिलीज़ हो चुकी है, विकास ने वह वजन कम कर लिया है और अपनी फिट और तराशी हुई बॉडी में वापस आ गए हैं।

## बिपाशा बसु से खुद को बेहतर बताने पर बुरी फंसी मृणाल



बॉलीवुड में स्टारडम के साथ–साथ विवाद भी अक्सर कलाकारों के साथ चलते हैं। हाल ही में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर एक पुराने वीडियो की वजह से चर्चा में हैं, जिसमें वो खुद की तुलना बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा बिपाशा बसु से करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो ने न सिर्फ सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है, बल्कि मृणाल को लोगों के गुस्से और आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ रहा है।

### जब मृणाल ने खुद को बताया बिपाशा से बेहतर

ये मामला तब सामने आया जब मृणाल ठाकुर का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ, जो उनके टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य के दिनों का है। वीडियो में वह अपने को–एक्टर अर्जित तनेजा से बातचीत करते हुए पूछती हैं कि क्या वह मसल्स वाली लड़कियों को पसंद करते हैं। जब अर्जित जवाब देते हैं कि उन्हें फिट लड़कियां अच्छी लगती हैं, तो मृणाल कहती हैं, तो फिर बिपाशा से शादी कर लो। जब अर्जित बिपाशा की तारीफ करते हैं, तो मृणाल बेझिझक कहती हैं, मैं बिपाशा से बेहतर हूं। बस फिर क्या था, अब इस पुराने बयान के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। मृणाल इन दिनों अपनी हालिया फिल्म सन ऑफ सरदार 2 को लेकर भी खबरों में हैं, जिसमें उन्होंने सुपरस्टार अजय देवगन के साथ लीड रोल निभाया है। फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन अब तक बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मृणाल, साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार धनुष के साथ अपनी कथित नजदीकियों को लेकर भी सुर्खियों में हैं।





## 'वॉर 2' और 'कुली' की टक्कर से पहले ऋतिक ने रजनीकांत को बताया अपना गुरु

**14 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों का क्लैश होने वाला है। इसमें एक फिल्म है रजनीकांत की 'कुली' और दूसरी है ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2'। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब इस क्लैश से एक दिन पहले ऋतिक रोशन ने सुपरस्टार रजनीकांत के लिए एक खास पोस्ट किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।**

### 50 साल पूरे होने पर ऋतिक ने दी बधाई

'वॉर 2' और 'कुली' के रिलीज से पहले ऋतिक रोशन ने आज रजनीकांत के करियर के 50 साल पूरे होने पर एक्स पर उनके लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में ऋतिक ने रजनीकांत को अपना बेस्ट टीचर और प्रेरणा बताया है। ऋतिक ने लिखा, एक अभिनेता के रूप में आपके साथ मैंने अपनी शुरुआत की। आप मेरे पहले शिक्षकों में से एक थे। आज भी आप एक प्रेरणा हैं। आपने एक स्टैंडर्ड सेट किया है। पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के 50 साल पूरे होने पर आपको बधाई।

### 12 साल की उम्र में रजनीकांत के साथ फिल्म में नजर आए थे ऋतिक

ऋतिक रोशन ने साल 1986 में आई फिल्म 'भगवान दादा' में रजनीकांत के साथ अभिनय किया था। उस वक्त ऋतिक सिर्फ 12 साल के थे। यही वजह है कि ऋतिक ने रजनीकांत को अपना गुरु को बताया है। हालांकि, 'भगवान दादा' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी।

### बॉक्स ऑफिस का सबसे बड़ा क्लैश

'वॉर 2' और 'कुली' ये दोनों ही फिल्में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। इन दोनों फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इसे इस साल का सबसे बड़ा बॉक्स ऑफिस क्लैश माना जा रहा है। हालांकि, एडवांस बुकिंग में 'कुली' 'वॉर 2' पर भारी पड़ती दिख रही है। ऐसे में इस क्लैश से पहले ऋतिक द्वारा रजनीकांत के लिए पोस्ट करने और उन्हें बधाई देने पर यूजर्स ऋतिक की तारीफ कर रहे हैं।



## 'कुली' में आमिर खान का अहम किरदार, क्लाईमैक्स में रजनीकांत से कड़ी टक्कर

**रजनीकांत की फिल्म 'कुली' 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। इस फिल्म में रजनीकांत के अलावा बॉलीवुड से आमिर खान, तेलुगु सिनेमा से नागार्जुन, कन्नड़ सिनेमा से उपेंद्र राव और मलयालम सिनेमा से सौबिन शाहिर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। खास बात ये है कि आमिर खान इस फिल्म में रजनीकांत के पुराने दोस्त के किरदार में दिखेंगे।**

सूत्रों की मानें तो फिल्म की कहानी 1990 के दशक में चल रही सोने की तस्करी के इर्द–गिर्द बुनी गई है। आमिर फिल्म में रजनीकांत के दोस्त का किरदार निभा रहे हैं, जो कहानी में अहम भूमिका निभाता है। यह कोई छोटा–मोटा कैमियो नहीं है, बल्कि कहानी के महत्वपूर्ण हिस्सों में आमिर की मौजूदगी नजर आएगी।

### बिखर जाती है रजनीकांत की टीम

सूत्र आगे बताते हैं कि रजनीकांत का किरदार देवा नाम के एक पूर्व सोना तस्कर का है, जो अपनी पुरानी टीम को फिर से जोड़कर खोई हुई ताकत वापस पाना चाहता है। उस टीम में आमिर खान का किरदार मुंबई से जुड़ा हुआ है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे देवा और उसकी टीम के लोग सुनहरी घड़ियों के भीतर छुपाई हुई तकनीक का इस्तेमाल करके तस्करी करते थे।

समय के साथ ये टीम देश के अलग–अलग हिस्सों में बिखर गई। आगे जाकर देवा अपने पुराने दोस्तों को एकजुट करता है, जिसमें आमिर का किरदार दाहा काफी अहम है।



### आमिर–रजनीकांत का टकराव

सूत्र ने यह भी बताया कि आमिर ने लगभग सात दिनों तक राजस्थान के जयपुर में इस फिल्म की शूटिंग की थी। फिल्म के अहम सीन नाहरगढ़ और सांभर में फिल्माए गए।

इस दौरान अमिर ने नॉर्मल सीन के साथ ही छोटे–छोटे एक्शन सीन भी शूट किये। फिल्म के क्लाइमैक्स में आमिर और रजनीकांत के बीच लगभग 15 मिनट का जबरदस्त एक्शन सीन है। यह फिल्म के महत्वपूर्ण हिस्सों में से एक है।

### नागार्जुन की खतरनाक एंट्री

आमिर के अलावा 'कुली' में नागार्जुन का किरदार भी काफी अहम है। सूत्र बताते हैं कि नागार्जुन अंग तस्करी के रैकेट के मुखिया के रूप में नजर आएंगे। फिल्म में रजनीकांत का न सिर्फ आमिर, बल्कि नागार्जुन के किरदार से भी टकराव होता है। फिल्म में नागार्जुन का किरदार न केवल खतरनाक है बल्कि बेहद चालाक भी है।



# महिलाओं के लिए सही तरीके वजन बढ़ाने के



व्यायाम करती महिला महिलायें जब भी वजन बढ़ाने के बारे में प्लान करें उससे पहले कुछ जरूरी जांच जैसे – थॉयरायड और शरीर में हार्मोन के स्तर की जांच करा लें। जब भी महिलाओं का वजन आसानी से नही बढ़ता है। महिलाओं के शरीर की मांसपेशियों में फाइबर निर्माण में मदद करने वाले टेस्टोस्टेरॉन का स्तर आसानी से नही बढ़ता है, इसलिए ही महिलाओं की मांपेशियां आदमियों की तरह गठीली नही हो पाती हैं।

वजन बढ़ाने की प्लांनिंग में सबसे पहले अपने डायट पर ध्यान दीजिए, उसके बाद व्यायाम और योगा पर ध्यान दीजिए। अपने डायट में ऐसे आहार शामिल कीजिए जिसमें ज्यादा कैलोरी, वसा और फाइबर हो। इसके साथ–साथ एक नियमित दिनचर्या बनाइए जो वजन बढ़ाने में बहुत मददगार होता है। आइए हम आपकी इस मुश्किल को कम करने के लिए कुछ नुस्खे बता रहे हैं जिनकी मदद से आप अपना वजन बढ़ा सकती हैं।

## सही वजह जानिये

आपका वजन सामान्य से कम है और आप इसके लिए अपनी डायट और लाइफस्टाइल को दोषी मानती हैं। लेकिन, क्या सच में ऐसा है। क्या इसके पीछे हॉर्मोन तो नहीं। इसके लिए आपको अपनी जांच करवानी बेहद जरूरी है। तो जरूरी है कि आप जांच करवाकर इस दुविधा को समाप्त कीजिए। थॉयराइड के चलते भी महिलाओं का वजन असंतुलित हो सकता है। आप सबसे पहले थॉयराइड और शरीर में पाये जाने वाले अन्य हार्मोन की जांच कराइए। अगर जांच में सब सही निकला तो वजन बढ़ाने के लिए अन्य तरीकों को आप जरूर आजमायें।

## आहार योजना

महिलाओं के लिए वजन बढ़ाने वाले खाद्य–पदार्थों को अपने डायट चार्ट में शामिल करें। खाने में हाई कैलोरी वाले आहार को शामिल करके महिलायें अपना वजन बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीनयुक्त भोजन का सेवन अधिक करें। यदि आपको भूख नही लगती है तो दो–तीन घंटे के अंतराल पर थोड़ा–थोड़ा खाइए।

महिलायें वजन बढ़ाने वाले आहार जैसे – साबुत अनाज, गेहूं वाले बिस्किट, ब्राउन राइस, ओटमील, घी युक्त रोटी, मक्खनयुक्त सूप, बाजरे की रोटी, दालें, चावल की खीर आदि का सेवन करें। फलों का रस, फ्रूट जूस, फलियां, कस्टर्ड, अखरोट, बादाम और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य–पदार्थ खायें। रात में सोने से पहले एक गिलास में शहद मिलाकर पीने से वजन बढ़ता है। वजन बढ़ाने के लिए जंक फूड, चिप्स, पिज्जा, बर्गर और तले पदार्थ खाने से बचना चाहिए।


## वजन बढ़ाने वाले व्यायाम और योग

महिलायें वजन बढ़ाने के लिए योग और जिम का सहारा ले सकती हैं। कुछ योग के प्रकार जैसे – शीर्षासन, मत्स्यासन आदि महिलाओं को वजन बढ़ाने में कारगर साबित हो सकते हैं। शीर्षासन अतिसक्रिय शरीर को आराम करने में मदद करता है। वही दूसरी तरफ मत्स्यासन यानी मछली की मुद्रा पेट की मांसपेशियों को मजबूत और गतिशील बनाता है। महिलाओं को वजन बढ़ाने के लिए नियमित रूप से कार्डियो व्यायाम करने से बचना चाहिए, यह शरीर से कैलोरी जलाता है। महिलाओं को व्यायाम के दौरान पानी भरपूर मात्रा में पीना चाहिए। जिम में एक्सरसाइज करने से पहले किसी पेशेवर ट्रेनर की मदद अवश्य लीजिए। वजन बढ़ाने के लिए जरूरी नही कि आप कुछ भी खायें, यह ध्यान रखिए कि वजन बढ़ाने के साथ–साथ आपको अपनी सेहत का भी ध्यान रखना जरूरी है। इसलिए नियमित रूप से व्यायाम के साथ–साथ पौष्टिक आहार अवश्य लीजिए और भरपूर आराम कीजिए। इन तरीकों को आजमाने के बाद भी आपका वजन नही बढ़ रहा है तो चिकित्सक से अवश्य संपर्क कीजिए।

**कुछ लोग मोटापे से ग्रस्त होते हैं वो वजन कम करने की जुगत में लगे रहते हैं और जो लोग दुबले होते हैं उनको वजन बढ़ाने की चिंता रहती है। लेकिन जो महिलायें पतली होती हैं उनके लिए वजन बढ़ान उतना आसान नही होता है। क्योंकि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के मांसपेशियों का घनत्व कम होता है।**

# पुरुषों के लिए एंटी-एजिंग के प्राकृतिक उपाय

**अब खूबसूरत दिखाई देने की चाहत सिर्फ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पुरुष भी अपने लुक को लेकर काफी सजग हो गए हैं। चेहरे पर आते उम्र के निशान उन्हें भी उतना ही परेशान करते हैं जितना कि किसी महिला को। पुरुष भी अब जवां बने रहने और जवां दिखाई देने के लिए हर सम्भव कोशिश करने को तैयार हैं। पुरुषों की इस चाहत और जरूरत को देखते हुए कई ऐसे तरीके आ गए हैं, जो पुरुषों को लम्बे वक्त तक जवां बने रहने में मदद करते हैं। ये तरीके खास तौर पर पुरुषों को ध्यान में रखकर ही तैयार किए गए हैं।**



## पुरुषों के लिए एंटी–एजिंग उपाय

हालांकि, उम्र के असर की निशानियां जैसे लकीरें और झुर्रियां आजकल के पुरुषों को परेशान करती रहती हैं। लेकिन, कुछ पुरुष सर्जरी करवाकर इन्हें हटाना नहीं चाहते। ऐसे लोगों के लिए ही कुछ उपाय हैं जो बेहद असरदार हैं। आइए जानें ऐसे ही पांच शानदार उपायों के बारे में–

## धूम्रपान को कहें ना

धूम्रपान से आपके शरीर पर उम्र का असर जल्द दिखायी देने लगता है। धूम्रपान का आपके शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। और यही लक्षण आपकी त्वचा पर भी परिलक्षित होने लगते हैं। जब आपकी त्वचा सगिरेट से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आती है,तो उसे काफी नुकसान होता है। यह प्राकृतिक रूप से स्वस्थ त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उसकी ऊपरी परत को नष्ट कर देती है। इससे त्वचा को जवां बनाए रखने वाला एलस्टिन प्रोटीन भी खत्म हो जाता है। धूम्रपान करने से आपके चेहरे पर झुर्रियों का असर जल्द नजर आने लगता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन रक्त कोशिकाओं को सिकोड़ देता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन और जरूरी पोषण सही मात्रा में नहीं पहुंच पाते। अगर आप एक स्वस्थ और जवां त्वचा चाहते हैं तो सबसे पहले आपको धूम्रपान से तौबा करनी चाहिए।

## व्यायाम कीजिए जवां रहिये


नियमित व्यायाम करना आपके शरीर की शक्ति और कार्यक्षमता बढ़ाता है। इससे आपकी त्वचा भी अधिक कसी हुई रहती है। नियमित व्यायाम न करने और असंतुलित जीवनशैली अपनाने से आपके शरीर की कार्यप्रणाली धीमी हो जाती है और इसका असर उम्र अधिक दिखने के तौर पर सामने आने लगता है। व्यायाम से आपके शरीर में रक्त–संचार सुचारू रूप से होता है। और शरीर के हर अंग को पर्याप्त मात्रा में रक्त मिलता है। जैसे–जैसे हमारी उम्र बढ़ती है तो कई बार टांगों और हाथों को पूरी पोषण नहीं मिल पाता। व्यायाम के दौरान आपके शरीर से पर्याप्त मात्रा में पसीना निकलता है। इस पसीने के जरिये आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर का प्राकृतिक माश्चराइजर सीबम ऑयल भी बाहर निकलता है।

## भरपूर नींद लीजिए

अगर आप भरपूर नींद लेते हैं तो आपको उम्र के असर को दूर रखने में काफी मदद मिल सकती है। अगर आप अच्छी नींद सोते हैं तो आपकी सेहत भी अच्छी रहती है। कोशिश करें कि आपके सोने और उठने का समय एक जैसा हो।

## ध्यान और योग

योग और ध्यान के जरिये भी आप उम्र के असर को दूर रख सकते हैं। योग और ध्यान आपको केवल मानसिक रूप से ही शांत नहीं रखते बल्कि आपको शारीरिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। इनसे आपको तनावमुक्त रहने में मदद मिलती है। इससे आपके शरीर में रक्त संचार सुचारू रूप से होता है। इसके साथ ही दिल की बीमारियां, मोटापा और त्वचा की जलन से भी राहत मिलती है। इससे हमारी रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती और आप बीमारियों से दूर रहते हैं।



# अस्वस्थ मोटापे का इलाज कैसे करें

**रुग्ण मोटापा यानी मोरबिड ओबेसिटी एक गंभीर समस्या है। इसके कारण आदमी को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इस बीमारी से कैसे बचा जाए और अगर आप इसके शिकार हो ही गए हैं तो कैसे इससे निजात पायी जाए।**



मोरबिड मोटापे से ग्रस्त आदमी रुग्ण मोटापा या मोरबिड ओबेसिटी उस स्थिति को कहते हैं जब बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की रेटिंग 40 से अधिक हो जाती है। यह स्थिति धीरे–धीरे शुरू होती है और समय के साथ शरीर का वजन बढ़ता जाता है। रुग्ण मोटापे से ग्रस्त लोग को कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्यायें होने लगती हैं। जीवनशैली, मेटाबॉलिक समस्यायें, वंशानुगत, खान–पान की खराब आदतें इसके प्रमुख कारण हैं। इसके कारण उच्च रक्तचाप, हृदय समस्यायें, गैस्ट्रोइंस्टेस्टाइनल रीफ्लक्स रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। अमेरिकन ओबेसिटी एसोसिएशन के अनुसार रुग्ण मोटापा यानी मोरबिड ओबेसिटी एक गंभीर समस्या है, इसके कारण आदमी को कई प्रकार की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## मोरबिड ओबेसिटी का उपचार

मोरबिड ओबेसिटी से छुटाकारा पाने के लिए बाजार में कई विकल्प मौजूद हैं। जिनकी सहायता से शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है परहेज, व्यायाम और खान–पान में सुधार। आइए हम आपको कुछ तरीकों के बारे में बताते हैं जिनके जरिए अस्वस्थ मोटापे को कम किया जा सकता है।

## आहार योजना

अस्वस्थ मोटापे को नियंत्रित करने की शुरुआत अपने खान–पान से कीजिए। आप यह देखिए कि नियमित रूप से आप कितनी ज्यादा कैलोरी ले रहे हैं। अगर आप ज्यादा कैलोरी का सेवन कर रहे हैं तो उसे कम कीजिए। एक डायट चार्ट बनाइए और उसके अनुसार ही खाइए, आपके डायट चार्ट में सारे पौष्टिक तत्व मौजूद होने चाहिए। बेहतर होगा अगर आप एक बार में अधिक भोजन करने के बजाय थोड़ा–थोड़ा खाना कई बार में खाइए। खाने में सलाद का इस्तेमाल ज्यादा कीजिए। मसालेदार व तैलीय खाने की बजाय ब्रोकली, कैबिज और कई तरह के सलाद खाएं। खाने से आधा घंटा पहले और खाने के आधा घंटा बाद पानी पीजिए। सोने से दो घंटा पहले खाना खा लीजिए, इससे खाना अच्छे से पच जायेगा। अपने लिए मुफीद डायट चार्ट बनाने के लिए आप किसी विशेषज्ञ की सहायता भी ले सकते हैं।

## व्यायाम

अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, मोटे लोगों को एक सप्ताह में कम से कम 150 मिनट (22 मिनट प्रत्येक दिन) तक व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एरोबिक्स, जॉगिंग, वॉकिंग, रनिंग आदि करना चाहिए। इसके अलावा योगा भी किया जा सकता है, योग के कुछ आसन जैसे – त्रिकोणासन, कोणासन, उत्पादासन, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार, गरूड़ासन आदि वजन कम करने में सहायक हैं। व्यायाम और योग करने से हार्ट अटैक, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, आदि नियंत्रित रहता है।

## सर्जरी

जिन लोगों का बीएमआई 40 या उससे अधिक है वो इसे कम करने के लिए सर्जरी की सहायता ले सकते हैं। इसके लिए बेरियाट्रिक सर्जरी और गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी करावाया जा सकता है। बेरियाट्रिक सर्जरी में पेट के कुछ हिस्सों को सील किया जाता है जिससे आदमी ज्यादा खाना न खा सके। सर्जरी कुछ लोगों के लिए वरदान साबित होती है और इसके बाद वे सामान्य जीवन यापन कर सकते हैं।

## अस्वस्थ मोटापा नियंत्रित करने के लिए अन्य सुझाव

ज्यादा से ज्यादा ताजे फल और हरी सब्जियां खायें। तला–भुना खाने से परहेज कीजिए। नियमित व्यायाम बहुत जरूरी है। धीरे, परंतु लगातार वजन कम करें। ज्यादा उपवास न करें। थोड़–थोड़े अंतराल पर थोड़ा–थोड़ा खाना खायें। भोजन में चीनी, चर्बीयुक्त खाद्य पदार्थ और अल्कोहल कम लें। कम चर्बी वाले दूध का सेवन करें। अस्वस्थ मोटापे को नियंत्रित करने के लिए पानी का अधिक सेवन करें। पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। इसके अलावा सकारात्मक सोच का होना बहुत जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ नियमों का पालन कीजिए, मोटापा जरूर नियंत्रित होगा।